पच्यौ प्रथ्थ वीरं रघूबंस राई ।
जिन्हें सन्धि कंधार गोरी गिराई ॥
पच्यौ जैत बन्धं सु पावार भानं ।
जिनें भंजियं मीर बानैति बानं ॥११२॥
पच्यौ जोध संग्राम सो षंक मोरी ।
जिनें कढ्ढियं बैर गोदंत गोरी ॥
पच्यौ दाहिमो देव नरसिंघ अंसी ।
जिनें साहि गोरी मिल्यौ षान गंसी ॥११३॥
पच्यौ बीर बानैत नादंत नादं ।
जिनें साहि गोरी गिल्यौ साहिजादं ॥
पच्यौ जावलो आल्हनैं सैन भव्वं ।
हुए सार सुब्बं निकस्सन्त नव्वं ॥११४॥
पच्यौ पावरूनं बन्ध मालन्न राजी ।
जिनें अग्ग गोरी क्रमं सत्त भाजी ॥
पच्यौ बीर बड्डुजन सारंग सोरं ।
बजी दोइ षेहं ज आकास तोरं ॥११५॥
पच्यौ राव भट्टी अरं पंच पंचं ।
जिनें लुथ्थि कीं पंच पचास संचं ॥

पच्छी भान पुण्डीर तौ सोम कामं।
भिड़े जुझ्झयं बज्जयौ पंच जांमं ॥११६॥
पच्छी राउ परसङ्ग सधु बन्ध भाई।
तिने तुट्टि ष'सं छिनं मंझि पाई॥
पच्छी साहि गोरी भिरै चाहुआनं।
कुसाई कुसादे चवै मुष्ष थानं॥११७॥

## कवित्त।

दस हथ्थी हुबिहान साहि गोरी मुष किन्नौं।
कर षकास बादौ ततार चवकोद स दिन्नौं॥
नारि गोरि अंबूर कुहक वर बान षघालं।
गज्जि भग्ग प्रथिराज चित्त करयो अकुलालं॥
सो मोह कोह वर बज्जिकैं वज उत धारय धमसि कैं।
सामन्त सूर वर बीर वर उठे बीर बर हमसि कैं॥११८॥
षह षह ओजमह मोर उड़ि सङ्ग केरो।
तब गोरी सुरतान रोस सामन्तह घेरो॥
चन्न अवन चौंडोल अग्ग सेषन पंचासौ।
सूर कोट छै जोट सार मार नह हुलासौ॥
बर षगनि बगौ हलौ मद्दीं पहर कोट सुजोट हुष।
बर बीर रास समरह परिय सार धीर बर कोट हुष॥११९॥

## रसावला।

मिलि साहं भरं षग्ग षोले करं।
हिन्दु मेछं जुरं मल्ल आ जंभरं॥१२०॥
दन्त काढ़्ढे करं उप्पमा उप्परं।
चोंद भोलं जुरं कोपि काढ़्ढे करं॥१२१॥
कान्ध मनं धरं पंच जप्पं फिरं।
तौर नंषे करं मेघ वुद्दं बरं॥१२२॥

आवधं संभारं बहु तेगं करं।
चन्द बीजं वरं मद्द मद्दं धरं ॥१२३॥
बीय बंध्य धरं किम्मि जंपे सरं।
मस्सु ढुएढे फिरं रम्भ वच्छे बरं ॥१२४॥
थान थानं नरं धार धारं तुटं।
भ्रंम वासं कुटं ... ... ... ॥१२५॥
साह गोरी बरं षग्ग षोले करं।
... ... ... ... ॥१२६॥

## कवित्त।

षां षुर सान ततार विभ्भि दुज्जन दल भष्षे।
वचन स्वामि उर षटकि हटकि तसबी कर नंषे॥
कजल पंति गज विथुरि मध्य सेनां चहुआनो।
भजे मानि जे रारि वियम तेरह चपि प्रानो॥
धामन्त फिरस्तान कढ़ि भमी दहति पिण्ड सामन्त भजि।
बर बीर भीर बाहन कष्टर परे धांह चतुरंग सजि ॥१२७॥

## भुजंगी।

पम्यौ रघ्घुबंसी भरी सेन जाड़ौ।
हुतौ बाल वेसं सषं लज्ज डाढ़ौ॥
बिना लज्ज पष्षे सचौ ढुंढि पिथ्थौ।
मनौं डिम्भरू आनि कै मीन क्राथ्थी ॥१२८॥
पर्यौ रूक रिन् बट्ट अरि सेन माहौ।
मनौ एक तेगं भरौ नीर दाहौ॥
फिरैं षण्ड बड्डे उपम्मान बट्टे।
विम्मंकम्म बंसी कि दारुच गट्टे ॥१२९॥
परे हिन्दु मेच्छं उलथ्थौ पलथ्थौ।
करे रंभ भेरं ततथ्थे ततथ्थौ॥
गहे षप्पर गिध्धं बरं जे करालौ।

मनो नाल कट्टे कि सोभै मृनालो ॥१२०॥
तुटे एक टंगारि के पग्ग घायौ।
मनौं विक्रमे राइ गोविन्द पायौ॥
गहै हिन्दु हत्थं मलेच्छं भ्रमायौ।
जनौं भीम हत्थीन उप्पम्म पायौ ॥१२१॥
मनं मानवं सुद्ध दानव्व ऐसौ।
मनं चंद तारक्क भारथ्थ कैसो॥
झलं बज्जि झंकारयं झंपि उट्ठै।
बरं लाह पच्छं अधं पच्छ छुट्टै ॥१२२॥
ममो सिंघ उभ्भै भरझल्ल छुट्टै।
रनं देव सार्दू सच भाव घुट्टै॥
घनं घोर हुक्कं उतकंठ फेरी।
लगे भग्गरें हंस हक्कार एरी ॥१२३॥
तुटै दण्ड मुण्डं बरं जो करीरो।
बरहाइ रीझै दुझं दिग्घ भेरी ॥१२४॥

## कवित्त।

पच्छै भी संग्राम भग्ग मच्छुर विचारिय।
पुच्छे रथ्थ निमिका भज्ज चित्त किम भारिय॥
तब उत्तर दिय फेरि भज्ज पहुनाई भाइय।
रथ्थ बैठि चौथाल्ल सोभ तब कन्त न पाइय॥
भर सुभर परे भारथ्थ भिरि ठाम ठाम छुप जोत सथ।
उथ्थोय पत्र हसै चल्यो सुथिर सभी देखीय नथ ॥१२५॥

## कुण्डलिया।

कहै रथ्थ सुनि मेनकनि एरहु जिन मत जाय।
परिय भगंमति जानि करि छुति पावें पह रथ्थ॥
छुति पावें पह रथ्थ ब्रह्म शिवलोकह छण्डी।

विश्व लोक मध करै भान तन सों तन मध्यो ॥
रोमंचि तिलक्क वसि करी इन्द्र वधू पूजन जहीं ।
चौपध्य जोग तन छुध बहुरि चव तारन बरहै कहो ॥१२६॥

## कवित्त ।

खां हुसेन हरि पथ्यो अथ्य फुनि पथ्यौ सार बहि ।
भुजभ्भ फेरि सति सीव चाम उज्जवल्ल सेत रहि ॥
खां ततार मारूफ खान खाना घट घुम्मै ।
तब गोरी सु विहान आइ दुज्जन सुघ भुम्मैं ॥
कर तेग भज्जि मुद्धिय सुबर नहि सुलतानह पन करी ।
चदिहार दीह पलटे सुबर तबहि साहि फिरि पुक्करी ॥१२७॥
तब साहिब गोरी नरिन्द सतबान समाहिय ।
पहिल बान बर बीर हनै रघुवंस गुसाँइय ॥
दूजैं बानत कण्ठ भीम भट्टी बर भष्षिय ।
चाहुआन तिय बान बान चहं धरि भज्जिय ॥
चहुआनक भान सु संधि करि तीय बान हथ हथ रष्षिय ।
तब लग्गि चम्पि प्रथिराज नें गोरी वै गुज्जर गष्षिय ॥१२८॥
गहि गोरी सुरतान षान हुस्सेन उपाड्यो ।
खां ततार निसुरत्ति साहि भोरी करि डाड्यो ॥
चामर छत्र रषत्त तषत लुट्टे सुलतानी ।
जै जै जै चहुआन बजी रन जुग जुग बानी ॥
गज बन्धि बन्धि सुरतान कों गय ढिल्ली ढिल्ली नृपति ।
नर नाग देव अस्तुति करैं दिपति दीप दिव लोक पति ॥१२९॥

## दूहा ।

समै एक बत्तो नृपति बर बंध्यौ सुरतान ।
तपै राज चहुआन यों ज्यों ग्रीषम मध्यान ॥१४०

कवित्त ।

मास एक दिन तीन सांझ सङ्कट में रंधौ।
करिय अरज उमराउ दण्ड हय माङ्गिय सुद्धौ ॥
हय अमोल नव सहस सत्त से दिन ऐराकी ।
उज्जल दन्तिय अट्ठ बीस सुर ढाल सु बंकी ॥
नग मोतिय मानिक नवल करि सलाह संमेल करि ।
परि राइ राज मनुहार करि गज्जनवै पठयौ सु घरि ॥१४१॥

---

## II. NALHA.

Nalha is not mentioned in the Modern Vernacular Literature of Hindustan. According to the Misra Bandhu Vinod, Nalha was a Raja and composed his Bisaldeva Rasau in 1354 V.E. corresponding to 1297 A.D.

The date of the composition is given in the following lines:—

बारह सौ बहोत्तरां मंझारि जेठ बदी नवमी बुधवार,
नाल्ह रसायण आरम्भइ, सारदा तूठी ब्रह्मकुमार ।

The date is clearly 1272 not 1220 as the Misra Brothers say, and their calculation showing that the date is inaccurate is therefore hased on wrong data.

1272 V.E. will correspond to 1216 A.D. and we have reason to believe that Nalha was a contemporary of Bisaldeva. The book is in four parts. Part I deals with the marriage of Bisaldeva of Sambhar with Rajwati daughter of Raja Bhoj of Malwa. Part II discribes the departure of Bisaldeva on a conquering expedition to Puri whose Raja acknowledged him as his suzerain. Part I I I depicts the sorrow of Rajwati during the absence of Bisaldeva and the latter's return. Part IV describes Bajwati's departure to her father's house and Bisaldeva's visit to Malwa to bring her back to Ajmere. Bisaldeva is the same as Vigraharaj IV who reigned from 1153 to 116 A. The famous Prithviraj was the son of his brother Someswara.

Vigraharaj a himself was a great poet and was a patron of learning. His work Harakeli Nataka, (composed in 1220 Sambut) parts of which inscribep on stone slabs are preserved in the Rajputana Museum, Ajmer, is described in the Indian Antiquary Vol. xx, p. 201, where Dr. Kielhorn says: "Actual and undoubted proof is here afforded to us of the fact that powerful Hindu rulers of the past were eager to compete with Kalidasa and Bhavabhuti for poetical fame." According to the Bijolian inscription (verse 22) Vigraharaja conquered Delhi. The Delhi Siwalik Pillar inscription of 1164 A.D. says that he conquered the country between the Vindhya and the Himalaya Mountains and cleared the country of Aryavarta of the Musalmans and again made it Aryavarta, the abode of Aryas. "(J.R.AS. 1913 p. 276 note).

The book Bisaldeo Rasau is in the old Rajputana Hindi and every difficult word has therefore been explained in Hindi.

## नल्ह रचित—वीसलदेव रासो।

प्रथमू ग्णमन्त अञ्जनी पूत
भूल्यो अक्षीर आणज्यो सूत।(१)
कर जोड़ै नरपति कहंइ
धार धी(२) आवज्यों भोज नरेश।
मातु पिना मैलावड़ो (३)
सांभल्या रास(४) होई प्रुग्ध प्रवेश ॥१॥
रानांदे भोली यों सुदिज भरतार।
रुक्मिणी मिलो ज्यों कृष्ण आधार॥
चन्द्र मिल्यों ज्यों रोहिणी।
माल्ह रसायण नर भणाई।
राणी मिली राय नरयन्द ॥२॥
गढ़ अजमेरा उत्तिम ठाई।
राजकरै वीसल दे राई।
चउरास्या(३) जे कई पति धणा,
राज कुम्अर आव्या(४) सब कोई,
भोल रते राजा तरी(५)
मान अधिक दियो सब कोई ॥३॥
बोलै वीसल दे परधान।
राय कुम्अर आयौ बहुमान।
राज कुंवर तेड़ावीयो(६)
पा पटोला कूंलह कबाई,
दीधो(७) सोनो सोलहो(८)
तिलकोट दीधी तिणीठाई ॥४॥

---

१ सूत सै। २ री। ३ मिलन। ४ सुणनेसे। ३ सामन्त। ४ आया। ५ वास।
६ टेराना, बुलाना। ७ दिया। ८ सीलवां सौना—उत्तम सोना।

राय कुंवर बन्ध्यो सिर मौर,
तारागढ़ सुदुरंग चीतोड़,
राय भतीजो थापियो,
गढ़ अजमेरा उत्तिम ठाय,
कर जोड़े नरपति कहई,
राज करै तहं बीसलराय ॥५॥
कुंवर सन्तोष्यो मन हरष्यो राई,
धार नगरी बधाऊ आई ॥
तेड़ो(१) प्रोहित राय को,
चीटी(२) लिखी आप कि(३) हाथ,
धार नगरी थे गम करौ(४)
राजा भोज चिठी ले आयो साथ ॥६॥
आईस दीधौ(५) बीसलराई।
प्रोहित पीम लायो(६) तिणी ठाईं ॥
लै मझरत द्विज चालियो,
का बीस दियो छड़ राई,
बांटइ भोथा लिखा करउ(७)
पवन वेग जोस थानौकि जाई ॥७॥
चल्यो प्रोंहित मालगिर(८) देस,
वस्त्र काषंबर(९) अरु भला वेस,
हांथ कमण्डल झलमलइ,
ब्राह्मण वेद भणइ भुणकार,
राति दिवस करि चलीयइ
पन्नरमइं(१०) दिवस पहुंचो तिण ठांर ॥८॥
कोट को बीसा(११) नयर बीसाल,
धार नगरी भई गमकरीउ,

---

१ टेरा—बुलाया २ चिट्ठी। ३ अपने। ४ गमन। ५ दिया। ६ भिजना। ७ कर से, हाथ से। ८ मालव गिरि मालवा। ९ कषायांबर भगवा। १० पंद्रहवें। ११ दुर्गम।

नयर नौवपम रूवड़ी(१)
सबल सोनारी(२) पौल(३) पगार,
माथे तिलक केसरितणौ(४)
जाइ पहुंचो सींहदुवार(५)
ब्राह्मणराज कीयो प्रवेश,
सोई विजोरो द्विज मिल्यो हो नरेश,
राज जमाई घरि आवीयउ (६)
उठयो राइ गयो रणवास,
अन्तेवर(७) सहु(८) को कियो,
राजमती को पूरी आस ॥१०॥
आयो राजा साम्भल्यो(९) राई,
ततखण बजण(१०) निसाणे घाव,
राजा भांडइ उछव हुवउ,
ब्राह्मण दियो बहुत बसाव(११)
जोस संजोगी सुणा वियण(१२)
सुणी बयण हरख्यो मनराय ॥११॥
राजा भोज बोलै तिणी ठाईं,
देश देसांरा तेडावो(१३) राई,
तोड़ चौहण(१४) दल मिलइ,
बाजइ पडह पखावज भेर,
असी सहस्र हाथी गुड्या(१५)
भाणुं न सूझइ उठी रज रेण ॥१२॥
बाजइ पड़ह पखाउज पूर,
ढेरत निसाण राजै रणतूर,
बीर घण्टा तणां झणझणकार,

---

१ बरा सुन्दर। २ सोनिका। ३ पैरी। ४ का। ५ सिंहद्वार। ६ आया। ७ अन्तःपुर। ८ सब। ९ सुना। १० नौबतो। ११ प्रसाद, इनाम। १२ सुनाया। १३ बुलाओ। १४ चारोंदिशो। १५ सजे।

मेघाडम्बर छत्र सिर दियो राय,
अम्बर वासउ दी दियों मौलाव(१) ॥१३॥
दुर्ग चीतोड़ सुशोभित ठाई,
ततखण राय पहुंच्यो आई,
ठाम ठाम हुरो हुवा,
भोजन भगति करइ तीखौ(२) वार,
साथे चालइ राव की
गढ़ अजमेरा पहुंच्यो आई ॥१४॥
चिहुं खण्डा का मौलीया छइ राय(३)
गढ़ अजमेरा पहुंच्यो आई,
आगइ प्रोहित चालियउ।
जाइ उमोरह्यो(४) सौंह दुवार,
राजमती देइ वधांमणी(५)
आयो राजा भोज पँवार ॥१५॥
राजा भोज आो यो तिणी ठाई,
सामुहे आयो छइ वीसलराई,
गढ़ अजमेरा राजी यौ,
राजा भोज मे वीसलराई,
दोई राजा मेलावड़ौ(६)
राजा भोज चल्यो गढ़ माहिं ॥१६॥
राजा भोज आयो तिणी ठाईं,
राजमती हरषी मन माहिं,
कुंवर मीलइ आई आप हुई,
लेइ उछंगति(७) भोज कुमार,
कुमली पुत्री है मीखा,
आज जनम राजा सफल संसार ॥१७॥

---

१ डेरा, स्थान। २ उस। ३ है। ४ मिलना, सत्कारीना। ५ बधाई। ६ मिलाप किया। ७ उछाह से।

घणी भगति करे सांभरयो(१) राव,
पाट पटोला झुलह कवाई,
उज्जल मोती सौं पूरयो,
भोजन भगति करे लिपी ठाइँ,
कर जोड़े नरपति कहइ,
राजमती मुकलावउ(२) राव ॥१८॥
भोज कुंवर मुकलावो राय,
आंतर वासो दियो तिणी ठाइँ,
मान अधिक तहां आपीयो(३)
कुंवर बोलावै बीसल राय,
राई बुलावे बाहुड़या(४)
जाइ मिलाय दियो तिणी ठाइँ ॥१९॥
राजमती ले आयो राई,
देश मालागिर(५) सेन पठाई,
थाणै आयो राव आपणों
घर घर तोरण मंगल चार,
घर घर गुड्डी उछली(६)
हुवउ वधावउ(७) नगरी धार ॥२०॥
कुमरी गई अजमेर(८) माहिं,
पाट मरुांदे (९) राणी मिले कै माई.
अजमेर सब को मिलई।
मिल्या सहोवर(१०) भोज कुमार,
नयणते आंसू खेरीया(११)
राजमती मिली तिणिंवार ॥२१॥
अजमेर माहीं रमई राजकुमारि,
दुख सुख माई पूछइ तिणीवार,

१ सांभरका। २ भेजो। ३ अर्पण किया। ४ बहुरके पुनः। ५ मालवा। ६ गुड़ीउछला आनन्द बधावा होना। ७ बधावा। ८ अजमेर। ९ मदान्दे भोज की रानी। १० सहोदर। ११ गेरिया गिराया।

कहौ पुनी राई जिमि गयउ,
रंग भरी रमणी माछीग्रे(१)खेल,
मछीबीष(२) जीमइ मोवसई,
एकै वचन की चाल्यो मेल्ही(३) ॥२२॥
श्रावण मास सुहावणो होई,
सखी सहेली खेलैं सब कोई,
कुम्वर रमइ राजा भोज को,
पहिले श्रावण खेलवा जाई,
सखी(४) समाणी(५) सबमिलीं,
काहि कुम्वर की सी वीसल राई ॥२३॥
राई भली चोसी पुण्यमचन्द
गोकल माहिं सो है जिमि गोविन्द,
ईसो राजा सो भरि तिणौ,
राय मूगट(६) रायां सिर चङ्ग,
चउरासा अे के उलगे,
राय वदन जैसे पूरण चन्द ॥२४॥
आसोज(७) मास सुहावन उ होई,
घर घर पूज करै सब कोई,
पूजो देख्यां मन हरखियो,
वह मांदल(८) वाजइ तिणी ठांई,
दीवाल्यां(९) कइ आगली,
धूरि दरावै चाल्यो राय ॥२५॥
धूरि दसरावै(१०) चाल्योराय,
वाजित्र वाजई निसाणी घाव,
चउरासा सहु(११) चालीय।
सात सै हाथी मत्त मयन्द,

---

१ मधाग्रा। २ अहिविष सांप। ३ छोड़कर। ४ सखी। ५ स्वामिनी। ६ मुकुट।
७ आश्विन। ८ मन्दिर। ९ देवालय। १० दशहरा। ११ सब।

असो सबल साहण(१) मौलै,
राइ बीसल जैसे पून्यम(२) चन्द ॥२६॥
मिल्या चौरास्या रायाँ राण,
आइ अजमेरह दियो मिल हाथ(३)
गढ़ अजमेरो राजीयो,
मेघाडम्बर सिर छत्र दियो राई,
भाट वाडव(४) तहाँ उचरैं,
धनि धनि हो बीसल चहुवांण ॥२७॥
चल्यो राय दियो बहुमान,
काथा सुपारी पाका पान,
चलणो(५) चाल्यो राइ आपणई,
हियडइ हरख मन रंग अपार,
सुभट सेना राज तणी,
जाइ कै पहुंची मालव(६) धार ॥२८॥
धारा नगरी बीसलराव,
सामहौ(७) आयो भोज पंवार(८)
कुशल रस प्रसन्न हुवौ,
दासी दी कौला(९) मिलो तिणि ठाइ,
नगर लोक सब को मिल्यो,
आइ सुहाव्यो बीसलराव ॥२९॥
धनि जननी जिंन जायो बीसलराव,
बीसल सम नहिं कोई भुआल,
रूप अपूरब पेखियौ,
लांबण लाडु भरी पकवान,
सेना सहित राई जीमियो(१०)
राइ भतीजी भोज दे बहु मान ॥३०॥

---

१ घोड़ा। २ पूर्णिमा का। ३ डेरा। ४ विरुदावली। ५ रवाना में, पहुनाई। ६ राजधानी। ७ सन्मुख। ८ सामने। ९ राजा। १० कौलादेवी नाम की दासी। ११ जीमना भोजन करना।

राजा भोज बोलइ तिणी ठांई,
पाटी बैठारयो बीसल दे राई,
गढ़ अजमेरां राजीयो,
माणिक मोती चौक पुराई,
दीया चीरोदक(१) पहिरावइ,
राजकुंवर देसाडी आंबी(२)
मोती का आखा(३) किया,
अन्त वर सहु जोवइ(४) छइ राई ॥२१॥
करि पहिरावण भोज संजूत,
दीधा पेई(५) भरी बहूत,
हाथी दीधा अति घणां,
पाखरया दीधा तरल तुखार(६)
पहिरावण राजा करी,
उछव गुड़ी भोज दुवार ॥२२॥
अन्तेवर सई मिल्यइ कुवांर,
दीधा मोती नवसर हार,
कूंकूं(७) काजल सहस संजूत,
खायो पीयो घरि आपणइ,
अविचल राज करउ बहूत ॥२३॥
राजमती सुकलावी राई,
पाट महादेराणी बदन कराई,
कुंवर चली तो घर आपणइ,
बाजइ पड़ह परवाउज भेर,
भोज बोलावे आइयो,
चल्यो राजा गढ़ अजमेर ॥२४॥
बाजइ गुहरि निसाणे घाव,

---

१ चीरोदक एक=प्रकार का बारीक और बहुमूल्य वस्त्र। २ पान। ३ अक्षत। ४ देखता है। ५ सन्दूक पेटारी। ६ १ घोड़। ७ कुमकुम।

दुरंग चीतोड़ पँहुच्यो राइ,
अन्तरवासइ गम कियो,
सांभर धवँ आवीयो राव।
चौरासा सहु आडुंड्या,
ठांमि ठांमि घर आव्यो कहइ राव ॥२५॥
गढ़ अजमेर पहुंची आई,
बाजिब बाजइ निसाणो घाव,
गढ़ माहिं गुड्डी उछली,
कुँवर सहित लागै छइ पायं,
राइँ अवासां सञ्चर्यो
सेज पधारयो सांभर राव ॥२६॥
राजमती धण कायों सिङ्गार,
गल पहिरयो टङ्काउली हार,
पहिर पदारथ कांचुवड़,
कण्ड न माणइ सारद की हास,
राजा राणी सौं मिलइ,
पढ़इ सुणइ सब पूरइ आस ॥२७॥
भयो रसायण लीलविलास,
नाल्ह कहै सब पूज्यो आस,
रास रसायण उपजई,
गढ़ अजमेरा उतिम ठाइँ,
नाल्ह रसायण आरंभई,
रास चवी(१) तिथि बीसलराइ ॥२८॥
सांझ समय धण कियो सिङ्गार,
सिरइ मऊमद(२) गजमती हार,
कानि कुण्डल दाड़ीमां(३)
पहिरी पटोली झीणई(४) अंगी(५)

---

१ प्रगट किया। २ मयमद, मृगमद। ३ दाडिम। ४ महीन। ५ चोला।

कूं कूं भरी कचोलड़ी,
बाधिनो सेज पटोलैं आई,
स्वामी हुइ सांसो(१) पड्यो,
झोली(२) हरखांवो उपमजाई ॥३८॥
चौथा(३) कोलैहंगो झूगाको ताव,
ठमकि ठमकि धमि दे छह पांय,
आवो अवासह(४) सांचरी(५)
हिय उह हरषि मनरंग अपार,
धन दीहा उउ(६) आज काउ.
कुँवर जगायउ छह वीसलराव ॥४०॥
जब लगि महीयल(७) उगइ सूर,
जब लग गंग वहइ जलपूर,
जब लग पृथमी में जगन्नाथ,
आयो(८) राजा सिर दीधो हाथ,
रास पढ़ंतो राव को,
वाजइ पडह पखाउज भेर,
करजोड़े नरपति कहइ,
अविचल राजकियो अजमेर ॥४१॥
ज्यों तारागण मिलियो चन्द्र,
गोकल माहि मिलइ जिमि गोविन्द,
ज्यों उलोगांणइ घरी मिल्यो,
गढ़ि चलि गांवइं कीधीं वास,
मनं का मनोरथ पूरव्या,
अथइं सुणइं तिणो पूरज्यो आस ॥

इति राजा बीसलदे रावे राजमती विवाह सम्पूर्ण भवति ।

---

१ जिसको । २ एक बार । ३ आवास । ४ संचार किया । ५ दिन । ६ महीतल । ७ जिस ।

## III. KESHO DAS.

Kesho Das is known to us as the suthor of Ramchandrika and as the first of those writers who devoted themselves to the technical development of the art of poetry and as he is one of the greatest masters of the poetic art and his works are masterpieces of Hindi literature, he will be noticed underjeach of-] these heads. His work Birsingh Deva Charit has heen discovered lately and an extract is added to this part. In some of his works we find scattered verses in honour of his patrons and the most famous of them is the one in praise of Raja Birbal. *

पावक पंछि पसू नग नाग,
नदी नद लोक रच्यो दस चारी।
केशव देव अदेव रच्यो नर-
देव रच्यो रचना न निवारी।
रचिकै नरनाह बली बरबीर,
भयो कृतकृत्य महाव्रतधारी।
दै करतापन आपन ताहि,
दियो करतार दुहूं कर तारी॥

According to Misra Brothers he was born in Orchha in about 1612 V.E. and died in 1674 V.E. He was attached to the court of Raja Madhukar Sah of Orchha and afterwards of his son Indarjit. Indarjit was also a poet and wrote under the name of Dhiraj Narind. The famous courtezan Parbinrai Paturi was a mistress of Indarjit and it is said that Akbar on hearing of her accomplishments ordered Indarjit to send her to the Imperial court. Indarjit disobeyed and was fined one crore rupees. Kesho Das had a secret audience with Birbal the minister of Akbar, and recited the verse referred to above. Raja Birbal is said to have given the

poet six lakhs for this single stanza and got the fine remitted. Parbin Kai had nevertheless to appear before Akbar. Akbar asked her to stay whereupon the courtezan with a ready wit replied.

बिनती राय प्रबीन की सुनिये साह सुजान।
जूठी पतरी खात हैं बारी बायस स्वान॥

Akbar was pleased with the reply and permitted her to depart. We have reason to believe that Parbin Rai also patronised Kesho Das and it was at ber request that he wrote the Kavipriya.

## BIRSINGH DEVA,

In 1592 Birsingh Deva raised an insurrection, in which he was assisted by Indarjit and Partab Rao. They wrested Bhanrer and Pawain from Hasan Khan, Karhara and Berchha from Harduar Panwar, and Irichh from Abdullah. On|learning of this Akbar despatched Daulat Khan, whom Raja Ram Sah joined. The Raja reduced Birsingh Deva to terms and brought him to Daulat Khan, and then returned to Orchha, while Daulat Khan went on to the Deccan accompanied by Birsingh Deva and the Raja's eldest son Sangram Sah. But before long Birsingh Deva on the pretence of hunting returned to his home in Baroni against the orders of the Imperial Commander. Daulat Khan marched after him, but on seeing that he was assisted by Bhupal Rao, Partap Rao and Indarjit, abandoned the idea. Shortly after this Akbar arrived at Narwar by way of Gwalior, and directed Raja Ram Sah to either present before himself Birsingh Deva and Indarjit, who had in the interval stormed the forts of Narwar and Gwalior, or punish them severely himself.

Ram Sah with the aid of the Kachhwahas and Pathans went to Baroni, and after a few days' resistance succeeded in expelling Birsingh Deva thence. In this contest however Jugrup Kachhwaha a man of some note, was killed. As soon as Ram Sah withdrew, Birsingh Deva recovered possession of Baroni. But he very soon left it finding it not a safe place for him so long as Akbar and Ram Sah were his enemies. He accordingly went to Prayag to see Selim (known as Jehangir after his accession). He was a son of Akbar and at that time Subadar of Allahabad and in revolt against his father. Selim received him with great favour and directed him to murder Abul-Pazl, who was then returning from the Deccan. This he accordingly did, and on the 9th Katik 1660 V-E.(A.D. 1603) killed the famous minister, midway between Narwar and Antri. Akbar was greatly enraged at the murder, and sent many chiefs under Tripur Kshattri with a powerful force to capture Birsingh Deva; this force he ordered Sangram Sah the son of Ram Sah to accompany. Birsingh Deva was besieged in the fort of Irichh, but after a few days resistance, fled by night and went to Prayag. Selim received him with great favour and promised to make him Raja of the whole of Bundelkhand as soon as he should ascend the throne. Birsingh Deva lived for a short time in Prayag, and then returned to Bundelkhand, where joining with Sangram Sah he openly revolted and expelled Hasan Khan from Bhanrer and Kharag Rao from Lachura.

The brother of Kharag Rao, who had been killed at the time of the expulsion, appealed to the Emperor who ordered Indarjit to proceed with a powerful army promising to give him the whole of Bundelkhand if he should defeat Birsingh Deva and Ram Sah. Indarjit

begged that the Emperor himself should accompany the force and would have obeyed the Imperial order but that he was unwilling to ruin his eldest brother and make himself master of the kingdom. The Emperor dismissed him and| sent Tripur Kshalri with a large army to Orchha. When the General reached Gwalior, Rajsingh and Ramsingh Kachhwahas, the Bhadoria Raja, the Chauhan Raja and the Jats joined his camp. As soon as the army reached Datia, Hasan Khan and Khwaja Abdullah joined it. In 1602 on the banks of the Betwa the conflict (ook place. The battle lasted several days between the Bundelas and Sangram Sah, Indarjit, Partap llao, and Birsingh Deva on the one side and the Imperial army on the other. Sangram Sah was killed but the Bundelas wei'e victorious, Indarjit being specially distinguished for his gallant conduct in taking the enemy's standards. Kajsingh Kachhwaha who was with Tripur's force was wounded and captured by Birsingh Deva but Itam Sah sent him back to the Emperor's army with respect and honour.

Shortly after Akbar died and Salim succeeded him assuming the title of Jahaugir. He summoned Bir Singh Deva, who with Bharat Sah the grandson of Ram Sah and Indarjit went to Delhi. The Emperor bestowed on him the title of Maharaja and gave him a sanad appointing him ruler of the whole of Bundelkhand.

Birsingh Deva was well acquainted with the Dharm Shashtra and laws generally. He was mindful of the sin he had committed in usurping his brother's kingdom, and feeling great remorse, in penitence made nine pilgrimages, and offered innumerable sacrifices. In Bindraban alone he presented 81 maunds of gold, a gift remembered to the present day. At Datia he built a grand palace at a cost of Rs. 36,90,980, which is still

a notable structure. On one occasion by order of the Emperor, he attacked and overcame the Hajas of Rewa and Narwar. In 1613 he erected a temple in Brindaban at a cost of 30 lakhs. He performed the Tarian Birt, and listened for seven days to the recitation of the Maha-purana. He was famed for his strict justice; in this connection it is told of him that one day his eldest son Jagat Deva when hunting, allowed his hound to kill a Brahma-chari or hermit. On hearing thereof the Itaja summoned his son to him, and put him to death for having caused the death of an innocent devotee.

The extract describes the battle on the banks of the Betwa and is taken from the Kashi Nagari P. Sabha's edition of Birsingh Deva Charit, with the kind permission of the Sabha.

---

## वीरसिंह देव चरित।

## दान लोभ विन्ध्यवासिनी संवाद।

### दान उवाच।

सुनहु जगतजननी मति चारु।
साहि कियौ पुनि कहा बिचारु॥
साहि सहिजादे की बात।
कहियौ हमसों उर अवदात॥

---

**Historyof Bundelkhand by the C.A. Silborrad J,A,S,B, 1902, p, 112.**

श्रीदेव्युवाच।

जबहिं तिमुर घर के मग लगी।
जहां तहां के थानें भगी॥
सूनो जानि भंडेरि* सुधाम।
बैठे आइ साहि संग्राम॥
गये साहि पर साहि सलेम।
भयौ साहि के मन छेम॥
दतिया राखे बिरसिंहदेव।
असनेहे मैं हरसिंहदेव॥
खड़गराइ सों भौ संग्राम।
जूझे हरसिंहदेव बलधाम॥
बीरसिंह सुनि कीनो रोस।
मन ही मन मान्यो बहु सोस॥
भइ यहि समै प्रीति अति नई।
बिरसिंहदेव संग्रामैं भई॥
तब संग्रामसाहि लिय हेरि।
बीरसिंह को दई भंडेरि॥
बीरसिंह संग्रामहिं ऐन।
आयो लचूरागढ़ सैं दैन॥
खड़गराइ खल खरो जिहान।
महा मत्तमातङ्ग समान॥
बीरसिंह बहता पर चढ्यो।
बन्धुबरग बहु बिग्रह बढ्यो॥
तज्यौ लधूरा आवत दीठ।
चमू चली ताकी परि पीठ॥
चली लौटि धमिलौटा गाँउ।
खड़गराइ जूझ्यो जिहि ठाँउ॥

---

* Bhander in Jharisi District.

जूझ्यो तब ताको परिवार।
काटे सिर सब लख्यौ विचार॥
लीनो जीत मथूरा ग्राम।
बैठारि तहं साहि संग्राम॥
मूड़ काटि दे घाले तहां।
साहि सलेम छत्रपति जहां॥
अकबरसाहि सुनी यह बात।
मूड़ देखि सुख पायो तात* ॥
उपज्यौ रोस सुनत ही बात।
आलिम जलालदीन के गात॥
पठ्यो तहं कछवाहो राम।
साहि सलेम जहां बलधाम॥
करि तसलीम सबै जब रह्यौ!
बचन निवारि राम सब कह्यौ॥
दुहूं दीन प्रभु साहि जलाल†।
तुम ऊपर अति भये कृपाल॥
तुम सुख सकल साहिबी करौ।
सत्रुन के सिर पर पग धरौ॥
बीरसिंह बाहुकी गनेहु।
औ तुम सुख सरोफरा देहु॥
हय गय माल मुलक उमराउ।
इन पर कीजै प्रगट प्रभाउ॥
इतनो बचन कहत ही राम।
साहि सलेम हंसे बलधाम॥
रामदास सुनु मेरी गाथ।
यह साहिबी ईसके हाथ॥
स्वर्ग नरक दस दिसि धाइये।

---

† Jalalnddin Mohammad Akbar.

काहू को न दई पाइये॥
रंकहि राजा होत न बार।
राज रंक भवेते अपार॥
जो में करत उपजावत छोभ।
याको हमैं दिखावत लोभ॥
बाबाजू के पग उचरैं।
अपनो सीस निछावर करै॥
बीरसिंह अब बालकि भूप।
सुनि सरीफखां बुद्धि अनूप॥
हमहूं देत कैसो देखिये।
हौं हजरति को सुत लेखिये॥
रामदास तब ऐसो कह्यो।
अब सरीफखां बालकि रह्यो॥
अपनी घर में सुख कीजेई।
राजा बीरसिंह दीजई॥
सुनि सुनि साहि कह्यो बुधिवन्तो।
रामदास ते मोको कहो॥
मेरो बीरसिंह जो होइ।
तोमैं साहि देउ पति खोइ॥
मन क्रम बचन चित्त यह लेखि।
मोकह बीरसिंह कह देखि॥
देत कहत जगती को राज।
ता कहं तू चाहत है आज॥
वाके साथ बिपति बहु परीं।
वा बिनु राज कहा लै करौं॥
तू मेरो सदाई सुख कारि।
और जो होतो डारौं मारि॥
जाहि बेगि, जो चाहत छेम।

चली कूंच के साहि सलेम ॥
कह्यो कूचपै कूच सभाग ।
गयो प्रगट प्रभु तुरत प्रयाग ॥
रामदास सब ब्योरा कह्यो ।
समुझि साहि सुनि चुप ह्वै रह्यो ॥
तेही समय गयो अकुलाइ ।
खड़गराइ को लहुरो भाइ ॥
करी साहि सो आइ फिराहि ।
अधिक अनाथन दीजै दाहि ॥
साहि मुराहि जबै उत गये ।
रामसाहि तब आगो भये ॥
तब बोले हम साहि मुराहि ।
हमसे दीन न दीनी दाहि ॥
सेवा देखि कृपाहग दिये ।
खड़गराइ उन राजा किये ॥
सुनिये आलम पति इक भेव ।
मारे हम सब बीरसिंहदेव ॥
राजा बीरसिंह दोउ संग्राम ।
इन्हो दुहुन को एकै काम ॥
हमहि मारि तब सुनहु सभाग ।
बीरसिंह नृप गये प्रयाग ॥

दोहरा ।

बोलि तिपुर सौं यह कही, दिल्ली के सुलतान ।
इनकौ नीकै राखिये, दै भोजन परधान ॥

चौपही ।

रामदास सों कहि येहु येहु ।
कोउ एक बिदा कर देहु ॥

देखै जाइ चोड़छौ ग्राम।
ल्यावै बेगि बोलि संग्राम॥
भीतर भवन गये तिहि घरी।
पछिरावन पठई चामरी॥
रामदास सारो आपनो।
पठैदियौ अपनौ प्रति मनो॥
कहै साहिं आलम रिस भर्यो।
बहुत गुमाइ बुन्देलनि कर्यो॥
माडौला तपै चालो देस।
मेरे सुत को भयौ प्रवेस॥
बहुत बुन्देलनि बढ्यो प्रभाउ।
कारहिं साहि सलेम सहाउ॥
रोस उठयो मेरे मन महा।
इन्द्रजीत को कीजै कहा॥
बोल्यौ असरफ़ खाँ चित चाहि।
घालै आउ बुन्देलनि साहि॥
विमुखनि को कीजै कुलनास।
पद सनमुखनि बढ़ाव अकास॥
अर्ज मेरि यह मानिय आज।
इन्द्रजीत को दीजै राज॥
रामदास सौं कह्यौ बुलाइ।
करौ नवाज सुबा को आइ॥
सुभ दिन होय तो येला करौ।
येला करि बिपदा सब हरौ॥
यह कहि साहि भरोखहि गये।
इन्द्रजीत को देखत भये॥
इन्द्रजीत तें जे है तहाँ।
सठ संग्राम गयो है जहाँ॥

इन्द्रजीत तब ऐसी कह्यौ ।
मैं तो साहि चरन संग्रह्यौ ॥
मेरे मन यहई प्रन धस्यौ ।
हजरति चरन कमल घर बस्यौ ॥
इन्द्रजीत तसलीम जु करी ।
साहि दई आपनि पामरी ॥
बूझे साहि सभासद सबै ।
बीरसिंह देव कहां है अबै ।
इतहि नाउं कहि आयो बैन ।
उत अति जल भरि आये नैन ॥
जब जब साहि सुनत यह नांव ।
भूलत तन मन सुकल सुभाव ॥
मूरछिये तब हित सब सलै ।
नैननि तें जल धारा चलै ॥

## सवैया ।

सूरनि को भूखन कै, दूखन असूरन को
कै धौं प्रति सूरनि को, साल उर परि है ॥
राजन को तिलक बिराजै, किधौं केसौराइ
अरि गजराजनि को अंकुस निगरि है ॥
मागने को पारस कि राजश्री को सारस
कहौ न कौं बनाइ घेर छीत घर घर है ॥
राजा बीरसिंह जू को नांउ कि धौं ।
जानै यह अकबरसाहिजैन नीरद को कर है ॥

## चौपही ।

आवत ही सुभ दिन सुभ घरी ।
रामदास तब बिनती करी ॥
आयसु साहि सुफल कर फरी ।

इन्द्रजीत सिच्छा को धरी ॥
साहि कह्यो जनु कूरम तात ।
इन्द्रजीत सों कहु यह बात ॥
मन क्रम बचन कही व्रत धरै ।
कह्यो गुरू को चेला करै ॥
जो याके ह्यां त्यारी होइ ।
देउ राज जानै सब कोइ ।
इन्द्रजीत सों यहई बात ॥
आइ कही अदा के तात ॥
इन्द्रजीत यह उत्तर दियौ ।
मैं अखत्यार सबै कछु कियौ ॥
जो कछु साहि कहैंगे आजु ।
सबै करौं पै लेउं न राजु ॥
यहि कही हजरति सों जाइ ।
भीतर भवन गए दुख पाइ ॥

## दोहरा ।

दासी सब कुलतिय तजे, ज्यौंजड़ त्यौं यह जान ।
इन्द्रजीत किय कुमति हित, राजश्री अपमान ॥

बोले तिपुर ताहि कन साहि ।
दीनो राज कृपा करि ताहि ।
मन क्रम बचन कियो अति मीत ।
तासों कह्यो विक्रमाजीत ॥
तासों सतों कह्यो करिनेम ।
बोल्यौ हौं मैं साहि सलेम ॥
हौं अब रोकि राखि हौं ताहि ।
तू अब बेगि पीछे आहि ॥
चल्यौ तिपुर उत इतहि बसीठ ।
पठयौ साहि पुत्र पर ईठ ॥

गयं तहां जहं साहि सलेम।
प्रगट्यो जाइ पिताको प्रेम॥
तुम बिन सुनो साहि को चित्त।
कल न परत सुनु आलमभित्त॥
बेगमखां तन तजि यह लोक।
छोड़ि गयो लीनो परलोक॥
तिन को दुःख रह्यो परिपूर।
दूर करै को तुम अति दूर॥
इतनो सुनत छूटि गयो छेम।
सोक संग्रहे साहि सलेम॥
दिन दोई यह दुख अवगाहि।
आये बाहिर आलम साहि॥
मुजरा कियो बसीठनि आनि।
पूछी तिन्हें बात जिय जानि॥
अकबर साह गरीबनिवाज।
इन्द्रजीत को दीन्हो राज॥
कहे बसीठनि सब व्योहार।
जैसो कछू भयो दरबार॥
तब हंसि बोल्यो सरीफखान।
बीरसिंह तजि को तन त्रान॥
राजा बासुकि केसोराइ।
तिनसों कह्यो चित्तको भाइ॥
मोपै बेगमजूको सोग।
रह्यो न जाइ भगे सब भोग॥
मेरे मन उपज्यो यह भाउ।
देखौं पातिसाहि के पाउ॥
राजा बासुकि उत्तर दियो।
अपने चित्त सबै समझियो॥

करन कह्यो है माहि न भोग।
भोग किये तें उपजै रोग॥
रोग भये भागै सब भोग॥
भोग भगे नहि सुख संजोग॥
सुख बिन दुखकर दिन उद्दोत।
दुखतें कैसे मंगल होत॥
तातें भोग न कीजे माहि।
गवन तुम्हारो आवत काहि॥
कैमोगाइ अरज जब करी।
लीनि हाथ कबोली करी॥
माहि समीप गये हैं तब।
कहा जाइ पुनि कीजे अब॥
हजरत के जक यरई हिये।
होत प्रसन्न न सेवा किये॥
करिये माहि जो करनै होय।
गति न तुम्हारी जानै कोय॥
करि तसलीम सुमिरि नरहरी।
बीरसिंह तब बिनती करी॥
जेयत हैं बेगम के हेत।
आलम प्रभु के नगर निकेत॥
जिहि सुखि होय माहिके गात।
सोई कीजे तजि सब बात॥
मोहि माहि कौं सौंपौ जाइ।
जातें कुल को कलह नसाइ॥
हौं हजरत सिर मदकै भयौ।
एक गुलाम भयो नहिं भयो॥
खांसरीफ बोले रिस भरे।
बीरसिंह तुम राजा करे॥

सुनौ साहि अब देखन बनै।
राजा दीनै पातक घनै॥
तातै मोहि मयाकर देहु।
बढ़ै साहि सौं दिन दिन नेहु॥
उपजावत छिति मण्डल छेम।
बोलि उठे तब साहि सलेम॥
तुम्हैं देउ हज़रत हित काज।
काहि बढ़ाऊ आपन राज॥
बहुरि न मोसौं ऐसी कहौ।
मेरे जीवत निरभै रहौ॥
साहि सलेम साहि पै गयो।
साहि बहुत तिनकौं दुख दयो॥
छूवि सरीफ़ खान भगि गयौ।
सबै मुलक अति दुचितैं भयौ॥
बिरसिंहदेउ भयो संग्राम।
देख्यो आनि ओड़छौ ग्राम।

## दानउवाच—चौपाइ।

कहौ देवि कितगयौ अभीत,
साहि कियोजु बिक्रमाजीत।

## श्रीदेव्युवाच।

भेख्यो तिपुर सिन्धु के तीर।
भुमियां मिले रींच सजि भीर॥
तबहिं तिपुर दतिया तन गये।
इन्द्रजीत अपने घर भये।
खोजा अबदुल्लह आइयौ।
मिलि भदौरिया सुख पाइयौ॥
तिपुर सुजान साहि सौं कहै॥

चलौ बेतवै जल संग्रहै ।
बेहड़ काटत चल्यौ सुभाउ ।
रह्यौ आनि खुम्हरौलो गांउ ॥
इन्द्रजीत बीरसिंह देव आप ।
लीने सुभट दरैं धरि दाप ॥

## दूहा ।

दुहुं कटक मरु ओड़छैं, आध कोस को बीच ।
बेहडु काटत मिसि पर्यो, काटतु कटलै नीच ॥

## चौपही ।

इत कठगरु उत सरिता कूल ।
मारग कियो परम अनुकूल ॥
तदपि न गयो ओड़छे परैं ।
निसि बासर सिगरौं दल डरैं ॥
एक समय सिरे उमराउ ।
लगे बिचारन गमन उपाउ ॥
जौ कोऊ कछु करै बिचार ।
मानै नहीं तिपुर तिहिं बार ॥
राजाराम सिंह सब कह्यौ ।
इससो बैठे जाइ न रह्यो ॥
भोर होत नहिं लाऊं बार ।
जारि ओड़छौं करि हौं छार ॥
मारू कह्यौ सुनी नरनाथ ।
हौं आयौं राजा के साथ ॥
तिपुर तिन्है बहु बरजत भये ।
बरजत ही उठि डेरहि गये ॥
राजा जगे बड़े ही भोर ।
बजैं दमामे जनु घन घोर ॥

सजिलि सकल दल सज्जित भयौ।
रह्यौ न माऊ हठकौ लयौ॥
सजि चतुरङ्ग चमू नृप चल्यौ।
गाजत गज चालत भुव हल्यौ॥
दुन्दुभि सुनि कासीसुर चल्यौ।
चन्द्योतिपुर सब हो बर बल्यौ॥
राजारामसाहि गल गज्यौ।
वीरसिंह कौ दुन्दुभि बज्यौ॥
तमकि चढ़्यौ तब साहि संग्राम।
ताके चित्त बस्यौ संग्राम॥
इन्द्रजीत अरु राउ प्रताप।
बांधे कवच लिये कर चाप॥
उग्रसेन अरु केसौदास।
जानत हैं बहु युद्ध विलास॥
ठाकुर और कहां लौं कहौं।
कहन लेउ तौ अन्त न लहौं॥
दोऊ दल बल सज्जित भये।
बसुधा व्योम बिमानन छये॥
राजसिंह को पतिर पद्मिनी।
नव दुलहिन गुन सुख सद्मनी॥
सिर सब सीसोदिया सुदेस।
बानी बड़गूजर बर बेस॥
श्रुति सिर फूल सुलङ्की जानु।
लोचन शुचि चौहान बखानु॥
भनि भदौरिया भूषित भाल।
भ्रुकुटि भेटि भाटी भूपाल॥
कछवाहे कुल कलित कपोल।
नैषधरूप नासिका अमोल॥

दीखत दसन सुघाड़ा हास ।
बीरा बसै बनाफर बास ।
मुख रुख मारु चिबुक चंदेल ।
ग्रीवा गौर, सुबाहु बघेल ॥
कुल कनौजिया कञ्चुकि चारु ।
कुच करचुली कठोर बिचारु ॥
पान पवैया परम प्रवीन ।
नृप नाहर नख कोर नवीन ॥
कोसल कटि, जादौं जुग जानु ।
पदघ लखा कैकेय बखानु ॥
तोंवर मनमथ, मन पड़िहार ।
पद राठौर सरूप पवार ॥
गूजर बैगति परम सुबेस ।
हाव भाव भनि भूरि नरेस ॥
केसी मारू सखि सुख दानि ।
दामोदर दासी उर जानि ॥

## दोहा ।

राजसिंहपति पद्मिनी, दुलहिनि रूप निधान ।
दूलह मधुकरसाहिसुत, बिरसिंहदेव सुजान ॥

## चौपही ।

तिनकौ सिर स्वयंभुमय मानि ।
श्रवननि कौ वै श्रवन बखानि ॥
भाल भलौ भागनि मय मानि ।
वृष कन्धर सुर सैव बखानि ॥
भुज जुग भनि भगवती समान ।
अति उदार उर तुम हिय मान ॥

कटि नर केहरि के आकार।
जानु बरुनमय रूप कुमार॥
पदकार कँवल सुबाहन बास।
आयुध सक्र समान सहास॥
जय कङ्कन बाँधे निज हाथ।
पनरथ परम पराक्रम गाथ॥
टोपा सोहत मोर समान।
बागे सम सोहै तन त्रान॥
पावक प्रगट प्रताप प्रचण्ड।
रच्छक नारायन नव खण्ड॥
पञ्च सब्द बाजत अवदात।
सुभट बराती फौज कराल॥
दोऊ दल बल बिग्रह बढ़े।
देखत देव बिमानन चढ़े॥

## दोहा।

बीरसिंह नृप दूलहै, नृपपति दुलहिनि देखि।
घूंघट घार्‍यौ भ्रम सहित, सभय सकंपबिसेखि॥

## चौपई।

घूंघट सौं पट दुलहिन नई।
बीरसिंह राजा गहिलई॥
देखी पति कासीसुर हाथ।
कोप कियो कूरम नरनाथ॥
जहं तहं बिक्रम भट प्रगटये।
गज घोटक संघटित सुभये॥
तुपक तीर बरछी तिहि बार।
चहुं ओर तें चले अपार॥

जङ्ग जागरा जङ्गल जुरे।
काहूकं न काहूं मुँह मुरे।
हींसत हय गाजत गज ठाट।
हाँकत भट बरम्हावत भाँट॥
जहँ तहँ गिरि गिरि उठि उठि लरैं।
टूटे असि काढ़ैं जमधरैं॥
भूलि न कोऊ जात भाजि।
मारत मरत मामुहे गाजि॥
अपने प्रभुको सङ्कट जानि।
उठ्यो दमोदर गहि असि पानि॥
सकल जागरा जुध अमोर!
चमू चाँपि आई चहु ओर॥
घोरो कढ्यो धरनि धुकि गयो।
तब संग्राम पयादो भयो॥
तापर आयो राउ प्रताप।
सङ्ग लिये बहु सूरन आप॥
कियो हथ्यार आपने हाथ।
गावत गाथा सुर नरनाथ॥
सकतसिंह कछवाहे आनि।
गयो अगावभतैं पहिचानि॥
घोरनि तैं दोऊ गिरि गये!
भूतल लोथकपोथा भये॥
राउ प्रतापहि देखत आसु।
तिन पहँ दौरे कैसोदासु॥
हन्यो दमोदर हाथहि हेरि।
बरछ हन्यो बरछौ लै फेरि॥

## हरि बीस उवाच कवित्त ।

कारी पीरी ढ़ालैं लालैं देखिये बिसालैं अति
हाथिन की घटा घन घटासी घरति हैं ॥
चपला सी चमक चमूनि माँझ तरवारि
सारङ्गी सी सार फूलझारी सी झरति हैं ॥
प्रबल प्रताप राउ जङ्ग जुरै केसौदास
हनै रिपु करै न छिपा पशु भरति है ॥
पेस हरिकेस तहां सुभट न जाव जहां
दुहुं बाप पूते दौड़ होड़े सी परति है ॥

## चौपही ।

देखि पयादो बलको धाम ।
भरु संग्रामसाहि संग्राम ॥
दौर्यो उग्रसेन रनजीत ।
दौरे इन्द्रजीत सुभ गीत ॥
दल बल सहित उठे दोउ बीर ।
मनौ घनाघन घोर गम्भीर ॥
धुन्ध धूरि धुरवा से गनौ ।
बाजत दुन्दुभि गर्जत मनौ ॥
जहां तहां तरवारैं कढ़ी ।
तिनकी दुति जनु दामिनि बढ़ी ।
तुपक तीर भुव धारापात ।
भीत भये रिपुदल भट भ्रात ॥
शोणित जल पैरत तिँहि खेत ।
कूरम कुल सब दलहि समेत ॥
परम भयानक भौ वह ठौर ।
भागि बचे साऊ हरदौर ॥
जनमनि प्रोहित घोरी दियो ।

चढ़ि संग्रामसाहि हरखियो ॥
जूझि परयो दामोदर जबै ।
भागि बच्यो कूरमदल तबै ॥
अगमनि दामोदर तिहिँबार ।
पठये सिरसाटे सिरदार ॥
राजसिंह भये अति बहबहे ।
आइ ओड़छे रावर गहे ॥
अति रूरी राजति रनथली ।
जूझिपरे तहं हयगय भली ॥
अपछनि सुपछ लसै गजकुम्भ ।
श्रोनित भर भभकन्त भुसुण्ड ॥
रुधिर छाँडि अँग अँग रुचि रवै ।
गैरिक धातु सैल जनु द्रवै ॥
धावत अन्ध कबन्ध अपार ।
छिदी सौंहथी उरनि उदार ॥
हीन भये भुजबलके भार ।
अनुछिय हरखि गहैं हथियार ॥
उठि बैठे भटतरु की छाँहि ।
लागी लागि तिन्है मुंह माहि ॥
दाँतन कौ किरचन रँगरँगि ।
बहुबिधि रुधिर छलूका लगै ॥
भखि तमोर बिथरै अनुहरै ।
मनहुं कपूर ककरा करै ॥
घन घायनि घायल घर परैं ।
जोगिनि जोरि जंघ सिर धरैं ॥
चपल सुख पीवति जगमगी ।
कण्ठश्रोन पिय मारग लगी ॥
लाखहुं मृतक मानि भय दयो ।

मानहुं सती छोड़ि सतचली ॥
गोर्धिन के सुत सोभित घने ।
लोलत पल मुख श्रोनितसनै ॥
चन्द्र जानि वासर चँहुओर ।
चुँचनि चुनत अँगार चकोर ॥
श्रोनित सोभा रचे शरीर ।
तह देखिये डरे बर बीर ॥
खेलु फागि मानौ फगुहार ।
सोइ रहे मदमत्त गँवार ।
एक जूझि भूतल परपरे ।
एक बूड़ि सरिता महं मरे ॥
गय घोटक करभनि को गनै ।
छूटे बन बम डोलत घनै ।
ऐसो भयो करम को जोग ।
तज्यौ नकारौ आलमतोग ॥
जहँ तह हसम खसम बिन भये ।
जलथल रखत बखत भगि गये ॥
माहौ मइल मरातब साथ ।
आई घसि कासीसुर हाथ ॥
लीनौ खलक खजानौ लूटि ।
कूरम भगे चहूं दिसि फूटि ॥
देखै तिपुर तमासौ आप ।
ऊपर होहि महौं परताप ॥

## कवित्त ।

ह्वै गयो खिठाम बल मुगल पठाननि कौ,
भभरे भदौरियाउ संभ्रम हिये छयौ ॥
सूखे मुख सेखनि के खल्लोई खिसाम्यो खलौ,
गाढ़ौ गह्यौ गाढ़ पांउ एकौ न हतै दयौ ॥

बीरसिंह लीनी जीति पति राजसिंह की
तुसार कैसो मास्यो मारू केसोदास ह्वै गयो।
हाथीमय हयमय हसम हथ्यारमय
लोहमय लोथिमय भूतल सबै भयौ॥

चौपही।

बीरसिंह अति हरषित हिये।
राजसिंहपति दुलहिनि लिये॥
घेस्यौ नगर औड़छो आइ।
मारू केसौदास बिसाइ॥
घुस्यौ घूसि ज्यौं घरकै कोन।
तजि रजपूती साधौ मौन॥
राजा राजसिंह हिय डस्यो।
सोक छांड़ि मन संसै पस्यो॥
अमल कमलदल लोचन ऐन।
स्यामल जल भरि आये नैन॥
पति दुलहिनि करुना रस भरी।
बीरसिंह सौं बिनती करी॥
महाराज जौ करहु सनेहु।
हमको धर्मद्वार पथ देहु॥
इतनौ करुन भाइयौं रोय।
ह्वै गयौ करुनामय सब कोय॥
बीरन बोलि अभै को दये।
बीरसिंह तब डेरहि गये॥
मारू मण्डित सोक रंग रये।
राजसिंह तब कुठलौ गये।

सवैया।

औरनि लै घर घोस उसीर, उबै जब के सब ओम्ह बिभाती।
घोरि घमौ घनसार तुसार सो आइ लगावत पंकज पाती॥

सोधि सबै सियरे उपचारनि ज्यौं ज्यौं सिरावत त्यौं भति तातो ।
केसव मारु गये पुर जारन सो न जम्यौ पै जरो उठि छातो ॥

### चौपही ।

तादिन तें सिगरे उमराउ ।
चल दल कैसो गह्यो सुभाउ ॥
भावन जान न पावै कोय ।
सबदल रह्यौ महाभय होय ॥

### लोभ उवाच ।

राजसिंह मारू को हार ।
कहा कह्यौ सुनि ताहि विचार ॥
सो तुम' कहौ जगतबंदनो ।
जिनको जसको चिरचंदनो ॥

### श्रीदेव्युवाच ।

राजसिंह के युद्धविधान ।
सुनि सुनि सीस धुन्यौ सुलतान ॥
उमराउनि को प्रगट प्रमान ।
यह लिखि पठै दियो फ़रमान ॥
कै तुम गहियो हज को राहु ।
कै उनकी बसहिनि पर जाहु ॥
उन नृपपति लीनो करि नेहु ।
तुमहू उनको पतिनो लेहु ॥
जंह जंह जाइ तहां तुम जाउ ।
मेटो मेरे उरकी दाउ ॥
यह सुनि बीरसिंह सुख पाय ।
बसहिनि मांझ चले अकुलाय ॥
को मन मोच अधर मधु छकै ।
को मेरो दासी लै सकै ॥

बरनि रहे बहु राजाराम ।
ऐसो करि छोड़ो घर धाम ॥

## सवैया ।

कालिहि बैठि गुपाचल मे गढ़ सोधि सुरे समकौ गुनगाहौ ।
दान कृपान विधानन केशव दुष्ट दरिद्रन के उर दाहौ ।
खानजिहान के खान करौ सब खान जमान कृपा सब गाहौ ।
मेरे गुलाममनि छै है सलाम सलामति साहि सलेमहि चाहौ ॥

## चौपही ।

बीरसिंह राजा बरबीर ।
बसहो जाय लई धरि धीर ॥
तेही समय छांड़ि भुवलोक ।
अकबर साहि गये परलोक ॥
काशीसुर जंह तंह गल गजे ।
जहां तहां के थानि भजे ॥
पातसाहि भौ साहि सलेम ।
मानौ छिति मण्डलको छेम ॥

## कवित्त ।

दाम बल, दलबल, बाहुबल बुद्धिबल
असंह्य को बल जु निधानो जान्यौ जब हो ।
बांधि कटि तट फेंट पीत तट को निकट
पाइनि पयादो उठि धायो प्रभु तबहो ।
निपट अनाथ नाथ दीनानाथ दीनबन्धु
दयासिन्धु केसौदास साचें जाने अबहो ।
हाथी को पुकार लागे कानिनि सुन्यो है हरि
ओड़छे को लागत पुकार देखे सब हो ॥

## दोहा ।

दान लोभ सब आदि दै, कहो जु बूझो मोहि ।
जाहु जहां जाके गुनति, रहो सकल मति तोहि ॥

दानउवाच ।

जगमाता गौरी कहौ जो परिपूरन प्रेम ।
बीरसिंह कह का दयौ, साहिब सहि सलेम ॥

श्रीदेव्युवाच—चौपही ।

दान लोभ तुम परम सुजान ।
जानत है सबके परमान ॥
अकबर साहि गये परलोक ।
जहाँगीर प्रभु प्रगटे लोक ॥
गाजी तखत बैठियो गाजि ।
सोक गये लोगनि के भाजि ॥
पारस सो सबको गिरि गयो ।
चिंतामनि सो कर पर गयो ॥
अकबर सो भयो अरिष्ट ।
सुर तरु सो देख्यौ दृग इष्ट ॥
अथै गयो ससि सो सुनु दान ।
सूरज सो भयो उदति जहान ॥
रज, तम सत्व गुननि के ईस ।
तिन करि मंडल मंडित दीस ॥
बैठे एक छत्र नर लसैं ।
छांह सबै छिति मण्डल बसैं ॥
ऐसो राज रसा में करै ।
भुमियाके माके भुवधरै ॥
गढ़न गढ़ोई के बल देव ।
सेवतकार जोरे नरदेव ॥
राजसिंह सोहत बहु पास ।
दिन देखन गजराज प्रकास ॥
बैठे तखत सकल सुखलिये ।
सुधि आई हजरत के हिये ॥

राजा बीरसिंह तब आउ।
दियौ तुरङ्गम खौं सिरपाउ॥
पठयौ लेखि पंत्रिका जासु।
अपने हाथ लिख्यौ फरमानु॥
डांग चौकिया पहुचे सेख।
बीरसिंह देख्यौ सुभ बेख॥
जो पायौ प्रभुको फरमान।
मङा मृतक ज्यों पावै प्रान।
लै संग भारथ बीर सुठांउ॥
तब प्रभु आये एरछ गांउ॥
हिलिमिलि रामसाहि नरनाथ।
ह्वै गयौ इन्द्रजीत को साथ॥
खेलत हँसत बहुत दिन भरे।
आये निकट नगर आगरे॥
ऐसो मगदंख्यो बाजार।
मनो गमागन कवित बिचार॥
देख्यो जोई सोई अपार।
मनहु धनपती को व्यवहार॥
जाहि देखि भूल्यौ मनमार।
देख्यौ अति अद्भुत बाजार॥

## कवित्त।

परम बिरोधी अवरोधी ह्वै रहत सब,
दीननकं, दानि दिन होननिको छेम है॥
अधिक अनंत आप सोहत अनंत अति
असरन सरननि रखिवे को नेम है।
हुतभुक हितमति श्रीपति बसत हिय
जदपि जलेस गंगा जलहीं सो नेम है।
केसौदास राजा बीरसिंह देव देखि कहैं
रुद्र है समुद्र है कि साहिब सलेम हैं॥

## चौपही ।

जहाँगीर जगती को इन्द्र ।
देख्यो बिरसिंह देव नरिन्द्र ॥
करजोरि सेवत दिगपाल ।
विद्याधर, गंधर्व रसाल ॥
सोभत है गजराज चरित्र ।
ढारत चँवर कलानिधि मित्र ॥
सकल मजुंघोषा सुन्दरी ।
गावति सुखद सुकेसी खरी ॥
पूरब दिसि दुति दीपित करै ।
मति गति मण्डित सब्बहि धरै ॥
साहि देखि राख्यो उर लाय ।
ज्यों हरि सुखद सुदामहिं पाय ॥
देखत दुःखदूरि सब गयो ।
पायनि पर जब ठाढ़ो भयो ॥
पूछे साहि सबन सुख पाय ।
नीके हैं राजन के राय ।
सब नीके देखे जब पाय ॥
उज्जल अमल कमल से राव ॥
हय गय हीरा बसन हथ्यार ।
हजरत पहिरायौ बहु बार ॥
भारत साहि बहुरि इंद्रजीत ।
मिलवत भयो साहि को मीत ॥
जब जब गयो बीर दरबार ।
तब तब सोभा बढ़ै अपार ॥
खान राउ राजा मनहार ।
ऊपर बीर लिये हथियार ॥
कटरा कटि दावें तरवारि ।

साहि समीप रहे सुखकारि ॥
कबहू हय गय हेम हथ्यार ।
कबहूं खग मृग बसन अपार ॥
कबहूं बातें भूखन छेम ।
दै बहु रावत साहि सलेम ॥
कौन गनै राजा अरु राउ ।
खोजा देखे सब उमराउ ॥
काहू को न जाय मन जहां ।
बीरसिंह को आसन तहां ॥
एक समय हजरति हंसि कह्यो ।
बीरसिंह तू दुख सो रह्यो ॥
और बड़ो बड़ो परिगन लेखि ।
मेरौ राज आपनो लेखि ॥
जाहि भुवन त्रिभुवन सुखदेखि ।
सबै तुमारो जो कछु पेखि ॥
सकल बुंदेलखण्ड है जितो ।
तुमको मैं दीनो है तितो ॥
औरौ बड़े बड़े परिगनै ।
तो कहं मैं दीनें बहुधनै ॥
हौ जु भयो साहनि सिरताज ।
तुहं होय रायनि को राज ॥
तोहि न मानै मारौं ताहि ।
बिदा होय अपनें घर जाहि ॥
बीरसिंह कीन्ही तसलीम ।
गाजी जहांगीर के भीम ॥
तब तिन बोलि इन्द्रजित लये ।
करन बिचार सुडेरहि गये ॥
कियो बिचार बहुत बिधि जाय ।

एकहु भाँति न जिय ठहराय ॥
कोऊ छाड़ैं को अधरै।
कछु बिचार नहि जिय मैं परै ॥
जाइ गह्यो आगी आपनै।
हमै जलहरा लेत न बनै ॥
कह्यो सरीफ़खान समुझाय।
बीरसिंह सो अति सुख पाय ॥
अपनी भुइँ मैं तू प्रभु होहि।
मुगल गये दुख ह्वै है तोहि।
कीनो बिदा बेगि पहि राय।
दिये परिगनै बहु सुख पाय ॥

## दोहा।

राजा बिरसिंहदेव को, बिदाकरी सुलितान।
एरछ गढ़ आये सुनै, केशव बुद्धिनिधान ॥

---

## 4. BHUSHAN.

To those who have at all interested themselves in Hindi poetry the name and fame of the great poet Bhushan Tripathi can hardly be unfamiliar. He is one of the brightest lights in the Hindi firmament and his effulgence is in a way quite unique. It is well known that Hindi poetry consists mainly of erotic, devotional and religious productions, so much so that the great Tulsi Das has deliberately laid down the dictum that all poetry which is not based on devotion to Kama is pure waste of energy. He says :—

भक्ति हेतु विधिभवन बिहाई ।
सुमिरत सारद आवत धाई ॥
रामचरितसर बिनु अन्हवाए ।
सो श्रम जाय न कोटि उपाए ॥
कीन्हे प्राकृतजनगुन गाना ।
सिरधुनि गिरा लगत पछिताना ॥
कवि कोविद अस हृदय विचारी ।
गावहिं हरिगुन कलिमलहारी ॥

On this theory it is clearly sinful to busy oneself in writing the accounts of worldly men at all, but we worldly people think otherwise and to us it is of vital importance to place on record the doings of our great men who may be held up as ideals to others. Bhushan was luckily a poet of such modern views and he deliberately employed his great poetical powers in singing the praises of such immortal heroes of hisasjo as Shivaji andChhattra-sal Bundela. Bhushan never wrote a line of erotic poetry which was the prevailing fashion of the day and it is satisfactory to find that his success was the envy of most of the poets of the other school. The esteem in

which he was held by Shivaji is reflected in his verses, while Chhattrasal Bundela went so far as to put on his own shoulders *the* pole of the great poet's *Palki.* Bhushan's martial muse is at once the admiration, wonder and inspiration of others in the field and of the numerous and ever-increasing circle of the lovers of Hindi verse. He is the recognized leader of that school and he never in his life wrote in the amorous style with the solitary exception of one single verse in which, as if to wash off the "sin" of having done so, he indulged in a continued and prolonged metaphor pertaining to warlike materials.

Bhushan was a Kanya-Kubjn Brahman, a Tewari of the Kashyap gotra. He was horn in Tribikrampur (modern Tikmanpur टिकवांपुर), situated on the left bank of the Jamna, near Tahsil Ghatampur of the (.'awnpore district (U.P.), about the year 1(513 A.D. and he died there about 1715 A.D. at the advanced age of 102 years. His younger brother Matiram, is also counted among the foremost poets o! Hindi and so is his elder brother Chintamani, while[1] their youngest brother, Nilkanth *alias* Jata Shankar, was also a good poet. So all these four brothers have rendered conspicuous services to the sacred cause of the development of Hindi poetical literature while Bhushan and Matiram rank second only to such greatest masters as Tulsi, Sur and few others. In fact Bhushan has been assigned the 5th position and Matiram the 7th among the foremost poets of Hindi which boasts of a galaxy of shining lights second to none in the whole range of the world's literature. So far as it has been ascertained, no two brothers occupy such high positions in any other literature of the world.

Bhushan has written one work—the Shivaraj Bhushan—in honour of Shivaji and another in that of

Chhattrasal Bundelá, while his scattered verses have been put together in two collections, known as the "Shiva Bamani and his Miscellany."

He was a truly national poet and Hindus are his real heroes, whoever else may be the ostensible hero of his various works.

His excessive nationalism has at times led him to write some unpleasant things about our Moslem brethren but his fault would look to be excusable in view of the spirit and the tendencies of that age. Exceptional vigour of thought and diction, a scrupulous regard for truth, independent thinking, and ability to present wonderful pen-pictures of men and events, are among the other chief merits of Bhushau as a poet. He has not attempted anything like a biography of Shivaji or even an at all connected account of his doings, but the poet's writings give a fairly clear idea of most of the leading events of ShivajTs life and contemporary history, and they also throw side light on some events that are not found recorded or adequately dealt with in history. We come across a plethora of proper names (of men and places) in his writings that cannot fail to be useful from the historian's point of view.

It is very likely that he wrote some other works also and indeed a few more unknown works are ascribed to him, but nothing can be said for certain till we actually come across any such works. As it is even the four known works of this great poet are quite sufficient to put him in the forefront of those who have adorned the Hindi Literature with their inspired writings—Shyam Bihari Misra.

The following extract is taken from the excellent editions of the great poet's works by the brothers, Pandit Shyam Bihari Misra and Shukdeva Bihari Misra,

and published by the Kashi Nagari Pracharini Sabha, and to this book a reference may be made for the history of the times and other points necessary to understand the subject matter of the book.

---

## शिवा बावनी ।

### कवित्त–मनहरन ।

साजि चतुरंग बीर रंग में तुरंग चढ़ि,
सरजा सिवाजी जंग जीतन चलत हैं ।
भूषन भनत नाद बिहद नगारन के
नदी नद मद गब्बरन के रलत हैं ।
ऐल पैल खैल भैल खलक में गैल गैल,
गजन की ठेल पेल सैल उसलत हैं ॥
तारा सो तरनि धूरिधारा में लगत, जिमि,
थारा पर पारा पारावार यों हलत हैं ॥१॥
बाने फहराने घहराने घंटा गजन के,
नाहीं ठहराने राव राने देस देसके ।
नग भहराने ग्राम नगर पराने सुनि,
बाजत निसाने सिवराज जू नरेसके ।
हाथिन के हौदा उकसाने कुम्भ कुंजर के,
भौन को भजाने अलि छूटे लट केस के ।
दलके दरारे हुते कमठ करारे फूटे,
केरा कैसे पात बिहराने फन सेसके ॥२॥
प्रेतिनी पिसाचरु निसाचर निसाचरिहु,
मिलि मिलि आपुस में गावत बधाई हैं ।
भैरों भूत प्रेत भूरि भूधर भयंकर से,

जुत्थ जुत्थ जोगिनी जमाति जुर आई है॥
किलकि किलकि कै कुतूहल करति काली,
डिमडिम डमरू दिगम्बर बजाई है।
सिवा पूँछैं सिवसों समाज आजु कहाँ चली,
काहू पै सिवा नरेस भृकुटी चढ़ाई है? ॥३॥
बद्दल न होंहिं दल दच्छिन घमंड माहिं,
घटाहू न होंहिं दल सिवाजी हँकारी के।
दामिनी दमंक नाहिं खुले खग्ग बीरन के,
बीर सिर छाप लखु तीजा असवारी के॥
देखि देखि मुगलों की हरमैं भवन त्यागैं,
उझकि उझकि उठैं बहत बयारी के।
दिल्ली मति भूली कहै बात घन घोर घोर,
बाजत नगारे जे सितारे गढ़धारी के॥४॥
बाजि गजराज सिवराज सैन साजतही,
दिल्ली दिलगीर दसा दीरघ दुखन की।
तनियाँ न तिलक सुथनियाँ पगनियाँ न,
घामैं घुमरात छोड़ि सेजियाँ सुखन की॥
भूषन भनत पतिबाँह बहियाँ न तेऊ,
छहियाँ छबीली ताकि रहियाँ रुखन की।
बालियाँ बिथुरि जिमि आलियाँ नलिन पर,
लालियाँ मलिन मुगलानियाँ मुखन की॥५॥
कत्ता की कराकनि चकत्ता को कटक काटि,
कीन्हीं सिवराज बीर अकह कहानियाँ।
भूषन भनत तिहुँलोक मैं तिहारी धाक,
दिल्ली औ बिलाइत सकल बिललानियाँ॥
आगरे अगारन ह्वै फाँदती कगारन छ्वै,
बाँधती न बारन मुखन कुम्हिलानियाँ।
कीबी कहैं कहा औ गरीबी गहें भागी जाहिं,

बीबी गईं सूथनी सुनीबी गईं रानियाँ ॥६॥
ऊंचे घोर मन्दर के अन्दर रहनवारी,
ऊंचे घोर मन्दर के अन्दर रहाती हैं ।
कन्दमूल भोग करैं कन्दमूल भोग करैं,
तीनबेर खातीं सो तौ तीन बेर खाती हैं ॥
भूषन सिथिल अंग भूषन सिथिल अंग,
बिजन डुलातीं तेव बिजन डुलाती हैं ।
भूषन भनत सिवराजबीर तेरे त्रास,
नगन जड़ातीं ते वे नगन जड़ाती हैं ॥७॥
उतरि पलंगते न दियो है धरापै पग,
तेऊ सगबग निसिदिन चली जाती हैं ।
अति अकुलातीं मुरझातीं ना छिपातीं गात,
बात न सोहातीं बोलै अति अन खाती हैं ॥
भूषन भनत सिंह साहि के सपूत सिवा,
तेरी धाक सुनै अरि नारी बिललाती हैं ।
कोऊ करैं घाती कोऊ रोतीं पीटि छाती,
घरैं तीनि बेर खातीं ते वै बीनि बेर खाती हैं ॥
अन्दर तें निकसीं न मन्दिर को देख्यो द्वार,
बिनरथ पथतें उघारे पावँ जाती हैं ।
हवाऊ न लागती ते हवा ते बिहाल भईं,
लाखन की भीर मैं सम्हारतीं न छाती हैं ॥
भूषन भनत सिवराज तेरी धाक सुनि,
हयादारी चीर फारि मन झुझलाती हैं ।
ऐसी परीं नरम हरम बादसाहन की,
नासपाती खातीं ते बनासपाती खाती हैं ॥
अतर गुलाबरस चोवा घनसार सब,
सहज सुबास की सुरति बिसराती हैं ।
पलभरि पलंगतें भूमि न धरति पावँ,

भूखी खान पान फिरैं बन बिललाती हैं ॥
भूषन भनत सिवराज तेरो धाक सुनि,
दारा हार बार न सम्हार अकुलाती हैं ।
ऐसी परीं नरम हरम बादशाहनकी,
नासपाती खातीं तें बनासपाती खाती हैं ॥
सोंधे को अधार किसमिस जिनको अहार,
चारि को सो अंक लंक चन्द सरमाती हैं ।
ऐसी अरिनारी सिवराज बीर तेरे त्रास,
पायन मैं छाले परे कन्द मूल खाती हैं ॥
ग्रीषम तपन एती तपती न सुनी कान,
कंज कोसी कली बिनु पानी मुरझाती हैं ।
तोरि तोरि आछे से पिछौरा सों निचोरि मुख,
कहैं "अब कहां पानी मुकतौं मैं पानी है ?" ॥
साहि सिरताज औ सिपाहिन मैं पातसाह,
अचल सुसिन्धु के से जिनके सुभाव हैं ।
भूषन भनत परी अस्खरन सेवा धाक,
कांपत रहत न गहत चित चाव हैं ॥
अथह विमल जल कालिंदी के तट के ते,
परे युद्ध विपति के मारे उमराव हैं ।
नाव भरि बेगम उतारैं बांदी डोंगा भरि,
साहि बेका मसक उतरे दरियाव हैं ॥
किबले के ठौर बाप बादसाह साहि जहां,
ताको कैद कियो मानो मक्के आगि लाई है ।
बड़ो भाई दारा वाको पकरि के कैद कियो,
मेहरहु नाहिं वाको जायो सगो भाई है ॥
बंधु तो मुरादबकस बादि चूक करिबे को,
बीच ले कुरान खुदा की कसम खाई है ।
भूषन सुकवि कहै सुनो नवरंगजेब, एते,

काम कीन्हें फेरि पादसाही पाई है ॥
हाथ तसबीह लिए प्रात उठि बन्दगी को,
आपही कपट रूप कपट सुजप के ।
आगरे में जाय दारा चौक में चुनाय लीन्हो,
छत्र ही छिनायो मनो बूढ़े मरे बप के ।
कीन्हों है सगोत घात सो मैं नाहिं कहौं फेरि,
पील पै तोरायो चार चुगुल के गप के ।
भूषन भनत छरछन्दी मतिमन्द महा,
सौ सौ चूहे खाय कै बिलारी बैठी तपके ॥
कैयक हजार जहाँ गुर्ज-बरदार ठाढ़े,
करिकै हुस्यार नीति पकरि समाज की ।
राजा जसवन्त को बुलाय कै निकट राखे,
तखत के नीरे जिन्हैं लाज स्वामिकाज की ।
भूषन तबहुं ठठकत ही गुसुल खाने,
सिंह लौं झपट गुनि माहि महराज की ।
हटकि हथ्यार फड़ बांधि उमरावन को,
लीन्हों तब नौरंग ने भेंट सिवराज की ॥
सबन के ऊपर ही ठाढ़ो रहिबे के जोग,
ताहि खरो कियो जाय जारिन के नियरे ।
जानि गैर मिसिल गुसीले गुसा धरि, उर,
कीन्हों ना सलाम न बचन बोले सियरे ॥
भूषन भनत महाबीर बलकन लाग्यो,
सारी पातसाही के उड़ाय गये जियरे ।
तमक तें लाल मुख सिवाको निरखि भये,
स्याह मुख नौरंग सिपाह मुख पियरे ॥
राना भो चमेली और बेला सब राजा भये,
ठौर ठौर रस लेत नित यह काज है ।
सिगरे अमीर आनि कुन्द होत घर घर,

भ्रमत भ्रमर जैसे फूलन को साज है।
भूषन भनत सिवराज बीर, तैंही देस
देसन मैं राखी सब दच्छिन की लाज है।
त्यागै सदा षटपद-पद अनुमानि यह,
अलि नवरंगजेब चम्पा सिवराज है॥
कूरम कमल कमधुज है कदम फूल,
गौर है गुलाब राना केतकी बिराज है।
पाँडरि पँवार जुही सोहत है चन्द्रावत,
सरस बुंदेला सो चमेली साज बाज है।
भूषन भनत मुचकुन्द बड़गूजर हैं,
बघेले बसन्त सब कुसुम समाज हैं।
लेइ रस एतेन को पैठि न सकत, अहै
अलि नवरंगजेब चम्पा सिवराज है॥
देवल गिरावते फिरावते निसान अली,
ऐसे डूबे राव राने सबी गए लबकी।
गौरा गनपति आप औरन को देत ताप,
आपके मकान सब मारि गये दबकी।
पीरा पयगम्बरा दिगम्बरा दिखाई देत,
सिद्ध की सिधाई गई रही बात रब की।
कासिहु ते कला जाती मथुरा मसीद होती,
सिवाजी न होतो तौ सुनति होत सब की॥
साँच को न मानै देवी देवता न जानै अरु
ऐसी उर आनै मैं कहत बात जब की।
और पातसाहन के हुती चाह हिन्दुन की,
अकबर साहजहाँ कहैं साखि तब की।
बब्बर के तिब्बर हुमायूं हद्द बाँधि गये,
दो मैं एक करी ना कुरान बेद ढब की।
कासिहु की कला जाती मथुरा मसीद होती,

सिवाजी न होतो तौ सुनति होत सब की ॥

कुम्भकर्ण असुर औतारी अवरंगजेब,
कीन्हो कत्ल मथुरा दोहाई फेरी रब की ।
खोदि डारे देवीदेव सहर मुहल्ला बाँके,
लाखन तुरुक कीन्हें छूटि गई तब की ।
भूषन भनत भाग्यो कासीपति बिस्वनाथ,
और कौन गिनती में भूली गति भव की ।
चारौं वर्ण धर्म छोड़ि कलमा नेवाज पढ़ि,
सिवाजी न होतो तौ सुनति होत सब की ॥

दावा पातसाहन सों कीन्हों सिवराज बीर,
जेर कीन्हों देस हद बाँध्यौ दरबारे से ।
हठी मरहठी तामैं राख्यो ना मवास कोऊ,
छीनि हथियार डोलैं बन बनजारे से ।
आमिषाहारी मांसहारी दै दै तारी नाचैं,
खाँडे तोड़ किरचैं उड़ाये सब तारे से ।
पील सम डील जहां गिरि से गिरन लागी,
मुंडमतवारे गिरैं झुंड मतवारे से ॥

छूटत कमान और तीर गोली बानन के,
मुसकिल होत मुरचान हू की ओट मैं ।
ताही समै सिवराज हुकुम कै हल्ला कियो
दावा बाँधि पर हला बीर भट ओट मैं ।
भूषन भनत तेरी हिम्मति कहां लौं कहौं,
किम्मति इहां लगि है जाकी भट भोट मैं ।
ताव दै दै मूछन कँगूरन पै पाँव दै दै,
अरि मुख घाव दै दै कूदै परैं कोट मैं ॥

उतै पातसाहजू के गजन के ठट्ट छूटे,
उमड़ि घुमड़ि मतवारे घन कारे हैं ।
इतै सिवराज जू के छूटे सिंहराज बीर,

बिदारि कुम्भ करिन के चिक्करत कारे हैं।
फौजैं सेख सैयद मुगल औ पठानन की,
मिलि इखलास काहू मोर न सम्हारे हैं।
हद हिन्दुवान की बिहद तरवारि राखि,
कैयो बार दिल्ली के गुमान झारि डारे हैं॥
जीत्यो सिवराज सलहेरि को समर सुनि,
सुनि असुरन के सु सीने धरकत हैं।
देवलोक नागलोक नरलोक गावैं जस,
अजहूं लौं परे खग्ग दाँत खरकत हैं।
कटक कटक काटि कीट से उड़ाय केते,
भूषन भनत मुख मोरि सरकत हैं।
रनभूमि लेटे अधकटे फरलेट परे,
रुधिर लपेटे पठनेटे फरकत हैं॥

---

## मालती सवैया।

केतिक देस दल्यो दल के बल,
दच्छिन चंगुल चापि कै चाख्यो।
रूप गुमान हर्‌यो गुजरात को,
सूरति को रस चूसि कै नाख्यो।
पंजन पेलि मलिच्छ मल्यो सब,
सोई बच्यो जेहि दीन ह्वै भाख्यो।
सो रंग है सिवराज बली जेहिं,
नौरंग मैं रंग एक न राख्यो।
सूबा निरानंद बादरखान गे,
लोगन बूझत ब्योंत बखानो।

दुग्ग सबै सिवराज लिये धरि,
चारु बिचारु हिये यह आनो ॥
भूषन बोलि उठे सिगरे हुतो,
पूना मैं साइतखान को थानो ।
जाहिर है जग मैं जसवन्त,
लियो गढ़सिंह मैं गीदर बानो ॥

---

### कवित्त मनहरन ।

औरि करि जै हैं जुमिलाह्ल के नरेस पर,
तोरि अरि खण्ड खण्ड सुभट समाज पै ।
भूषन असाम रूम बलख बुखारे जै हैं,
चीन सिलहट तरि जलधि जहाज पै ।
सब उमरावन की हठ कूरताई देखौ,
कहैं नवरंगजेब साहि सिरताज पै ।
भीख माँगि खैहैं बिनु मनसब रे हैं,
पै न जै हैं हजरत महाबली सिवराज पै ॥
चन्द्रावल चूर करि जावली जपत कीन्हों,
मारे सब भूप औ संहारे पुर धाय कै ।
भूषन भनत तुरकान दलथम्भ काटि,
अफजल मारि डारे तबल बजायकै ॥
एदिल सौं बेदिल हरम कहैं बार बार,
अब कहा सोवो सुख सिंहहि जगाय कै ।
भेजना है भेजो सो रिसालैं सिवराज जू की
बाजीं करनालैं परनाले पर आय कै ॥

## छप्पय ।

विघ्नपूर बिदनूर सूर सर धनुष न संधहिं ।
मंगल बिनु मलारि नारि धम्मिल नहिं बंधहिं ॥
गिरत गब्भ कोटै, गरब्भ चिंजी चिंजा डर ।
चालकुंड दलकुंड, गोलकुंडा संका उर ॥
भूषन प्रताप सिवराज. तव इमि दच्छिन दिसि संचरहि ।
मथुरा-धरेस धक धकत सो, द्रविड़ निविड़ डर दबि डरहि ॥

---

## कवित्त मनहरन ।

अफजल खान को जिन्हों ने मयदान मारा,
बीजापुर गोलकुंडा मारा जिन आज है ।
भूषन भनत फरासीस त्यों फिरंगी मारि,
हबसी तुरक डारि उलटि जहाज है ।
देखत में रुसतम खाँ को जिन खाक किया,
साल की सुरति आजु सुनी जो अवाज है ।
चौंकि चौंकि चकता कहत चहुँघा ते,
यारो लेत रहौ खबरि कहाँ लौं सिवराज है ॥
फिरगानि फिकिरि औ हद्द सुनि हबसानि,
भूषन भनत कोऊ सोवत न घरी हैं ।
बीजापुर बिपति बिडरि सुनि भाग्यो सब,
दिल्ली दरगाह बीच परी खरभरी है ।
राजन के राज सब साहिन के सिरताज,
आज सिवराज पातसाही चित धरी है ।
बलख बुखारे कसमीर लौं परी पुकार,
धाम धाम धूम धाम रूम साम परी हैं ॥
गरुड़ को दावा सदा नाग के समूह पर,

दावा नाग जूह पर सिंह सिरताज को ।
दावा पुरहूत को पहारन के कुल पर,
पच्छिन के गोल पर दावा सदा बाज को ।
भूषन अखंड नवखंड महिमंडल में,
तम पर दावा रवि किरन समाज को ।
पूरब पछाँह देस दाच्छन तें उत्तर लौं,
जहाँ पादसाही तहाँ दावा सिवराज को ॥
दारा की न दौर यह रारि नहिं खजुवे की,
बाँधिबो नहीं है कैधों मीर सहवाल को ।
मठ विश्वनाथ को न बास ग्राम गोकुल को,
देवीको न देहरा न मन्दिर गोपाल को ॥
गाढ़े गढ़ लीन्हे अरु बैरी कतलान कीन्हें,
ठौर ठौर हासिल उगाहत है सालको ।
बूड़ति है दिल्ली सो सम्हारै क्यों न दिल्लीपति,
धक्का आनि लाग्यो सिवराज महाकाल को ॥
सक्र जिमि सैल पर, अर्क तम फैल पर,
विघन की रैल पर, लम्बोदर लेखिये ।
राम दसकन्ध पर, भीम जरासन्ध पर,
भूषन ज्यों सिन्धु पर कुम्भज विसेखिये ।
हर ज्यों अनंग पर गरुड़ भुजंग पर,
कौरव के अंग पर पारथ ज्यों पेखिये ।
बाज ज्यों बिहंग पर, सिंह ज्यों मतंग पर,
म्लेच्छ चतुरंग पर सिवराज देखिये ॥
वारिधिके कुम्भभव घन बन दावानल,
तरुन तिमिर हू के किरन समाज हौ ।
कंस के कन्हैया कामधेनु हू के कंटकाल,
कैटभ के कालिका बिहंगम के बाज हौ ॥
भूषन भनत जग जालिम के सचीपति

पन्नग के कुलके प्रबल पच्छिराज हो।
रावन के राम कार्त्तवीज कों परसुराम,
दिल्लीपति दिग्गज के सेर सिवराज हो॥
दरबर दौरि करि नगर उजारि डारि,
कटक कटायो कोटि दुजन दरब को।
जाहिर जहान जंग जालिम हैं जोरावर,
चलै न कछूक अब एक राजा रब को।
सिवराज तेरे त्रास दिल्ली भयो भुवकम्प,
थर थर कांपत बिलायति अरब की।
हालत दहलि जात काबुल कंधार बीर,
रोष करि काढ़े समसेर ज्यों गरब को॥
सिवा की बड़ाई औ हमारी लघुताई क्यों
कहत बार बार कहि पातसाह गरजा।
सुनिये, खुमान हरि तुरक गुमान महि-
देवन जेंवायो, कवि भूषन यों बरजा॥
तुम वाको पायकै जरूर रन छोरो वह,
रावरे वजीर छोरि देत करि परजा।
मालुम तिहारो होत याहि मैं निवारो रनु
कायर सों कायर औ सरजा सों सरजा॥
कोट गढ़ ढाहियतु एकै पातसाहन के,
एकै पातसाहन के देस दाहियतु है।
भूषन भनत महाराज सिवराज एकै
साहन की फौज पर खग्ग बाहियतु हैं।
क्यों न होहि बैरिन की बौरी सुनि बैरि-बधू
दौरनि तिहारे कही क्यों निबाहियतु है।
रावरे नगारे सुनि बैरवारे नगरनि,
नैनवारे नदन निवारे चाहियतु है॥
चकित चकत्ता चौंकि चौंकि उठै बारबार,

दिल्ली दहसति चित चाहै खरकति है।
विलखि बदन बिलखात बिजैपुर पति,
फिरत फिरंगिन की नारी फरकति है।
थर थर काँपत कुतुबसाहि गोलकुंडा,
हहरि हबस भूप भीर भरकति है।
राजा सिवराज के नगारन की धाक सुनि,
केते पातसाहन की छाती दरकति है॥
मोरंग कुमाऊँवी पलाऊ बाँधे एक पल,
कहाँ लौं गनाऊं जेऽब भूषन के गोत हैं।
भूषन भनत गिरि बिकट निवासी लोग,
बावनी बवंजा नव कोटि धुन्ध जोत हैं।
काबुल कंधार खुरासान जेर कीन्हों जिन,
मुगल पठान सेख सैयदहु रोत हैं।
अब लगि जानत हे बड़े होत पातसाह,
सिवराज प्रगटे तें राजा बड़े होत हैं॥
दुग्ग पर दुग्ग जीतें सरजा सिवाजी गाजी,
उग्ग नाचे उग्ग पर रुंड मुंड फरके।
भूषन भनत बाजे जीति के नगारे भारे,
सारे करनाटी भूप सिंहल को सरके॥
मारे सुनि सुभट पनारे वारे उदभट,
तारे लगे फिर न सितारे गढ़धर के।
बीजापुर बीरन के, गोलकुंडा धीरन के,
दिल्ली उर मीरन के दाड़िम से दरके॥
मालवा उजैन भनि भूषन भेलास ऐन,
सहर सिरौंज लौं परावने परत हैं।
गौंडवानो तिलगानो फिरगानो करनाट,
रुहिलानों रुहिलन हिये हहरत हैं॥
साहि के सपूत सिवराज तेरी धाक सुनि,
गढ़पति बीर तेऊ धीर न धरत हैं।

बीजापुर गोलकुंडा आगरा दिल्ली के कोट,
बाजे बाजे रोज दरवाजे उघरत हैं ॥

मारि करि पातसाही खाकसाही कीन्हीं जिन,
जेर कीन्हों जोर सों लै हद सब मारे की।
खिसि गई सेखी फिसि गई सूरताई सब,
हिसि गई हिम्मति हजारों लोग सारे की।
बाजत दमामे लाखौं धौंसा आगे घहरात,
गरजत मेघ ज्यों बरात चढ़े भारे की।
दूलहो सिवाजी भयो दच्छिनी दमामे वारे,
दिल्ली दुलहिनि भई सहर सितारे की ॥

डाढ़ी के रखैयन की डाढ़ी सी रहति छाती,
बाढ़ी मरजाद जस हद्द हिन्दुवाने की।
कढ़ि गई रैयति के मन की कसक सब,
मिट गई ठसक तमाम तुरकाने की ॥
भूषन भनत दिल्लीपति दिल धकधका,
सुनि सुनि धाक सिवराज मरदाने की।
मोटी भई चंडी बिनु चोटी के चबाय सीस,
खोटी भई सम्पति चकत्ता के घराने की ॥

जिन फन फुतकार उड़त पहार भार,
कूरम कठिन जनु कमल बिदलि गो।
विषजाल ज्वालामुखी लवलीन होत जिन,
झारन चिकारि मद दिग्गज उगलि गो ॥
कीन्हों जेहि पान पयपान सो जहान कुल,
कोल हू उछलि जल सिन्धु खलभलि गो।
खग्ग खगराज महाराज सिवराज जू को,
अखिल भुजंग मुगलद्दल निगलि गो ॥

सुमन में मकरन्द रहत है साहि नन्द,
मकरन्द सुमन रहत ज्ञान बोध है।
मानस में हंस बंस रहत हैं तेरे जस,
हंस में रहत करि मानस विसोध है।
भूषन भनत भौंसिला भुवाल भूमि तेरी,
करतूति रही अदभुत रस मोध है।
पानि में जहाज रहै लाज के जहाज महा-
राज सिवराज तेरे पानिप पयोध है॥

बेद राखे बिदित पुरान राखे सारयुत,
राम नाम राख्यो अति रसना सुघर में।
हिन्दुन की चोटी रोटी राखी है सिपाहिन की,
काँधे में जनेऊ राख्यो माला राखी गर में।
मीड़ि राखे मुगल मरोड़ि राखे पातसाह,
बैरी पीसि राखे बरदान राख्यो कर में।
राजन की हद्द राखी तेग बल सिवराज,
देव राखे देवल स्वधर्म राख्यो घर में॥

---

## फुटकर कवित्त (शिवराज भूषण से)

जै जयन्ति जै आदिशक्ति जै कालि कपर्दिनि।
जै मधुकैटभ दलनि देवि जै महिष विमर्दिनि।
जै चमुंड जै चंडमुंड भंडासुर खंडिनि।
जै सुरक्त जै रक्तबीज बिड्डाल विहंडिनि।
जै जै निशुम्भ शुम्भद्दलनि भनि भूषन जै जै भननि।
सरजा समर्थ शिवराज कहँ देहु विजय जै जगजननि॥

आये दरबार बिललाने छरीदार देखि
    जापताकरनहारे नेक हू न मनके ।
भूषन भनत भौंसिलाके आय आगे ठाढ़े
    बाजि भये उमराय तुजुक करन के ।
साहि रह्यो जकि सिवसाहि रह्यो तकि
    और चाहि रह्यो चकि बने ब्योंत अनबन कें ।
ग्रीषम के भानु सों खुमान को प्रताप
    देखि तारे सम तारे गये मूंदि तुरकन के ॥

चन्दन में नाग, मद भर्‌यो इन्द्रनाग,
    विष भरो शेषनाग कहै उपमा अबस को ।
भोर ठहरात, न कपूर बहरात,
    मेघ सरद उड़ात बात लगे दिसि दस को ।
    शम्भु नीलग्रीव भौंर पुंडरीक ही बसत
सरजा सिवाजी सम भूषन सरस को ।
    छीरधि में पंक, कलानिधि में कलंक यातें
रूप एकटंक ए लहैं न तव जसको ॥

तो सम ही सेस सो तो बसत पताललोक
    ऐरावत गज सो तो इन्द्रलोक सुनिये ।
दूरि हंस मानसर ताहि में कैलाश धर
    सुधा सुरबर सोऊ छोड़ि गयो दुनिये ।
सूर दानी सिरताज महाराज सिवराज
    रावरे सुजस सम आजु काहि गुनिये ?
भूषन जहां लौ गनौं तहां लौं भटकि हार्‌यो
    लखिये कछू न केतो बातें चित चुनिये ॥

तेरो तेज सरजा समर्थ दिनकर सो है
    दिनकर सोहै तेरे तेजके निकर सो ।

भौंसिला भुवाल तेरो जस हिमकर सो है
हिमकर सोहै तेरे जस के अकर सो ।
भूषन भनत तेरो हियो रतनाकर सो
रतनाकरो है तेरे हिये सुखकरसो ।
साहि के सपूत सिवसाहि दानि तेरो
कर सुरतरु सो है, सुरतरु तेरे करसो ॥

इन्द्र जिमि जंभ पर बाड़व सु अंभ पर
रावन सदंभ पर रघुकुलराज है ।
पौन बारिवाह पर शम्भु रतिनाह पर
ज्यों सहसबाहु पर राम द्विजराज है ।
दावा द्रुमदंड पर चीता मृगझुंड पर
भूषन बितुंड पर जैसे मृगराज है ।
तेज तमअंस पर कान्ह जिमि कंस पर
त्यों मलिच्छ वंश पर शेर शिवराज है ॥

साहितनय सरजा सिवा की सभा जा मधि है,
मेरुवारी सुर की सभा को निदरति है ।
भूषन भनत जाके एक एक सिखर तें
केते धौं नदी नदकी रेल उतरति है ।
जोन्हको हंसत जोति हीरा मनि मन्दिरन
कंदरनमें छवि कुहूकी उछरति है ।
ऐसो ऊंचो दुरग महाबली को जामें नख-
तावली सों बहस दिपावली करति है ॥

सिंह थरि जाने बिन आवली जंगल भठी
हठी गज एदिल पठाय करि भटक्यो ।
भूषन भनत देखि भभरि भगाने सब
हिम्मति हिये में धरि काहुवै न हटक्यो ।

साहिके सिवाजी गाजी सरजा समर्थ महा
मदगल अफजलै पंजाबल पटक्यो।
तो बिगिरि ह्वै करि निकाम निजधाम कहं
आकुत महावत सुआँकुस लै सटक्यो॥

साहि तनय सिवराज भूषन सुजस तव
बिगिर कलंक चन्द उर आनियतु है।
पंचानन एक ही वदन गनि तोहि गजा-
नन गजबदन बिना बखानियतु है।
एक सीसही सहस सीस कला करिबे को
दुहूँ दृग सों सहस दृग मानियतु है।
दुहूं करसों सहस कर मानियतु तोहि
दुहूं बाहुसों सहसबाहु जानियतु है।

कवि कहै करन करन जीत कमनैत
अरिनके उर माँहि कीन्ह्यो इमि छेव है।
कहत धरेस सब धराधर सेस ऐसो
और धराधरनको मेट्यो अहमेव है।
भूषन भनत महाराज सिवराज तेरो
राजकाज देखि कोऊ पावत न भेव है।
कहरी एदिल मौज लहरी कुतुब कहै
बहरी निज़ामके जितैया कहैं देव है॥

पैज प्रतिपाल भूमिभार को हमाल चहुं
चक्क को अमाल भयो दंडक जहान को।
साहिन को साल भयो ज्वालको जवाल भयो
हरको कृपाल भयो हारके बिधानको।
बीर रस ख्याल सिवराज भुवपाल तुव
हाथको बिसाल भयो भूषन बखान को।

तेरो करवाल भयो दच्छिण को ढाल भयो
        हिन्द को दिवाल भयो काल तुरकान को ॥

आवत गुसुलखाने ऐसे कछु त्यौर ठाने
        जाने अवरंगजू के प्रानन को लेवा है।
रस खोट भये ते अगोट आगरे में सातौ
        चौकी डाँकि आनि घर कीन्हीं हद रेवा है।
भूषन भनत वह चँहूं चक्क चाहि कियो
        पातसाहि चकता की छाती माहि छेवा है।
जान्यो न परत ऐसे काम है करत कोऊ
        गन्धरब देवा है कि सिद्ध है कि सेवा है॥

तेरे ही भुजन पर भूतल को भार, कहिबे
        को सेसनाग दिगनाग हिमाचल है।
तेरो अवतार जग पोसन भरनहार
        कछु करतार को न ता मधि अमल है।
साहिस में सरजा समर्थ सिवराज कवि
        भूषन कहत जीवो तेरोई सफलहै ।
तेरो करवाल करै म्लेच्छन को काल
        बिन काज होत काल बदनाम धरातल है॥

साहिन के सिच्छक सिपाहिन के पातसाह
        संगर में सिंह कैसे जिनके सुभाव हैं।
भूषन भनत सिवसरजा की धाक ते वै
        काँपत रहत चित गहत न चाव हैं।
अफजल की अगति सासता की अपगति
        बहलोल बिपति सों डरे उमराव हैं।
पक्का मतो करिकै मलिच्छ मनसब छोड़ि
        मक्का ही के मिसि उतरत दरियाव हैं॥

साहितनय सरजा खुमान सलहेरि पास
　　कीन्हों कुरुखेत खीझि मीर अचलन सों।
भूषन भनत बलि करी है अरीन धर
　　धरनी पै डारि नभ प्रानदै बलन सों॥
अमर के नाम के बहाने गो अमरपुर
　　चन्दावत लरि सिवराज के दलनसों।
कालिका प्रसाद के बहानेते खवायो
　　महि बाबू उमराव राव पसु कै छलनसों॥

लूट्यो खान दौरा ज़ोरावर सफजंग अरु
　　लूट्यो मार तलबखाँ मानहुं अमाल है।
भूषन भनत लूट्यो पूनामें सइस्तखान
　　गढ़न में लूट्यो त्यों गढ़ोइनको जाल है।
हेरि हेरि कूटि सलहेरि बीच सरदार
　　घेरि घेरि लूट्यो सब कटक कराल है।
मानो हय हाथी उमराव करि साथी
　　अवरंग डरि सिवाजी पै भेजत रिसाल है॥

कीरति सहित जो प्रताप सरजा में बर
　　मारतंड मध्य तेज चांदनी सो जानी मैं।
सोहत उदारता औ शीलता खुमान में सो
　　कंचन में मृदुता सुगंधता बखानी मैं।
भूषन कहत सब हिन्दुन को भाग फिरैं
　　चढ़े तें कुमति चकताहू की निसानी मैं।
सोहत सुबेस दान कीरति सिवामें सोई
　　निरखी अनूप रुचि मोतिन के पानी मैं॥

सीता संग सोभित सुलच्छन सहाय
　　जाके भू पर भरत नाम भाई नीतिचारु है।

भूषन भनत कुलसूर कुलभूषन हैं
दासरथी सब जाके भुज भुव भार है।
धरि लंकतोर जोर जाके संग बानर हैं
सिंधुर हैं बांधे जाके दलको न पार है।
तेगहि के भेंटे जौन राकस मरद जानें
सरजा सिवाजी राम ही को अवतार है॥

देखत स्वरूप को सिहात न मिलन काज
जग जीतिवे की जामे रीति छल बल की।
जाके पास आवै ताहि निधन करति वेगि
भूषन भनत जाको संगति न फलकी।
कीरति कामिनी रच्यौं सरजासिवा की एक
बस कै सकै न बस करनी सकल की।
चंचल सरस एक काहू पै न रहै दारी
गनिका समान सुबेदारी दिली दल की॥

पीरी पीरी हुवै तुम देतही मगाय हमै
सुबरन हम सो परखि करि लेत हौ।
एक पलही में लाख रुखन सों लेत लोग
तुम राजा ह्वै कै लाख दीबे को सचेत हौ।
भूषन भनत महराज सिवराज बड़े
दानी दुनी ऊपर कहाए केहि हेत हौ।
रीझि हंसि हाथी हमै सब कोऊ देत कहा
रीझि हंसि हाथी एक तुमहियै देत हौ॥

महाराज सिवराज चढ़त तुरंग पर
ग्रीवा जात नै करि गनीम अतिबल को।
भूषन चलत सरजा की सैन भूमि पर
छाती दरकत है खरी अखिल खल को॥

कियो दौरि घाव उमरावन अमीरन पै
गईं कटि नाक सिगरेई दिलीदल की।
सूरत जराई कियो दाह पातसाह उर
स्याही जाय सब पातसाही मुख झलकी॥

भूपति सिवाजी तेरी धाक सों सिपाहिन के,
राजा पातसाहिन के मनते अहं गलो।
भौंसिला अभंग तू तौ जुरतो जहांई जंग
तेरो एक फतै होत मानो सदा संग लो।
साहि के सपूत पुहुमी के पुरहूत कवि
भूषन भनत तेरी खरगउ ढंग लो।
सत्रुन की सुकुमारी थहरानी सुन्दरी औ
सत्रु के अगारन में राखे जंतु जंगलो॥

सिवाजी खुमान सलहेरि में दिलमि दल,
कीन्हों कतलाम करवाल गहि करमें।
सुभट सराहे चन्दावत कछवाहे,
मुगलौ पठान ढाहे फरकत परे फरमें।
भूषन भनत भौंसिला के भट उदभट,
जीति घर आये धाक फैली घर घरमें।
मारु के करैया अरि अमरपुरैगे तऊ
अजौं मारु मारु सोर होत है समर में॥

## 5. GORE LAL OR LAL KAVI

" He was a Brahman and acted as the family priest to Raja Chhattrasal of Panna. Besides being a good writer he was a brave warrior. He accompanied Chhattrasal in many of his campaigns. He has chronicled the deeds of Chhattrasal and has given a brief history of the Buudelas in his well known work, Chhattra-Prakasa. Another work of his that needs mention is Raja Binoda which was written for the perusal of Raja Chhattrasal. His descendants are still found in many places."[1]

" He was present at the battle of Dholpur between Dara Shukoh and Aurangzeb, in which Chhattrasal was killed. Garcin de Tassy gives the folloAving account of this work, which I have not myself seen :—It deals with the wars and order of succession of the ancient Rajas of Bundelkhand and with the valour of the warrior nation of the Bundelas. It contains minute details of the life of Chhattrasal and of his father Raja Champati Ray. Captain Pogson has given a tianslation of Lai's work under the title of a history of the Bundelas and Major Price has given the text of that portion of the work which refers to Chhattrasal under the title of Chhattra Prokash or Biographical Account of Chhattrasal."[2]

To understand the extracts it is necessary to have some idea of the history of Bundelkhand. Bir Singh Deo has already been noticed before. After his death he was succeeded by his son Jujhar Singh. Jujhar "distrusted

1. First Triennial Kcport of the Search of Hindi Manuscripts by B. Shyamsundar Das B.A.—Report.

2. Modern vernacular Literature of Hindustan, p. 77.

all the Bundelas and made some alterations and reductions in the jagirs." He was the brother of the famous Hardeo Singh commonly known and worshipped in Bundelkhand as Hardaol Baba. The story of Hardaol is thus summarised in the history of "Western Bundelkhand by Mr. C. A. Silberrard[1] "About 1031, JujharSingh in accordance with an order of the Emperor, went to Choragarh to light on his behalf, and left his brother Har Deva at Orchha in charge of the kingdom. On his return, suspecting an intrigue between his wife and liar Deva, he questioned her. The Bani replied, 'as he is your brother I love him, there is nothing else between us.' The Baja said, 'if you are true obey me and poison him.' The Bani obeyed, but felt such remorse that she poisoned herself too. The Baja mourned her death deeply, and in 1032 performed the ceremony of Aghmarshanyug to purge himself of the sin of murdering his brother. Munshi Harnarain, an historian, says that Har Deva after his death, appeared as a spirit and revealed to many that Jujhar Singh had poisoned him to prevent his succession, being himself childless. As soon as Shahjahan heard of this he issued a proclamation directing altars to be erected in honour of Har Deva and the dethronement of Jujhar Singh. Baki Khan was directed to enforce this order and went to Orchha with a strong force, but was defeated and returned to Delhi..............In 1633 Shahjahan sent an expedition commanded by Muhammad Shah, Wali Bahadur Khan, Nausher Khan, and Abdullah Khan. They were however so little successful that they agreed to a compromise by which Pahar Singh became the acknowledged Baja of Orchha, while Champat Bai

1. Journal of Asiatic Society of Bengal, 1902, p. lio.

contented himself with seeking possessions elsewhere (1610 A.D. ?)"

The next extract describes the assistance given by Champat Rai to Aurangzeb. In the battle of Samugarh (1658 A.D.), which placed Aurangzeb on the throne of India, Champat Rai and his Bundelas greatly distinguished themselves by their valour, and Raja Ram, one of their leaders, a nehew of Champat Rai, was slain. In return for these services Aurangzeb granted Champat Rai a command of 12,000 men, and a jagir or appanage free from revenue "extending from Orchha to Mol Kanar," and thence to the Jumna. This command he very soon after resigined, on being called to account for not attending the Emperor in his march against Shah Shu ja. Champat Rai then retired to the fort of Airuchh and there planned further schemes to rid his country of the hated Musalmans.

The third extract describes the meeting of his son and successor Chattrasal, the most famous of the Rajahs of Bunclelkhand with Shivaji and Sujan Singh, the son and successor of Pahar Singh.

The passages are taken from the edition of the book published at Fort William in 1829, a copy of which I found in the Bharati Bhavan Library, Allahabad.

I, Buodelkhand Gazetteer.

लाल कवि कृत

## छत्रप्रकाश ।

पांचवां अध्याय ।

## जीरवध-पहारसिंह प्रपंच वर्णन ।

छंद

एक जीभ सो कहा गुनाऊं ।
कछु कथा संक्षेप सुनाऊं ॥
एक समय दिल्लीपति कोप्यो ।
पग न जुझार सिंह * नै रोप्यो † ॥
अरब खरब लौं हुते खजाने ।
सो न जानिये कहां बिलाने ॥
साठि हजार सुभट दल फूल्यो ।
कोउ कहूं न मारिउ छूल्यो ॥
साहि अज्ञान देस सब लीनों ।
कियो बुंदेलखंड बलहीनो ॥
हीनो देखि बुंदेल बल दीन प्रजन के काज ।
चंपतराइ सुजान मिलि कियो मंत्र तिहिं राज ॥
कछू काल गति जानि न जाई ।
सब तें कठिन काल गति गाई ॥
रीती भरै भरी ढरकावै ।
औ मनु करै तो फेर भरावै ॥
कीजे कहा नृपति नहिं सूझै ।
काल ख्याल काहू नहिं सूझै ॥

---

* Son and successor of Birsingh Deo brother of the famous Hardeo (Hardaol).

† Did not oppose him.

साठि हजार सुभट लै भागी।
काहू के न जगाये जागी॥
फिरे मुलक में मुगल गहेले।
सिंहन की भुवरी * गज खेले।
जाको बैरी करै बचाई।
सो काहे को जनम्यो माई॥
अब उठिके यह मंत्र विचारौ।
मुलक उजार लक्ष संहारौ॥
खान गनंता पौरुष हारे।
सो जीतै जो पहिले मारे॥
यहै मंत्र ठहराइ कै, उमड़े दोऊ बीर।
दोनो मुलुक उजारि कै ऐसे अति रनधीर॥
लाये मुलक उठाये थाने।
सुनि सुनि साहि बहुत मुरझाने॥
नौसेरी † सूबा पहिरायो।
पीठल गौर सहायक आयो॥
सुनि बाइस उमराइ उमंडे।
थाने छोड़ भोड़के मंडे॥
बिरझ्यो चंपतिराइ बुंदेला।
फौजन पर कीन्हो बगमेला॥
जबै कमान कुण्डलित कीन्ही।
कठिन मार तीरन की दीन्ही॥
तीछन तीर बज्र से छूटे।
बखतरपोस प्रान से फूटे॥
फौज फारि चंपति रन जीत्यो।
अरि पर प्रलै काल सम बीत्यो॥

---

* Elephants sported in the land of lions. Musalmans occupied the country of Bundelas.

† Commander of the imperial army.

मोर गौर की फौज हराई।
मुगल संहारि करो मन भाई॥
मार्यो ठिल सहिबाजखां दियो ओड़छो वारि।
फते फतेखां सो लई वाकीखान संहारि॥
मारि लूट सब फौज हराई।
सूबा दिलमें दहसत खाई॥
चहुंओर तें सूबा घेरी।
दिसनि धलाल चक्रसी फेरी॥
जरो सिरौंज भेलसा भाग्यो।
धर * उज्जैन धर धरा लाग्यो॥
छांते धमकि धमौनो मारो।
गोपाचल † मे खलभल पारो॥
मुलक नहिं जात गनाये।
चामिल तें रेवा लौं लाये॥
पजरे सहर साहि के बांके।
धूम धूम में दिनकर ढांके॥
सब उमराइन चौथ चुकाई।
मोड़े को चंपति की धाई॥
लिखीं खबर आखिर ‡ ठिठकाई।
पातसाह को बांच सुनाई॥
चंपति के परताप तें पानिप गयो ससाइ।
§ पौसेरो भरि रहि गयो नौसेरो उमराइ॥
सुनत साहि फिर भेजो फौजें।
उमड़ो दरिया कैसी मौजें॥

---

* Dhar.

† Gwalior.

‡ NEWS suppliers.

§ One quarter of a seer.

खान जहां सूबा चढ़ि आयो ।
त्योंही सैद मुहम्मद धायो ॥
बलो बहादुरखान हंकायो ।
अब अब दुल्लहखां पग धायो ॥
और संग उमराइ घनेरे ।
आये उमड़ि कालके प्रेरे ॥
डंका आइ देस में कीनो ।
मुगल पठान जुद्धरस भीनो ॥
छाइ छाइ रविमंडल लीन्हों ।
नौसेरो खां को बल दीन्हो ॥
बल को पाइ मुगल दल गाजी ।
पिसे बजाइ जुद्ध के बाजे ॥
बड़ी फौज लखि चंपति फूले ।
श्रीपति सगुन भये अनुकूले ॥
सगुन भये अनुकूल सब फूले चंपति राइ ।
अति अदभुत विक्रम रच्यो कासों बरनो जाइ ॥
कब हूं प्रगटि जुद्ध में हांके ।
मुगल न मारि पुहुंमि तल ढांके ॥
बानन बरषि गयन्दनि फोरे ।
तुरकनि तमकि तेग तर तोरे ।
बबहूं जुरे फौजसों आछे ।
लेइ लगाइ आलु दै पाछे ॥
बांके ठौर ठौर रन मंडे ।
हाड़ा करे डांडु * लै छंडे ॥
कब हूं उमड़ि अचानक आवै ।
घन से उमड़ि लोह बरसावै ।

* दंड।

कबहुं हांकि हरौलनि कूटै ।
कबहुं चांपि चंदावलनि लूटै ।
कबहुं देस दौरि कै लावै ।
रसद कहूं की कढ़न न पावै ।
चौकी कहै कहां हूं जैहौ ।
जित देखौ तित चंपति है हौ ॥
चौंकि चौंकि चौकी उठै दौंकि दौंकि उमराव ।
फाके लसकर में परे थाके सबै उपाव ॥
जब उपाव सूबनि के थाके ।
सुनि सुनि साहि सबनिकों ताके ।
अब कीजै कैसो मनसूबा ।
हैं हैरान सोगरे सूबा ॥
तब मंत्रिन मिलि मंत्र बिचार्यो ।
चंपति डर नहिं ये सब हार्यो ।
जो अनेक जुद्धन कों जीतै ।
सो फल पावै जो चित चीतै ॥
तासों भूल बिरोध न कीजै ।
जो कीजै तो तन धन छीजै ॥
चंपति कै चितकी हम जानै ।
औरनि बैठ न पावै थानै ॥
राज ओड़छे को सुन लीजै ।
प्रबल पहार सिंह को दीजै ॥
पायो राज पहार नृप चलो चाह सब ठाव ।
गई भूमि भुजदंड बल फेरी चंपतिराव ॥
गई भूमि चंपति फिर फेरी ।
मिटी फिकिर दाहिनी डेरी ।
नगर ओड़छे बजी बधाई ।
भई देस के मनकी भाई ॥

मेंड * बुंदेल खण्ड की राखी ।
रही मेंड अपनी अभिलाषी ॥
नृपति पहारसिंह सुख पायो ।
चंपतिराइ मिलन को आयो ॥
तब नृप कलस पांवड़े कीने ।
आदर करि आगेसर लीने
भुजा पसारि मिले छबि छाये ।
उमगि अंगननि मंगल गाये ॥
मुकताहलन अतुल भुज पूजी ।
चंपति के सब ह्वो जस कूजी ॥
धन चंपति फिरि भूमि बहोरी ।
भुजन पातसाही झकझोरी ॥
प्रलय पयोधि उमंड में ज्यों गोकुल जदुराइ ।
त्यों बूड़त बुन्देलकुल राख्यो चंपतिराइ ॥
राज पहारसिंह को राख्यो ।
उन उर दोष धर्‍यो गुन नाख्यो ।
सब जग चंपति के जस गावै ।
सुनि सुनि अमरख भूप उर आवै ॥
बढ़ी ईरषा उरमें ऐसी ।
कथा भीम दुर जोधन कैसी ।
उरमें छई कपट कुटिलाई ।
करन लगी अपनी मनभाई ॥
नृप मनमें यह मंत्र विचार्‍यो ।
इति चंपति अरि कौ दल झार्‍यो ।
इनको मन तबही ते बाढ्यो ।
त्योंही सुजस जगत सुख काढ्यो ॥

---

* प्रतिज्ञा ।

अब लौं लौं इनके जस फैलै।
तब लौं बदन हमारे मैलै।
अब जो काहू फिसाद उठावै।
तो हम पै दिलगीर बढ़ावै॥
तातैं जो चढ़ि मारियै तौ अपजसु बिस्तार।
ज्योति गुपित कछु दीजियै यहै मंत्र हैं सार॥
सार मंत्र ऐसो ठहरायो।
पाय पहारसिंह उर आयो।
बिसर गई जो करी भिकाई।
उगल्यो गरल दूध को थाई॥
एक समै ज्योते सब भाई।
आदर सों ज्योनार बनाई।
उमंग भरे सब बन्धु बुलाये।
चंपति राइ सहित सब आये॥
जथा उचित हित सों बैठारे।
परसन लगी बिसद पनवारे।
तहां भूप जे कुल के माने।
ते हित मैं काहू नहिं जाने॥
पनवारो चंपति को आनौ।
देखि सुवा सारो बिररानौ।
लोचन मूंदि चकोर डेराने।
जानि गये जे चतुर सयाने॥
आननहारे आनियौ भोजन के आरंभ।
भिंम बुन्देला कौं भयो प्रगट भूप कौं दंभ॥
भिंम दंभ भूपति को जान्यो।
अपनौ प्रान त्याग उर आन्यो।
चंपति को पनवारो लीनौ।
अपनौ बदल चंपतिहि दीनौ॥

भोजन करि डेरन कौं आये।
गुपित मंत्र काहु न जनाये।
लगो भिंम को अतुल दिगाई *।
तुरतहि मीच समै बिन आई॥
भिंम लोक आनंद में पायो।
बन्धु हेत निज प्रान गँवायो।
गुपित हती नृपकी कुटिलाई।
प्रगट भिंम की मीच बताई॥
कोऊ करौ कितौ चतुराई।
पाप रीत नहिं छिपै छिपाई।
जो बिधि रची होत है सोई।
जस अपजसै लेहु किन कोई॥
यह उपाइ निरफल भयो नृप पहिराई † चोर।
चटक चपट पटमें चढ़े दये बीर पर बीर॥
नृपति पचार चोर पहिराये।
चंपति के मारन को आये।
जबही रैन अन्धेरी आई।
चले करन तसकर मन भाई॥
स्याम रंग कुलही सिर दीन्हे।
स्याम रंग कछनी कछ लीन्हे।
बाढ़ि धरे बगुदा कटि बांधे।
स्याम कमान स्याम सर सांधे॥
होत न आहट भी पग धारे।
बिन घंटन ज्यों गजमतवारे।
स्याम रंग तन माइ समाने।
चौकीदारन जातन जाने॥

* Poison.
† Watchman.

चोर पैठि महलनि में आये।
तहां ब्यौत हैं बर्न बनाये।
और भौन में दीपक दीन्हौ।
निज घरको चंपति घर कीन्हौ। * ॥
और दीप परगास में लख्यो छांह तें चोर।
तानि कमपटी में हन्यो कढ्यो बान उहि ओर॥
गिर्‌यो चोर चंपति को मार्‌यो।
औरनि लियो उठाइ निहार्‌यो।
चले चोर सब लोग जगाये।
सोर मार करि दूर भगाये॥
सदा प्रबुद्ध बुद्धि है जाको।
तासों कैसे चले कजाको।
यह सुनि कै चंपति की माता।
दान बिधान ज्ञान गुनज्ञाता॥
निकट आपने पुत्र बुलाये।
सुखद मंत्र के बचन सुनाये।
तुम कीन्ही नृप को हित ऐंडै।
अब नृप पर्‌यो तुम्हारे पैंडैं॥
तातें अब यह मंत्र बिचारो।
दिल्लीपति मिलि बो अखत्यारो।
मिलै दिल्लीस बहुत सुख पै है।
मन मान्यो मनसब कर दै है॥
ऐसे मंत्र बिचारि के पठयो दिल्ली वकील।
सुनत साहि उमग्यो हियो काम देखौं वह डील॥
सुनत साहि चंपति चित चाहे।
देखन के उर लगी उमाहे।

---

• Extinguished, still spoken in Fatohgnrh.

पहुंच्यो चंपतिराइ बुन्देला ।
मानो साहि धन्य वह बेला ।
दै मनसब खंधार पठाये ।
दाराकौ ताबीन लगाये ॥
गढ़ खंधार जाइके घेर्‍यो ।
मुलकनि हुकुम साहि कौ फेर्‍यो ॥
जब उमराइ घेरि गढ़ लागे ।
चंपतिराइ जुद्ध रस पागे ।
गढ़ के निकट मोरचा रोपे ।
सब उमराइन के जस लोपे ॥
ढकिल करी सब तें अधिकाई ।
घोड़ी * गुरु गोलिन की घाई ॥
डारें हलनि हलाइ गढोईं ।
अरि के हिय की हिम्मत खोईं ॥
दारा गढ़ खंधार की पाई फतै अचूक ।
चंपति की हिम्मत लखे उठी हिये में हूक ॥
चंपति की हिम्मत उर आनै ।
रीझ ठौर दारा अनखानै ।
फतै पाइ दिल्ली फिरि आये ।
मुजरा करिके साहि मिलाये ॥
सिंह पहार अनख उर आनै ।
ठान प्रपंचति के उर ठानै ।
चारी करै आप अहुं फेरा ।
खोज डारि चंपति के डेरा ॥
खोज पाइ जग इन्हें लगावै ।
निरभौ देत अभय उर आवै ।

---

* बड़ी ।

इहि विधि डोर भेद को डारै ।
चतुरनहुं नहिं परत निहारै ॥
कपट प्रपंच सु झूंठे करि ल्यावे ।
झूठ ठौरि ते सांच बतावे ।
लिखै चितेओं ज्यों अलखोची ।
सम कागद में ऊंची नीची ॥
दुहुं ओर अन्तर पर्यो क्रम ही क्रम यह रीति ।
हिये चनहु उनकै बढ्यो इनके धरी प्रतीति ॥
दुहुन ओर अन्तर जब आन्यो ॥
पिसुन * प्रवेस तबै उर आन्यो ।
भूप कह्यो दारासों ऐसे ।
सुनी भाग संपति को जैसे ॥
तीन लाख को कौच सुहाई ।
दई ताहि इनको मन भाई ।
हाल जमा नौ लाख गनाई ।
बिना तफावत अब लौं खाई ॥
तातें कौच इमै जो दीजे ।
तौ नौ लाख रुपैया लीजे ।
यह सुनि के दारा सुख पायौ ।
पहिली अनहु हिये चढ़ि आयो ॥
जहां न गुन की बूझ बड़ाई ।
चुगली सुनै चित्त दै साई ।
रीझ ठौर प्रभु खीझ जनावै ।
तहां कौन गुन गुनी चलावै ॥
रीझ फूलि खंडन करै डारि खीझि के डोर ।
ऐसो स्वामी सेइये तासे दुःख न चौर ॥

---

* Cheat, informer.

दारा साहि लोभ उर आन्यो।
सेवा को सिगरो फल मान्यो।
चंपति को यह बात सुनाई।
तू जागीर तौगुनी पाई॥
कौंच पहारसिंह मन भाई।
देता हौं मोरे मन आई।
तोन हुकम दारा जो बोले।
चंपतिराइ बचन त्यों खोले॥
कौंच जाइ चंडालनि दीजै।
वृथा हमारो छोर न छीजै।
यह सुनि कै दारा अनखान्यो।
अरुन रंग आनन में आन्यो॥
चंपति राइ समर उर ठान्यो।
दिग्गज से दोऊ ऐंड़ान्यो।
दिगपालन को दहसत बाढ़ी।
मजलिस रही चित्र ज्यों काढ़ी॥
दिगपालन दहसत बढ़ी कठिन देखि यह काल।
तुरत आनि आड़ा भयो हाड़ा श्री छत्रसाल॥
हाड़ा चंपति कै ढिग आयो।
दारा को न भयो मन भायो।
दारा अन्दर कों पग धारे।
चंपति के इत बजे नगारे॥
डंका प्रगट विसर के बाजे।
चंपति राइ देस में गाजे।
छोड़ि पातसाहन की सेवा।
कियो अलंकृत आइ महेवा॥
पुत्र कलत्र मित्र सब भेंटे।
दिल के दुःख सबन के मेटे।

चहुं चक फौजें फरमाई ।
अरि को बदन जोति मैलाई ॥
धमिकनि गढ़ धरि दिये सुवाई ।
सूबन सों हठि चौथि चुकाई ।
दै हयवृन्द कविन्दन गाजै ।
निरमल सुजस जगत छवि छाजै ॥
फैले चंपतिराइ के जग में सुजस बिलंद ।
उदे भये तिहुंलोक जनु कैयक कोटिन चन्द ॥
तिहुं लोक चंपति जसु जाग्यो ।
सुनि सुनि को न हिये अनुराग्यो ।
नृपति पहार करी जे घातें ।
ते प्रगटी कहिबे की बातें ॥
जग में करो जेम हत मानै ।
मोको करो लटो उर आनै ।
तिनके अस जे बने बनाये ।
नृपति पहारसिंह ते पाये ॥
सदा न जग में जीवै कोई ।
जस अपजस कहिबे को होई ।
जग जबते अपजस जम छावै ।
क्रम ते अध उरधि गति पावै ॥
खोदे कुआ पधारे खाले ।
महल उठावै ऊंचे चाले ॥
यहि बिधि कर्मन की गति गाई ।
बेद पुरानन सुनी सुनाई ।
जैसी मति उपजै हिये तैसो मनु ठहराइ ।
बोय हार जैसो कछू तैसो मिले लहाइ ॥

## छठां अध्याय।

### औरंगजेब प्रपंच-चंपतिराय विक्रम-मुकुन्द हाड़ा बध दारा साह पराजय—छत्रसाल हाड़ा बध।

छन्द।

एक और अब सुनो कहानी।
होनहार गति जात न जानी।
साहि जहां दिल्लपति गायो।
जाको हुकुम चहूं दिसि छायो॥
चारि पुत्र ताके मरदाने।
दारासाह साहि मन माने।
और मुराद साह अरु सूजा।
औरंगसाह समान न दूजा॥
बत्तिस बरष साह रस भीने।
भोग पातसाही के कीने।
जबै अवस्था उतरन लागी।
पुत्र प्रीति मनमें अनुरागी॥
साहिजहां यह चित्त बिचारी।
दारा कौं दीन्ही सिरदारी।
दारा अपनौं हुकुम चलायो।
सब भाइ न को हियो हलायो॥
हुकमनु के दिल्लीस कौ भई और की और।
उमड़ि साहजादिन किये तखत लेन के दौर॥
ज्यौं तें बिमल बुद्धिन के डारे।
तखत लेन के चित्त बिचारे।
साह मुराद हियो हुलसायो।
गज सिक्का चलिबो फरमायो॥

औरंगसाह चाहि सुनि लीनो ।
बिलसाई बर बुद्धि प्रवीनो ।
इच्छा प्रगट तख्त की छांड़ी ।
प्रीति मुराद साह सों मांडी ॥
चित दै हित के लिखे लिखाये ।
चलि प्रवीन उमराइ पठाये ।
कह्यो मुरादसाह सों ऐसो ।
सरस बिचार मंत्र है जैसो ॥
जिन ह्वै दिल्ली तखत लै बैसे ।
आन चलै गज सिक्का कैसे ।
पेल * तखत पर बैठे जाई ।
दिल्ली पातसाह सो होई ॥
हमैं न इच्छा तखत की यह जानौ सब कोइ ।
चलो तुम्हैं लै देहिंगे होनो होइ सो होइ ॥
औरंगसाह मंत्र तब कीनो ।
साह मुराद हिये धरि लीनो ।
ढिढ ठहराव इहै ठहरायो ।
बाढ़ी प्रीति कुरान उठायो ॥
दच्छिन तें उमड़े दोउ भाई ।
ठिले दोइ दल पुहुमि हलाई ।
पूरब तें सूबा दल साजे ।
प्रगट सुजा के धौंसा बाजे ॥
दारा घाट धौलपुर † बांध्यो ।
रोपि चरावे ‡ कलहै कांध्यो ।
सूबन के दिल दहसत ऐसो ।
अब धौं दई करत हैं कैसो ॥

* By force. † Dholpur ‡ Guns.

हल चल मची चहूं दिस ऐसी ।
खल भल प्रलै काल की जैसी ।
प्रगटी चाह सोठरा * ढर क्यो ।
चंपति की दच्छिन भुज फर क्यो ॥

फरक्यो चंपतिराइ कें दच्छिन भुज अनुकूल ।
बढ़ी फौज उमड़ी सुनी भई सुख की फूल ॥

बड़ी फूल चंपति सुखपायो ।
औरंग उमड़ि अवंती आयो ।
सिंह मुकुंद हतौ तहं हाड़ा ।
दल को भयो ऐंड़ धर आड़ा ॥
उमग्यो औरंग को दल गाढ़ौ ।
हाड़ा भयो समर में ठाढ़ौ ।
बिकट सारसमसेरन मांचो ।
बाजत मारु कालिका नाचो ॥
हाड़ा हरषि बिमानन बैठ्यो ।
तब औरंग अवंती पैठ्यो ।
औरंगसाह तखत को उमड्यो ।
दारा जहां मेघ सो घुमड्यो ॥
सुनी खबर दारा अति कोप्यो ।
चामिल घाट अराबी रोप्यो ।
फिकिर बढ़ी सबके दिल ऐसी ।
अब धौं दई होति है कैसी ।

कैसी धौं अब होति है कीजै कौन बिचार ।
उहैं अराबे में सबै भयौ सुभट संहार ॥

तब औरंग सबनि तन ताके ।
बल बौसाउ सबन के थाके ॥

---

* Barrel for gunpowder

चलत चित्त चारहुं दिस दौरे।
कछु न बुद्धि काहुको चौरे॥
तब औरंग मतो यह कीनो।
विमल चित्तमें चंपति दीनो।
हित सों लिखि फरमान पठायो।
चंपतिराइ सुनत सुख पायो॥
उमग भरे दलसाजि उमंडे।
नरवर * लगि औरंग खहं मंडे।
तहं अलगारन † धाइ पहुंचे।
देखे दलके झंडा ऊंचे॥
चहुं दिसि सोर कटक में छायो।
चंपतिराइ बुंदेला आयो।
सुनि औरंग उर उमंग बढ़ाई।
मनो फतै दिल्ली की पाई॥
आनन औरंगसाह को भयो चौगुनो आब।
आयो चंपतिराइ को हमसों मिलै खिताब॥
धावत एक सहस जन धाये।
चंपति को हित बचन सुनाये।
औरंग साह तुम्हें चित चाहैं।
सबै तुम्हारे भाग सरा हैं॥
ताते अब कछु बिलम न कीजै।
चलि दिलीस को दरसन दीजै।
तौ लगि औरंगसाह पठायो।
तुरत बहादुर खां चलि आयो॥
कह्यो आइ चंपति सों भाई।
तुम इतनो क्यों बिलम लगाई॥

---

* A town in Gwalior,

† Fast Marches.

अब यह समय बिलम की नाहीं ।
भई तिहारे चित की चाही ॥
अब यह हाजिर है असवारी ।
चढ़ौ पालकी करी तयारी ।
चढ़ि पालकी पयानो कीन्हो ।
दरस प्रसन्न साह को लीन्हो ॥
मुजरा करि जभौं * भयो पंचम चंपतिराइ ।
लखि आखिन औरंग की आनन्द झलक्यो आइ ॥
औरँग अति आदर सौं बोले ।
मिलतहिं बचन मंत्र के खोले ॥
दारा उमड़ि जुद्ध को आयो ।
कटक अडोल धौरपुर छायो ॥
विकट अरावो सन्मुख दीन्हो ॥
चामिल घाट बाँधि उन लीन्हो ।
छुटे समुद्र सूखे चहुंघांके ।
उड़े भिर मन्दर से बांके ॥
जौं समसेरन होय लड़ाई ।
भोड़े सुभट सुभट को धाई ।
उमगी सूर साहको बाजै ।
ठेले कौन प्रलै की गाजै ॥
चामिल पार कौन विधि झूजै ।
जैसे मन की इच्छा पूजै ।
आइ भयो समयो यह ऐसो ।
चंपतिराइ कीजिये कैसो ॥
कैसो अब कीजै कह्यो पंचम चंपतिराइ ।
अब आदर औरंग को बढ्यो चौगुनी आइ ॥

---

* Shone,

बोल्यो चंपतिराइ बुंदेला ।
और घाट ह्वै कीजै हेला * ॥
जौ दारा उत आडो आवै ।
तौ रन हमसों बिजै न पावै ॥
सुनि औरंग अचरज उर आन्यो ।
और घाट चंपति तुम जान्यो ।
चम्पति कह्यो घाट हम जानै ।
तखत काज तुम करो पयानै ॥
सुनि औरंग तखत रस भीनै ।
चौदह लाख खरच को दीनै ।
कीनो कूच राति उठि जागे ।
चम्पति भयो सबन के आगे ॥
उमड़ि चले दारा के पीछैं ।
चढ़ो उदंड जुद्धरस भीजैं ।
चाम्बिल उतरि सुभट गन गाजे ।
पार जाइ संधाने बाजे ॥
चंपति सुख औरंग के भलो चढाई चोप ।
नातर उड़ि जाते सबै छुटै तोप पर तोप ॥
चाम्बिल पार भई सब फौजैं ।
तब नौरंग मन मानी मौजैं ।
दारासाह खबरि यह पाई ।
चाम्बिल पार फौज सब आई ॥
आगे चम्पतिराइ बुंदेला ।
ह्वै हरौल कीन्हो अंगमेला ।
चाम्बिल पार भये सब आछे ।
तजे अडोल अरावे पाछे ॥

---

* Crossing,

दारा के दिल दहसत बाढ़ी ।
घूमन लगी सबन की डाढ़ी ।
को भुजदंड समर में ठोकै ।
उमड़यो प्रलै सिन्धु को रोकै ॥
छत्रसाल हाड़ा तहं आयो ।
अरुन रंग आनन छबि छायो ।
भयो हरौल बजाइ नगारो ।
सार धारको पैरन हारो ॥
यों हरौल हाड़ा चल्यो पैरनि साह समुद्र ।
दारा अरु औरंग लड़े मतौ त्रिपुर अरु रुद्र ॥
दारा अरु औरंग उमंडे ।
मनौ प्रलै घनघोर घमंडे ।
बजे जुझमें निघिड़ नगारे ।
दुहु दिसि बजी चरावे भारे ॥
गुर गंभीर घोर धुनि छाई ।
फटि ब्रह्मांड परै जनि भाई ।
ज्यों बोले उमरावनि हला ।
जम के भये कटौसे कक्षा ॥
हय गय रथ पैदल रन जूटे ।
घायन सहित कवच धर फूटे ।
चंपति को जब बजी बँदूखैं ।
मसहारिन की मेटी भूखैं ॥
दारा साह तजत रन छाज्यो ।
जबत * पातसाही को भाज्यो ।
हाड़ा सार † धार में पैठ्यो ।
सूरज भेद बिमाननि बैठ्यो ॥

---

* Rules
† Iron

सूरन को सुरपुर मिल्यो चन्द्रचड़ कौं हाथ ।
तखत मिल्यो औरंग कौं चंपति कौं जस साथ ॥
चंपतिराइ सुजस जग गायो ।
ह्वै हरौल दारा बिचलायो ॥
हरवल ह्वै दारा को बांकौ ।
बेटा बली बहादुरखां कौ ॥
जुद्ध बुंदेलनि सौं जब सांध्यौ ।
हय हथियार छांड़ि भगि भाज्यौ ॥
पाई फतै भयौ मन भायौ ।
औरंग उमड़ि आगरै आयौ ॥
दारा पकरि पठाननि लीन्हौ ।
साह मुराद कैद में कीन्हौ ॥
धरमी लोक दुहुनि तें छूट्यो ।
औरंगसाह तखत सुख लूट्यो ॥
बैठे तखत बजे संधानै ।
चंपतिराइ साह मन मानै ॥
औरंगसाह कृपाकर भारो ।
मनसब दीन्हो दुसह * हजारी ॥
ऐरछ अरु सहिजादपुर कौंच कनार समूल ।
मिलौ बड़ी जागीर सब धरि जमुना कौं कूल ॥
मिली बड़ी जागीर सुहाई ।
जरैं समीप भतीजे भाई ॥
सुसकी तुरग लूट जो पानौ ।
खोज बहादुरखां सो आनौ ॥
कहि पठई चंपति कौं भाई ।
घर की लूट तिहारै आई ॥

---

* Twelve.

दलमें सुख्यो भतीजो तेरौ ।
सो सब साज प्रीति में फेरौ ॥
यह करवाल ढाल अरु घोरा ।
दीजौ राखि आपनौ तोरा ॥
चंपति को यह बात सुनाई ।
बैठे ऐंड़ प्रीति सो पाई ॥
तब चंपति ऊपर यह दीनौ ।
करि घमसान तुरग हम लीनौ ॥
ताको अब चरचा न चलावो ।
घर हो यह मनको समुझावो ॥
सुनत बहादुर खां भलो उत्तर दियो न और ।
अनखु हिये में धरि रह्यो डारि बुद्धि के डौर ॥
तौ लगि सोर कटक में छायो ।
पूरब तें सूबा चढ़ि धायौ ॥
गंगा उतरि प्रयाग पछेल्यौ ।
औरंगसाह सुनत दल पेल्यौ ॥
हुकुम बहादुर खां कौ कीन्हौ ।
उनि सुखमानि सीस धरि लीन्हौ ॥
उमड़ि फौज पूरब कौं धाई ।
हय खुर गरद गगनमें छाई ॥
और हुकुम चंपति पै आयौ ।
बैठे कछा साह फरमायौ ॥
गैर हाजिरी लिखि है कोई ।
मन सब घटै तगीरो * होई ॥
आलमगीर आप फरमायौ ।
हुकुम न मानै सो दुख पायौ ॥

---

* Degradation,

उचित बचन उकील सुनायौ।
चंपति हिये अनख बढ़ि आयौ॥
अनखु बढ्यो मन सब तज्यो सेवा कछु न सोहाइ।
डंका दै चंपति चल्यो आगि आगरे लाइ॥

---

## ग्यारहवां अध्याय।

### सिवराज मिलन—सुजानसिंह मिलाप।

### छन्द

छत्रसाल पंचम रन कीन्हौ।
जैतपत्र कौ कहि लै दीन्हौ॥
आइ लिले सब बिकट मवासौ।
चुक्यौ अमल क्यौं रैयत खासौ॥१॥
फिरि नवाब दच्छिन कौ धाये।
छत्रसाल तिन संग सिधाये॥
जद्यपि बिक्रम प्रगट जनायौ।
फल नवाब तै कछू न पायौ॥२॥
तब मन भयौ अनख अधिकारौ।
तुरकन तै कब बन्यौ हमारौ॥
पिता हमारे सूबा डांड़े।
तुरकन पर जमाये खांड़े॥३॥
करौ पातसाहन सौं ऐंड़े।
पर्यौ रह्यौ मुगलन के पेंड़े।
ऐंड बुंदेलखंड कौ राखौ।
चंपति कीर्ति जगत मख भाषौ॥४॥

दोहा ।

तिन चंपत के नंद हम सीस नवावैं काहि ।
हम भूलै से यौं बृथा हितू जानिकै वाहि ॥५॥

छन्द ।

हितू जानि सेयौ अबिबेकी ।
तातें कह्यौ होइ क्यौं नेकी ।
ताको हम ऐसो फल पायौ ।
वाके संग कसालौ खायो ॥६॥
हम तौ छत्र धर्म प्रति पाल्यौ ।
रीझ न याकौ माथौ हाल्यौ ।
मूरख कै आगै गुन गायौ ।
भैंसा बीन बजाइ रिझायौ ॥७॥
बृथा कमल थल माह लगायौ ।
ऊसर में पानी बरसायौ ।
खर कै अंग सुगंध चढ़ायौ ।
वायस कौं घनसार चुनायौ ॥८॥
बधिर कान में मंत्र सुनायौ ।
सूरदास कौ चित्र दिखायौ ।
कुलटा करिबे कौं घन टैयै ।
जो अबिबेकी साहिब सेयै ॥९॥

दोहा ।

अविवेकी कौ सेइ कै को न हिये पछिताय ।
बीजा बवै बबूर के कहा दाख फल खाइ ॥१०॥

छन्द ।

हिंदू तुरक दीन है गायें ।
तिन सौं बैर सदा चलि आये ।

लेख्यौ सुर असुरन कौं जैसो ।
केहरि करिन अख्यान्यौ तैसो ॥११॥
अब तें साह तखत पर बैठे ।
तबतें हिन्दुन सौं उर ऐंठे ।
मह्ंगे कर तीरथनि लगाये ।
बेद दिवाले निदर ढहाये ॥१२॥
घर घर बांधि जेज़िया * लीन्हे ।
अपने मन भाये सब कीने ।
सब रजपूत सीस नित नावें ।
ऐंड़ करें तिन पैदल धावें ॥१३॥
ऐंड़ एक सिवराज निबाही ।
करै आपने चित्त की चाही ।
आठ पातसाही झुकझोरै ।
सूबनि बांधि डांड़ लै छोरै ॥१४॥

## दोहा ।

ऐसे गुन सिवराज के बसे चित्त मे आइ ।
मिलवौंई मन में धर्यौ मनसिब तर्यौ बनाइ ॥१५॥

## छन्द ।

इतहि पातसाही सब भूमैं ।
उतहि सिवा के दलमें धूमैं ।
इतकी उतहि जान नहि पावे ।
जो निकसे सो सीस गंवावे ।
दुहु दिसि होत खरी हुसयारी ।
चौकिन निस दिन होत तयारी ।
तहां जान जसवाल बिचार्यौ ।
ब्यौंत सिकार खेल कौ डार्यौ ॥१७॥

---

* Jezia.

तीछन अस्त्र सुगन पर बाहै ।
बन पहार दच्छिन को गाहै ।
सुभट संग पटरानी लीन्ही ।
दुरगम गिरिन बसेरे कीन्ही ॥१८॥
भोर चले सूरज दै बायें ।
दच्छिन देहि अस्तगिरि आयें ।
निस में पीठि और ध्रुव चाहै ।
बुध बल सबको जात निबाहै ॥१९॥

दोहा ।

निसि में नखतनि चलै दिनमें भानु बिचारि ।
लाग देहि सब साथ को रोज़ मृगनिको मारि ॥२०॥

छन्द ।

घाटीन को गिरिन को ठाढ़ो ।
देखो तहां भीमरा बाढ़ो ।
तरे बांधि काठन के बेरा ।
परे पार के बन में डेरा ॥२१॥
बगही बन घाटी सब हेरी ।
चौकी रही दाहिनो डेरो ।
आपना बढ़ी देखकै त्यौंही ।
उतरे पार भीमरा ज्यौंहीं ॥२२॥
उतरि पार सिवराज निहारे ।
सबके भये अचंभे भारे ।
तह शिवराज सील अति बाढ़े ।
देखत भये दूरतै ठाढ़े ॥२३॥
कुशल बूझि ढिग ही बैठारे ।
कैसे पहुंचे बीर छतारे ।
कही किसा अपनी जब जैसी ।
पितु दै सुनी सिवा सब तैसी ॥२४॥

दोहा ।

सिवा किसा सुनकै कही तुम चवौ सिरताज,
जीत आपनी भूम को करौ देस को राज ॥२५॥

छन्द ।

करौ देस को राज छतारे ।
हम तुम तें कबहू नहिं न्यारे ।
दौरि देस मुगलन के मारौ ।
दबटि दिल्ली के दल संहारौ ॥२६॥
तुरकन की परतीत न मानौ ।
तुम केहरि तुरकन गज जान्यौ ।
तुरकन में न विवेक बिलोक्यौ ।
मिलन गये उनकौं उन रोक्यौ ॥२७॥
हम कौं भई सहाइ भवानी ।
भय नहिं मुगलन को मनमानी ।
छलबल निकसि देस में आये ।
अब हम पै उमराइ पठाये ॥२८॥
हम तुरकन पर कसी कृपानी ।
मारि करेंगे कीचक घानी ।
तुम ह्व जाइ देस दल जोरौ ।
तुरक मारि तरवारनि तोरौ ॥२९॥

दोहा ।

राखि लिये ब्रजनाथ कौं हाथ लेउ करवार ।
ये रक्षा करिहैं सदा यह जानौ गिरधार ॥३०॥

छन्द ।

छत्रनि की यह वृत्त बनाई ।
सदा तेग की खाइ कमाई ।

गाइ बेद बिप्रनि प्रतिपालैं ।
घाउ ऐंडधारिन पै घालैं ॥३१॥
तेग धार में जौ तन छूटै ।
तौ रवि भेद सुकृत सुख लूटै ।
जैतपत्र जौ रन में पावै ।
तौ पुहुमी के नाथ कहावै ॥३२॥
तुम हौ महावीर मरदानै ।
करिहौ भूमि भोग हम जानै ।
जौ इतहीं तुम कौं हम राखैं ।
तौ सब सुजस हमारे भाखैं ॥३३॥
तातें जाइ मुगल दल मारौ ।
सुनिये श्रवननि सुजस तिहारौ ।
यह कहि तेग मंगाइ बंधाई ।
बीर बदन दूनी दुति आई ॥३४॥

## दोहा ।

आदर सौं कीन्हें बिदा सिवा भूप सुख पाइ ।
मिलौ मनो उर उमग में भूमि भावती आइ ॥३५॥

## छन्द ।

मानहु भूमि भावती पाई ।
हढ़ मसलहत यहै ठहराई ।
साहस सिंह धरे मन माहौ ।
फेरि भौमरा छप्पा गाहौ ॥३६॥
दच्छिन में सूबनि कौ मेला ।
तहां सुने सुभकरन बुंदेला ।
जिन लोहे लहरात मझाये ।
तीन खून तिन माफ़ कराये ॥३७॥
तिनसौं हन मिलिबौ ठिक ठानौ ।

छितू अनछितू चाहत जानौ ।
इन अपनौ जब खबर सुनाई ।
तब सुभ साह मनौ निधि पाई ॥३८॥
मिले दौरि अति आदर कीनौ ।
सबतें सिरै बैठका दीनौ ।
दिन दिन दिलजोई करि राखै ।
हित सों बचन अमृत से भाखै ॥३९॥

दोहा ।

कछुक द्यौस सुभ साह कें पास रहे छत्रसाल ।
जब उचाट देखे हिये तब जान्यौ उन हाल ॥४०॥

छन्द ।

जानि हाल निज पास बुलाये ।
दिलजोई के बचन सुनाये ।
जो कहियें तौ अरज लिखावें ।
जाके सुनत साह सुख पावे ॥४१॥
चतुर उकील अरज लै जैहै ।
फेरि साह मनसिब लिखि दै है ।
अरु जौ हमें इहां सगु दीजै ।
तौ घर ही ठकुराइस कीजै ॥४२॥
यह सुनि छत्रसाल जो बोले ।
साहस सिंह खजानें खोले ।
हम रुचि सों मनसिब लै देखे ।
कछु दिन तुरक हितू करि लेखे ॥४३॥
सेवा हू अपनैंए नाहीं ।
हम न पतैहैं इनकी छाहीं ।
जो घर ही ठकुराइस कीजे ।
तो कैसे जग में जसु लीजे ॥

दोहा ।

तातें अब दिल्लीस के दीरघ दलनि बिलोइ ।
अपनौ उद्दिम ठानिबौ होनी होइ सु होइ ॥

छन्द ।

यह बिचार अपनौ कहि दीन्हौ ।
सुनि सुभ साह अचंभौ कीन्हौ ॥
बिन सहाइ बिन ठौर ठिकानै ॥
बिन दल बल अरु बिना खजानै ॥
कालह पातसाहन सौं कांधै ।
ऐसौ मौरु और को बांधै ।
हिंमत हिये धरी उन ऐसौ ।
करिहै वहै कहतहै जैसौ ॥
तातैं बिदा इन्हें अब कीजै ।
इनको देखि प्रतिज्ञा लीजै ।
तौ लगि आइ चली ठिकठाई ।
सो राजन के घर घर आई ॥
ठौर ठौर के गिरे दिवालैं ।
सुनत हिये हिन्दुन के हालै ।
पातसाह फरमान पठायौ ।
हुकुम फिदाई खां कौं आयौ ॥

दोहा ।

नगर औड़छे में सुने हिंदू धरैं गुमान ।
ते नित पत्थर पूजिकै फैलावत कुफरान ॥

छन्द ।

ऊंची धुजा दिवालिन राजै ।
घंटा संख झालरै बाजै ॥
छापे देत तिलक दै ठाढ़े ।

माला धरै रहत मनवाढ़े ॥
ऐसा हुकुम सरे का नाहीं ।
क्यो ऐ करत चित्त की चाहो ।
जो कहुं कान संख धुनि आवै ।
मुसलमान तौ भिस्त न पावै ॥
सोसौं ओटि कान जो नावै ।
तौ दोजख तें खुदा बचावै ।
ताते ढाहि दिवाले दीजै ।
तिन के ठौर मसीदें कीजै ॥
मुल्ला तहां निवाज गुदारै ।
बांग देहि नित सांझ सकारै ।
न्याउ चुकावै फाजिल काजी ।
जाते रहै गुसांई राजी ॥

## दोहा ।

सुनत कान फरमान यह, कह्यो फिदाईखान ।
हुकुम चलाऊं साह कौ, मेटि कुफ्र कुफरान ॥५५॥

## छन्द ।

ढाहि दिवाले कुफर मिटाऊं ।
पातसाह कौ हुकुम चलाऊं ।
जा कहुं बीच बुंदेला आवै ।
तौ हमसौ पर फतै न पावै ॥
जौ मानी मनखुसनि मौजै ।
औरन लगी ग्वालियर फौजै ।
सहस अठारह तुरी पलानै ।
धूमघाट पर धुज फहरानै ॥
यह सुनि महावीर रस छायौ ॥
बान बांधि धुरमंगद धायौ ॥

परयो आइ डेरन पर ऐसै ।
मत्त करिन पर केहरि जैसै ।
सांगनि मारि फौज बिचलाई ।
पर फतूह धुरमंगद पाई ॥

दोहा ।

भज्यौ फिदाई खां बलौ रहौ कछू न सम्हार
दियै पागकै पेच उड़ि गोपाचल के पार ॥

छन्द ।

खबर सुजानसिंह पर आई ।
जीते हू दल दहसत खाई ।
अबको अनी गई ढरि ऐसै ।
बैर साह के बचियतु कैसै ॥
अब जो रोस साह उर आवै ।
तौ हम पै फौजैं फरमावैं ।
यह उतपात उठ्यो रे भाई ।
भई जुझार सिंह को झाई ॥
तब लौ चंपति भयो सहाई ।
मिलो भुंम भुज बल उगलाई ।
चंपतिराय कहां अब पैयै ।
तब गह्यौ कुतुबुलमुलुक के बर उतरि कोकिलताअखी ।
अंगद्य महम्मद खाँ इतै उत ओर आजमखान खाँ ॥
इत सूर सादीखान उत नौशेरी खां उनकोवखां ।
भट भिरे एकहि एक जे बबिरो बिरे दूहूं पखा ॥
उत सैद राजे खान अबदुस्समुद अली आगैं लियो ।
इहिं ओर राजा रतन चंद गयंद चढ़ि रेला कियो ॥
सरदार इत उत के भिरे रन लग्न पत्थनि के बियो ।
तरवारि तीर तुफंग साँगि कटार कै बर बरखियो ॥
जयकृष्णदास दिवान निजमुद्दीअलीखाँ को बढ़ो ।
तब सैदअनवर खाँ समुंदर खान अगहर ह्वै कढ़ो ॥
मंजूर तैयब तरब साहब राय रोस महा मढ़ो ।
लखि पिलनि कुतबुल मुलुक को सब पिलत रन रस रुचि चढ़ो ॥
चहुं ओर फौजनि फौज सो मन मौज मारु मचा परी ।
हथियार भार दुधार भर मनु मघा मेघन को झरी ॥
झिरिं झिलिम कुंडि कुरी कुरी किरि गईं बखतर की करी ।
करि मारु मारु संभारु यार संभारु सुनियत ललकरी ॥
घन घटा घोर घमंड सो सम उमड़ि फर फौजें रही ।
धौंसे धोकारत गाज गहि तरवारि चमक छटा सही ॥
झर तीर गोलिन वार गोला परत ओला से तह्यो ।
महि मचौ मेदनि गूद कीच कृपान सैयद अब गह्यो ॥
मदभरे भ्रमत खरे अघाइ अघाइ करिवर थरि घरे ।
सिर सरत श्रोनित धार मनहुँ पहार सों झरना झरे ॥
बढ़ि चली लोहुन की नदी लहरैं लसें कहि को तरे ।
तेहि तीर दलदलमास को बल ठान काहू को परे ॥

## कवित्त

फौजबल भुजबल मन मनसूबा बल,
श्रीधर हरीफन हरषि हहलावतो ।

साहिब सरबुलंद खाँ नवाब करि करि,
पत्थ के से हत्थ महाभारत मचावतो ।
जहाँ शाह मौजदीं रफोउलकदर कूटि,
जेबर जुलफिकार खाँ नै बाँधि ल्यावतो ।
होतो हमराह लाहानूर के समर तो,
अजीम सों अजीम पातशाही कौन पावतो ॥
सनमुख साह जू के साजि सेन चारो अंग,
सेद अबदुल्लह खाँ बीर आपो बलमें ।
बाजि उठ्यो मारू मारू मारू भो अंदोर जोर,
हाँकि फोल बाँकि पेलि पैठे रेलि पलमें,
श्रीधर भनत दोसमलो खाँ अँगाइ धाइ,
सुन के चलाये भट वैसे चलाचल में ।
वाह वाह कहैं पातशाह औ सिपाह सबै,
वाह वाह रह्यो ह्वै सबत्त दुहूँ दलमें ॥

छप्पय ।

श्रीधर दल बल प्रबल लखि लोकपाल रह लज्जि ।
महमद सालेह बीर जू चढत कटक बर सज्जि ॥
सज्जिहल रन कज्ज जनप्प समज्जज्जपज्जर ।
बंगग्गाहनि मतंगग्गनमि उत्तुंगगिरि बर ॥
रंगग्गति सुकुरंगग्गंजन तरंगग्गति गुर ।
पक्खक्खर थिर कच्छ बारब सुलच्छच्छर पुर ॥
लच्छ भट्ट टट्टिप चल्यो महमद सालेह ख्वान ।
धुजावान झलकैं बजैं उद्दहुनि धुरध्वान ॥
उद्दहुनि धुरध्वान हुकि सज युद्धज्जै भर ।
लक्खभट रण दक्ख अखुमस्सु विपक्खक्खै कर ॥
बारव्वलिय उछ्छारभरि क्खग बाहब्बल किय ।
बानव्विकट कमान कठिन छपान ढढुरलिय ॥

करलिय खग कोप्पो बली महमद साल अवान।
अरि के बढ़ गढ़ मढ़नि पर कियेउ सुकोपि पयान॥
कोप प्पकरि पयान प्पथि घन ध्धानझलकत।
लच्छ प्छहरि बरच्छ च्छबिवर स्वच्छ च्छलकत॥
युद्ध ज्जुरत सकुद्धभ्भट रण उद्धद्धमकिय।
बाहक बलिय उछाहभ्भरि खग बाहल्लल किय॥
खग्ग बाह बलकिय बली महमद सालेह बीर।
टुठन ठट्ट कट्टिय भखो श्रोनन्नद भरि नीर॥
श्रोनन्नद भरि नीर भ्भरित गँभीर भ्भलकत।
लुत्थथ्थिरन उलत्थ ज्जलजिय जुत्थ त्थलकत॥
बीच च्चल ननगीचच्चल हरकीचच्चभकत।
मुंडभ्भरि करिकुम्भ भ्भरत सुम्भभ भ्भभकत॥
महमद सालेह बीर कोपि भारो रन मंडेउ।
अरि को प्रतन प्रचंड खण्ड खण्डन करि खण्डेउ॥
गीध गूद बैताल मास हर मुण्डमाल लिय।
रुहिरय रुहिर अपार पाइ भैरव गलगज्जिय॥
तकि मलु सूर को ग्रास कर श्रोनसिन्धु मज्जन कियो।
लखि परम कृपानी रावरी मनहुं दान उत्तम दियो॥

## कवित्त।

फौजनि की घटा की घमण्ड घोर घेरु करि,
मौजदीन मघवा के मनमें उछाह भो।
तोप गरजत तरवारि बीजु तरजत,
बरषत बाननि अचल चाप्यो राह भो।
तब गिरिवर कर धरि गिरिवर धर,
श्रीधर भनत ब्रजमण्डल को छांह भो।
अब गिरिधर लाल बहादुर बीर समसेर
गहि कर पातसाही को पनाह भो॥
मार्‍यो जोर जंग रंग आजम अजीम जूसों,

गालिब गनीम आयो महमद गरूर है।
ओधर सर बुलन्द खाँ नवाब दौर कै,
छिरौलही फटायो कीनों चमू चकाचूर है।
मारि खानि खोलि मैं विदारि राउ दलपति,
गंजेउ जुलफिकार खान को गरूर है।
वाह वाह करै पातशाह यो सिपाह रहो,
सची समसेर तेरो शाहि कैं हजूर है॥
अह्नाँदार शाह शमशेर जोरैं जेर करि,
जहाँ शाहि रफीसान कौ को कौनसी तथा।
आजम के संगन मैं जँग मह़रायो त्यों,
जुलफिकार खाँ को फेर लावतो वहै पथा।
ओधर सरबुलन्द खाग्र किरवान धनी,
कल्लम के काम कै बढावतो बड़ी कथा।
बार बार कहै पातशाह अपसोस करि,
हाय हमराह यो मजीमशाह के न था॥
ओधर फरुकसाहि मौजदीं भिरे हैं है दोऊ,
पूरो नेक कदम को करम भलाह को।
कौनो खग वाह मोगलनि के दलनि भो,
छिरौल को पनाह जाके कोप को पनाह को।
गालिब गनीम गाजगंज मगरूरिन को,
गरब को दलिक गजब गुमराह को॥
देखे पातशाह उतसाह पायो निज दले,
वाह वाह करत सिपाह पातशाह को॥
भारी पातशाह दोऊ भागरे अगारी लरैं,
धौंसन को दुहूँ ओर ओधर धुकार है।
बाजे बीर बीर गोला बान तरवारि तोरि,
बाजे मार मार होत सोर मार मार हैं।
शेख सेवशाह भखसे रन कीनो केई दिन,

जुगनि के भूखे ममहारिन अहार है।
धाय खाए बेसुमार पैठि दल अरिकै सु,
मार तें गिराए बीर बाँके बेसुमार है॥
बखतर पोस पखरैत फील खारन की,
कारी घटाभारी ज्यों पयोद प्रलै काल को।
श्रीधर भनत गोला बान सर झर भर,
बरखत थाँभै को करैरो तरवाल को।
दिलाआक डपटि हलीमखाँ बरग जाइ,
दल मोडि मार्‍यो मौजदीन विकराल को।
श्रोनित सलिल तट नाँचै प्रेत पहपट,
घट घट घूंटै कर खप्पर कपाल को।
इत गल गाजि चल्यो फरुकसियर साहि,
उत मौजदीन करि भारी भट भरती।
तोप की डकारनि सों बीर हहकारनि सों,
धौंसा की धोकारनि धमकि उठी धरती।
श्रीधर नवाब फरजन्द खाँ सुजँग जुरे,
जोगिनी अघायी जुग जुगनि की बरती।
हहल्यो हिरौल भौर गोलपै परोहो तूंन,
वारतो हिरौलो सो हिरौलै भौर परती॥
मार्‍यो मौजदीनै फर बिफरि पलक बीच,
कोनो मौजदीन को कटकु भड़ भड़ है।
मोडि गढ़ आजम अजीम अजमति गढ़,
कूद्यो जट वारे के सकल मढ़ो मढ़ है॥
श्रीधर भनत महाराज श्रीछबीलेराम,
तेरे बैरी बाँचो काहू सूर को न सढ़ है।
जीत्यो चारो ओर भैरो फिकिर सो कीजै जोर,
ऐसे महाराजासों गहति गाढ़ो गढ़ है॥
फिर मच्यो श्रीधर छबीलेराम राजा,

पातशाह कों हिरौल पातशाहत को पाहरू ।
तोपको तरापैं तोरि गोला को गुलेल गनि,
पेलि दल गाथो मौजदीनै गहि गाहरू ।
चके हरि हर बंभ देखि आतपत्त थंभ,
जैतरन खंभ बीर विक्रम उछाहरू ।
सुरुखरू आप भयो आबरू दिलीस पायो,
माहरू रफ़ीक़ औ मुखालिफ़ सियाहरू ॥
भालनि सौ भाला भियो बरछा सौ बरछानि,
सरे समसेर समसेरनि सुखंग मैं ।
तीरन को कीनो तन तीरनि तु नीकतीक,
तोरादार जोरन न पावतु सुफंग मैं ॥
जंग सुलतानी मैं कहानी कैसो कीनो काम ;
श्रीधर छबीलेराम राजा रन रंग मैं ।
साढ़े तीनि हाथ कद दसहथा हाथी छड़्यो,
दोई हाथ होत हैं हजार हाथ जंग मैं ॥
श्रीधर बधाई देखि फरुकसियर जू को,
पायो मस्त मौजदी अनेक अभिलाख कै ।
धरिकु घमंड घोर मार्‍यो गइ मुरि आगैं,
अड़ियौ छबीलेराम राजा मन माख कै ॥
मारि परदल हरखायो जूथ जोगिनी को ।
भारत बड़ाई सिवासंकरहि साख कै ।
एकै बीर कैयो लाखैं एक कै न आन्यो मन,
एक ही गनत कैयो लाख कैयो लाख कै ॥
मार्‍यो जोर जंग दुहूँ ओर पातशाहनिसों,
उततें उमड़ि दल मौजदीं को धायो है ।
आजम खाँ जू के संग शाह को न जरि आगें,
सैद सुलतान जहाँ जगतें जगायो है ।
श्रीधर सुकवि तीर तरल तुफंगसों,

सितारा देख्यो चुनि सरदारनि गिरायो है।
खाली कीनों पलमें अमारी हौदा हाथिन को,
धोखो होत यामें स्वार आयो कै न आयो है॥
फरुकसियर शाहि जहाँदार शाहि दोऊ,
आगरे अगारो अरे पातसाही हेत मैं।
ओधर बजत मारू बाजे बाजे बीरन के,
मुरि गई बागैं रहे कैंपक न चेत मैं।
अंगद सो अड़ो पातशाहनि पलटि डार्यो,
एवो एतो आजमखाँ सबल बनैत मैं।
महा हुव भारथ को कमनैती पारथ को,
जैसो भीमभुजबल भाख्यो कुरुखेत मैं॥
ओधर कृपान गहि मुसलेहखान रन,
कीनो घमसान यों मसान हहरात हैं।
भुंडनि भंडूले प्रेत लोहू के प्रवाह परे,
लाती लरैं पौरै पोलिपियत अन्हात हैं।
खोपरा लौं खोपरिन फोरैं गलकतगट,
पोरीलों पलासी खाल खैंचि खैंचि खात हैं।
पाखर से खापरनि चहुवा चुरैलनि के,
चाहभरे चर चर चपरि चबातहैं॥

## छप्पय

भट्ट ठट्ट उट भट्ट भट्ट हरिआभट्टे हरि।
उट्ठत जुट्ठत क्रुद्ध सुद्ध गज्जत जिमि केहरि॥
बीरमुसल्लेहखाँ अलट उल्लट दलसज्जिय।
पक्खर पक्खर लक्ख स्याह सम्राह समज्जिय॥
बल तड़ित तेगतरपत कड़कि रसवर ओधर धर कुरेउ।
तहं गोला पत्थर बिथ्थरिय सो अरि मत्थर थरि थुरेउ॥
मीर मुशर्रफ बीर कोपि भारी रन मंडेउ।
अरि को प्रतन प्रचंड खंड खंडह करि खंडेउ॥

गीध गृद्द बेताल मांसहर मुंडमाल लिय।
रुधिर प रुधिर अपार पाइ भैरव गलगज्जिय ॥
सजि सत्तु सूर को ग्रासकर स्रोन सिंधुमज्जन कियउ ।
लखि परत कृपानी रावरी मनहुँ दान उत्तम दियउ ॥

## कवित्त

आयो मौजदीन उत इततें फरुकसाहि,
दुहुँ ओर सोर ललकारें बीरबीर को ॥
झरा झरी गोलन को झरा झरी तेग को,
कटारिन की करा करी तरा तरी तीर को।
श्रीधर बिलोयो दौरि बीरन को भीर कंड,
मुंडन को मेरु स्रोन सरिता गँभीर को।
वाह वाह करें पातसाहरू सिपाह सब,
देखोरे दिलेरी यारो मुग्ररफ मीर की ॥
कोऊ बूढ़ो कोऊ बारो काहू मैंनगुन भारो,
कोऊ वारनारी बस मनमें न आयो है।
सुन्दर सुजान सुंजा सीलवन्तु ओजवान,
टान पूरो एकै तोही विधिनें बनायो है।
श्रीधर भनत सानी जलालदी अकबर,
फरुकसियर पातसाह वर पायो है।
वाल पातसाहनि सोयंवर कर करनि,
तोहि देखि रीझि जयमाल पहिरायो है ॥
गैंडो सों अरावो टारि भेड़ो सों बिदारि दल-
खल दल खूँदि कीनो छीन एजदीन को।
धावा करि पूरवतें डावा डारि फौजनि को,
मीन सो पकरि लीनो शाहि मौजदीन को।
श्रीधर भनत पातसाहनि को पातसाह,
फर्रुकसियर भोप साह दुहूँ दीन को।

मुलुक मुलुक दौरी फरदै फतूहनि को,
काँप्यो डरि गबर हरख बाढ्यो दीन को ॥
साजि दल फर्रुखसियर पातसाहपति,
श्रीधर बढ़त जब सहज शिकार है ।
धूमरू सुभासा में भराम हसफा में किल,
सुनि जलधर धुनिधौंसा को धुकार है ।
हबसाने हहस खँधारिन के खल भल,
बलक बदकसान जानन रू कार है ।
तारा दे किवारा दे केवारा टेके वारा देहि,
पौरि पौरि लंकपुर परत पुकार है ॥
दक्खिन दहेलि पेलि पच्छिम उदीची जीति,
पूरब अपूरब हठीसो हाथु लायो है ।
श्रीधर शाहनशाहि फरुकसियर नर,
सातो दीप सरहद हिन्द को मिलायो है ॥
दिन दिन बाढति है बाढिहइ दिन दिन,
दिन दिन दूनी पातसाहति बढ़ायो है ।
और पातसाह पातसाही पावैं जेब पाए,
तो सौं पातसाह पातसाही जेब पायो है ॥
शादी शादियानि के उछाह आतपत्रनि के,
अंग अंग बाढ़े रंग बाढ़े हैं तखत के ।
तेरी पातसाही पातसाहौ पायों जेबफल,
ठाढ़े नभसुमन प्रसून बरखत के ।
श्रीधर भनत पातसाहन को पातसाह,
फरुकसियर नर जबर बखत के ।
तिनके बखत जेते लखत तखत तोहि,
बैठत तखत बाढ़े बखत तखत के ॥

## 8. JODHRAJ.

The poet Jodhraj nourished at the court of Raja Ohandrabhan of Nimrana in the beginning of the eighteenth century. He was the son of Balkrishna belonging to the family of Adigaur Brahmans of Atri Gotra. Raja Chandrabhan was a Chauhan Rajput and ruled at Nimrana which is situated on the boundary of the State of Jeypore and is now included in the territorial limits of Ahvar State. This Raja Chandrabhan once expressed a desire to Jodhraj to relate to him the exploits of Hammir Deva of Ranthambhor. Jodhraj undertook to carry out the orders of his master and patron and wrote this poem in the year 1785 Vikram Sambat (1728 of the Christian era).

The story of the poem may be summarised as follows;- Allauddin Khilji was ou the throne of Delhi. He had a Begam named Rup-vichitra. Allauddin once went out hunting. There all of a sudden a great storm arose. In the confusion that followed, Rup-vichitra was separated from others and lost her way in the forest. At this moment Mahima Shah, one of the courtiers of Allauddin appeared on the scene. The Begam made amorous proposals to him which he at first rejected. In the end he was won over by various guiles and threats. Soon after a lion appeared in front of them. Mir Mahima Shah easily despatched him with an arrow and brought the Begam safe to the camp of Allauddin. Once while the emperor was in the apartments of this Begam, a mouse suddenly came out of its hole. The emperor was at first upset at its sudden appearance but subsequently killed it. He thought much of this exploit of

his and began to brag of his achievements. The Begam simply kept on smiling and finally remarked that the real heroes were those who could kill a furious lion with ease and never talked of their skill and bravery. In the course of this conversation the Begam after exacting a promise from the emperor, not to injure Mir * Mahima in any way, related to him of her intercourse with Mahima and showered praises on him. Allauddin at once sent for Mahima Shah and turned him out of his territories; Mir Mahima went Irom place to place but none had-tlie courage to give him shelter. At last he went to Hammir Deva Ohauhan of Kanthambhor, who received him find gave him shelter. When the news of the reception of Mahima Shah reached Allauddin, he at once demanded him from Hammir, but the Chauhin prince llatly refused to give him up. Alauddin made several attempts to get back Mahima but he could not succeed. At last he made preparations to wage war against Hammir. This, the poem says, lasted for 12 years and ended in the victory of Hammir. When Hammir in the flush of his glory was returniug to the palace he had the ensigns of the enemy carried before him. The ladies of his palace thinking that the Mnsalmans forces were advancing, ftung themselves in lire in order to escape falling into the hands of the Mohammedans. When Hammir reached his palace he saw what his folly had wrought. He felt so dejected and overpowered that he committed suicide. This is what the poem escribes in beautiful language. There are no doubt historical evidences of this quarrel between Hammir and Allauddin, but the cause of the dispute and the several incidents as given in the poem under notice are not uniformally supported. It must

* *In* the poem Mabium is addresaed as Shekh ( Editor. )

be noted here that there was another Hammir Deva of Mewar, who is quite distinct from this Hamrair. The two are quite distinct personages and should not be mixed up. For further particulars the reader is referred to the complete poem published by the Xagari Pracharini Sabha of Benares.

The following lines describe the reception of Mahima Shah by Hammir Deva :—

Shiains undar Dass.

---

अथ हम्मीर-रासो। *

दोहरा-छन्द।

तुरक बचन सुनि साह तब मनविचार नहँ कीन॥
बेगम आनि जु तीय की हन मरिबे मन दीन॥
जाहु सेख इत मति रहो जँहलगि मेरो राज॥
जो राखै ताको हमूँ प्रगट सुसाज समाज॥
वाहन गर्दन जोग तू कीन्हो कुबिधि खुराक॥
को रक्खै या भूमि पर राखि करै को जवाब॥

* The extract is takou from tho scholarly edition of the book by Babu Shiaineundar Das and published by tho Kashi Najjari Pracharini Sabha.

## छप्पय छन्द ।

यह महि मंडल जितो
    आन मेरी सब मानै ।
खूनी रक्खै कौन
    कोउ ऐसा तू जानै ॥
हम ते बलो बताय
    ओट जाको तू तक्कै ।
बचै न काहू ठौर
    एक छिन गए न सक्कै ॥
कर जोरि सेख इमि उच्चरै
    बली एक साहिब गिनू ॥
निर्बीज धरा कबहूँ न है ।
    मैं हमीर श्रवननि सुनू ॥
तब सुसेख सिर नाय
    रजा हजरति जो पाऊँ ।
जो न गिनै पतिसाह
    सरन मैं ताको जाऊँ ॥
तुमहिं न नाऊँ सीस
    नहिंन फिर दिल्लिय आऊँ ।
युद्ध जुरैं नहिं टरौं
    हत्थ तुमको जु दिखाऊँ ॥
यह कहत सेख सलाम किय,
    तबहिं चला चल चित्त हुव ॥
निज धाम आय अप अनुजसौं ।
    बिबर बिबर बातैं जु हुव ॥

## छन्द पद्धरि ।

भाये जु सेख घर तब सरोष ।
    जिय जान्यो अपनो सकल दोष ॥
मिलिये मीर गबरू सुधाय ।
    चल चित देखि तिहिं पूछि जाय ॥
केहि हेतु आज चिन्तत सुभाय ।
    किहिं कियव वैर सो मुहिं बताय ॥
तिहिं मारि करूँ तत्काल टूक ।
    हिय क्रोध अग्निसों उठत हूक ॥
को करै वैर बिन कर्म्म बीर ।
    मिटि गये अब जल को सु सीर ॥
तिहि कोन रहै रक्खै सुकोन ।
    यह जानि मर्म्म तुम रहो मौन ॥
यह सुनत मीर गबरू सुभाय ।
    सो पर्‌यो धरनि मुच्छी सुखाय ॥
तदि कह्यो बोध बहु बिधि सु ताहि ।
    नहिं करौ शोच रहु निकट साहि ॥
तब कहै मीर गबरू सु ताहि ।
    सब तजो देश मक्के सु जाहि ॥
कै रहो राव हम्मीर पास ।
    तन रहै सुगी नाशै जु त्रास ॥
तब चलिय सेख तजि साहि देश ।
    सब सुभट संग लिन्ने सुवेश ॥
सत पंच सेन गजराज पञ्च ।
    रथ सत्थ लिये निज नारि संच ॥
सब रखत साज निज संग लीन ।
    दासी जु दास सुन्दर नवीन ॥

लिये सुदोय वब्ब लाल एक मुक्तमालयं ।
कह्यो जु एक दोय बाज स्वान दोय पालयं ॥
सवार एक आपही सबै पयाद चल्लियं ।
रहे तनक्क पौरि जाय फेरि अग्ग हल्लियं ॥
सुबेतदार * अग्ग जाय राव को सुनाइयं ।
हमीर राव बेगि आप रावलं खँदाइयं ॥
चले लिवाय सेख को जहाँ जु राव बट्ठियं ।
सभा समेत राव देखि सेख को सु उट्ठियं ॥
मिले उभै समाज सो कुशल्ल छेम पुच्छियं ॥
परस्सि पानि पाव सेख हाथ जोरि सुच्छियं ॥
करो जु अम्मा सेख भेट बुल्लियो सुबाचयं ।
सरन्नि राव राखि राखि मैं सरन्नि साचयं ॥
फिरयो सु मैं जु दीन दोय खानि जाति सव्वयं ।
जितेक राज राव ताहि छन्नि जाति सव्वयं ॥
दिया दयो जितेक भूप और बोर बङ्क जो ।
रहो कह्यो सुकौन ह रहूँ तहाँ सुधीर जो ॥
हँसे हमीरराव बात सेख की सुनी तहीं ।
कहा अलावदीन पातसाह सो भनक्सही ॥
रहो यहाँ अभै सदा हमीरराव यों कहैं ।
तजूँ जु तोहि प्राण साथि और बात यों कहैं ॥

## चौपाई छन्द ।

राव हमीर नज़र सब रक्खिय ।
 वचन सेख को यहि विधि भक्खिय ॥
तन धन गढ़ घर ए सब आवैं ।
 पै महिमा पतिसाह न पावैं ॥

---

* मेवधर ।

कहै सेख प्रण समुझि सु किज्जिय ।
मेरी प्रथम अर्ज सुन लिज्जिय ॥
दसो दिशाओं में फिरि आयव ।
जिते खान सुलतान सु गायव ॥
राजा राव रान जितने जग ।
दीन दोय देखे सु अगम मग ॥
बांध तंग साहस करि कोई ।
तजै लोभ जोवन को सोई ॥
यह जिय जानि आस मोहिं दीजै ।
सेख राखि सरनै जस लीजै ॥
इतनी धरा सेस सिर होई ।
कहै साहि रक्खै नहिं कोई ॥

## छप्पय छन्द ।

वार वार क्यों कहै
सेख उतकर्ष बढ़ावै ॥
एक वार जो कह्यो
बहुरि कछु और कढ़ावै ॥
प्रथम अंश चहुवान
टेकि गहि कबहुँ छंडै ॥
बहुरि राव हम्मीर
हठ न छुटै तन खंडै ॥
थिर रहहु राव हम उच्चरै
न डरि न डरि अब सेष तुव ॥
उग्यो न सूर जो तजहु तोहिं
चलहि मेरु अरु भुम्मि ध्रुव ॥
बकसि सेख को बाजि
साज कञ्चन के साजे ॥

मुक्तमाल सिरपेंच
　　जटित हीरा छवि छाजे ॥
सकल सथ्य सिरपाव
　　माल दिन्नव अति भारिय ॥
पंच लक्ख को पट्ट दियो
　　आदर भुव कारिय ॥
दिल्ली सुठौर सुन्दर इकै
　　तेहि देखत हिय हर्षयउ ।
उच्छाह सहित उठि सेख तब
　　आनन्द मंगल बर्षयउ ॥

## दोहरा छन्द ।

महिमानी पठई नृपति, मषे मथ्थ के हेत ।
खान पान लायक जिते, मधु आमिष सुभसेत ॥
जदिन सेष दिल्ली तजी, दूत सथ्थ दिय ताहि ।
को रक्खै कित जात यह, लखो जु तुमहुँ वाहि ॥
राख्यो राव हमीर तब,, महिमासाहु जु पास ।
कहैं राव सों दूत तब, मत रख्यो तुम पास ॥
अलादीन सू औलिया, फिरत चहूँ दिशि आनि ।
निबल सबल के बाद सों, किन सुख पायो जानि ॥

## मुक्तादाम छन्द ।

कहै तब दूत सुनो नृप बात ।
　　बड़ो तुव बंश प्रताप सुहात ॥
तजो रतनागर को सर हेत ।
　　रतन्न अमूल्य तजो रज हेत ॥
कहौ गुन कोन रखै इहि सेष ।
　　जरत्त जु बाल गहो सुविशेष ॥

अजान असो जु करै नहिं राव ।
सुनो तुम नीति जु राज स्वभाव ॥
तजो अब इक कुटुम्ब बचाय ।
तजौ ग्रह एक सुग्राम सुहाय ॥
तजौ पुर इक सुदेश बचाय ।
तजौ सब आतम हेत सुभाय ॥
महा यह नीच अधर्म्मिय सेख ।
टर्ग्यौ नहिं स्वामितिया गुन देख ॥
बढ़ै पतिसाह दिलीपतिबैर ।
लख्यो नहिं आनन प्रात सुफेर ॥
प्रलै जिहिँ रोष तजै धर देह ।
हमीर सुराव सुनो रस मेह ॥
बढ़ै निति नेह तुम्हैं पतिसाह ।
अमीरस मैं विष घोरत काह ॥
परौ फिर आप नहीं दुःख आय ।
तजौ यह जानि प्रथम्म स्वभाय ॥
जथा वह रावन जिति त्रिलोक ।
सुरन्नर नाग रहैं तिहिं ओक
कस्यो तिन बैर जबै रघुनाथ ।
मिल्यो गढ़ लङ्क सुबङ्कम पाथ ॥
कहौ सर कौन करै पतिसाह ।
करै तब जङ्ग बचौ नहिं ताहि ॥

## छप्पय छन्द ।

कह हमीर सुनि दूत
वचन निज असत न भाख्यौं ।
मो बिन और न कोय
सेख को सरनै राख्यौं ॥

गहूं खग्ग सन्मुक्ख
 दुहूं पति गर्व सुद्ध दृढ़ ।
लहै सुनामग सत्य
 किधौं रणथम्भ महागढ़ ॥
कहियों निशङ्क पतिसाह सों
 सेख सरनि हम्मीर किय ।
सामान युद्ध जेते कछू,
 सो अनन्त दुग्गह जु लिय ॥

## दातार छन्द ।

सुन हमीर के बचन
 दूत दिल्लिय दिशि आयव ।
करि सलाम कर जोरि
 शाह को शीश नवायव ॥
पूरब दक्खिण देश
 और पश्चिम दिशि आयव ।
सबै सेख फिरि थक्कि
 कहूं काहू न रखायव ॥
तब सेख आइ रणथम्भ गढ़
 दीन बचन इमि भक्खियो ।
सुनि हमीर करुणा सहित
 शेष बचन दे रक्खियो ॥
बहरामखाँ वजीर बोले
 समद पार गए शेष,
बार हजरति बह नाहीं ।
 राव शेष क्यों रखै
रहत हजरत घर माहीं ।
 फिर न कहौ यह बचन

तथा कबहुं मनआने।
दूत शाह के बचन
सुने सत्कार सु माने॥
महरमखान इमि उच्चरे
खबरदार नहि बेखबरि।
कहिये जु बात निज हगन लखि
असी बात नहिं कही फिरि॥

## दोहरा छन्द।

महरम खाँ उज्जीर सों, कहैं बैन पतिसाह।
इक फरमान हमीर को, लिखि भेजो अब ताहि॥

## छप्पय छन्द।

लिखि हजरति फ़रमान
उलटि एलची पठाये।
हठि मत करो हमीर
चोर मति रखो पराये॥
हम दिल्ली के ईश
राव तुमहूं जु कहावो।
बढ़े अलसि जिय माहिं
बैर में कहा जु पावो॥
माल मुलक चाहो जितो
कहै शाह वहु लिख्यिये।
फरमान बंचि जिय राव तुम।
चोर हमारो दिज्जिये॥

## दोहरा छन्द।

बाँचि राव फ़ुरमान तब, दियो सेख तब अंग।
वचनदियो मैं सेख को, करौं शाहसौं जंग॥

दियउ उलटि फ़रमान तब, राव शाहिको ज्वाब।
रख्यौं महिमा साहि मैं, तजूं न तिहि मैं भाव॥
यह फ़रमान जो बाँचिके, करैव शाह तब क्रोध।
लिख्यो देखि पतिसाह कौं, कियो उजीर सुबोध॥

## छप्पयछन्द।

कित्तो गढ़ रणथम्भ
राव जिस पँह गर्वाये।
दसौं देश बसि किये
जीति करि पाँव लगाये॥
ईश कह्यौ अब कौन
युद्ध जो हम से मंडै।
देत दुनी तें कढ़ि
गर्व तातें क्यौं मंडै॥
साहिब्ब बचन इमि उच्चरै
अली औलिया पीरगन।
महिमा शाह जु रक्खि तुव
अजहुँ समुझि हमीर मन॥

## दोहरा छन्द।

दूजा हजरति का लिखा, बाँचि राव फ़रमान।
बार बार क्यों लिखत हो, तजूँ न हठ की बान॥
पश्चिम सूरज उग्गवै, उलटि गंग बह नीर।
कहौ दूत पतिसाह सों, हठ न तजै हम्मीर॥

## छप्पयछन्द।

दियो पत्र कविराज
करौं जब लग मैं सोइय॥

जो गढ़ आयो निमत
　　आइ रक्खे नहिं कोइय।
अनहोनी नहिं होय
　　होय होनी है सोइय॥
रजक मोत हरि हथ्थ
　　डर सु मानव क्यों कोइय।
नहिं तजूं शेख को प्रण करिव
　　मरन धरम छत्रिय तनों।
मन है विचित्र महिमा तनो
　　सत्य वचन मुखतें भनों॥
चले दूत मुरझाय
　　दिसि दिसि कियो पयानो॥
गढ़ रणथम्भ हमीर
　　आइ कैसे कम जानो॥
हयदल पयदल सेन
　　सूर वर वीर सजायो॥
हठीराव चहुंवान
　　वंश यह हठि चलि आयो॥
यह विधि सु तुम हूँ धर लखे
　　हरे सकल तुम वीरवर।
अब पतिसाह जु एक भुव
　　के तुम के जु हमीर वर॥
सुनत दूत के वचन।
　　आइ जब मन मुसकाये॥
कितौ राज हम्मीर।
　　करै हठ मोहिं बुलाये॥
कितेक गढ़ इह ठौर
　　किते उमराव महाबल॥

कितै बाजि गजराज
कितै भट बहु महाबल ॥
तुम कहो सकल समुझाय मुहि
किहिं हेतु इते गर्बहिं बढ़े ।
हम्मीरराव चहुवान कै
कितौ हसम दल सँग चढ़े ॥
हरजरीत राव हम्मीर
वार बहुतैं समुझायव ।
सुन महिमा को नाम
रोष करि राव रिसायव ॥
करौ युद्ध तिर सुद्ध
साह दल खंडि बिहंडौं ॥
धरो सीस हरकंठ
सुयश तिहि लोकहिं मंडौं ॥
हम्मीर राव इमि उच्चरै
गही टेक छाड़ौं नहीं ॥
तन जाय रहै जिय सोच नहिं
लाज धरम खंडौं नहीं ॥

## चौपाई छंद ।

कहै साहि सुनु दूत सुबैनं ।
कहो राव को पन भ्रम ऐनं ॥
कितोक दल बल सूर समाजं ।
कित इक गढ़ सामा धर राजं ॥
रहनी करनी प्रजा प्रतापं ।
बानी बिरद दाम धम थापं ॥
नीति अनीति धाम गढ़ कैसा ।
सहर सरोवर बाट जु जैसा ॥

सत्तरि सहस तुरङ्गम जानों ।
दोय लक्ख पयदल भरमानों ॥
सत्त पंच गजराज प्रमानों ।
होहि कोच मद बहत सुदानों ॥
रनथम्भोर ग्वालियर बङ्का ।
नरवल औ चित्तौर सु तङ्का ॥
रहै जखोरा गढ़के जेता ।
अनतिन वस्तु न जानत तेता ॥
तुरी सहस इकतीस सु सज्जै ।
अष्ट गजराज असी मद गज्जै ।
सूर बीर दस सहस प्रमानों ।
इते राव रणधीर के जानो ॥

## दोहरा छन्द ।

मेटि मसीत जु मकल तँह, कीने मंदिर देस ।
बङ्ग निवाज न होय जँह, श्रवन कथा हरि वेस ॥
नहिं कुरान कलमा नहीं, मुसल्मान नहिँ बीर ।
चारि वरण आश्रम सुखी, देस हमीर सु धीर ॥
अपने अपने धर्म्म में, रहैं सबै नर नारि ।
राजनीति पन तेज युत, करैं राव सुख कारि ॥
कर काहू कै होय नहिं, दुखो न कोउ दीन ।
आश्रम किते नवीन है, ऊँचे मंदिर बीन ॥

## पद्धरीछंद ।

रणथम्भ दुर्ग बहुविधि सुजानि ।
तिहिं दरा चारि मग सुगम मानि ॥
घाटी सुचारि अरुो सु और ।
हय गय न चलै अति कठिन ठौर ॥

सरवर सु पंच जल अगम सोय।
　　बहु रंग कमल फुल्ले सुजोय॥
चहुँ ओर नीरको नहिन छेह।
　　परबत अनूप जल झरै एह॥
सो दुर्ग अगम पहुँचै न खग्ग।
　　गढ़ चढ़ै कवन जँह इक मग्ग॥
अन्न भरे दोय भंडार अन्न।
　　दस लक्ख कोठि दस सहस मन्न॥
दस लक्ख सूत सन धरे संचि।
　　हिय दोय लक्ख धरि धातु खंचि।
घृत सहस बीस मन भरे हौद।
　　दोय लक्ख पैद चहुं गढ़न कौद॥
तिम तौल नोन पर्बत सु तच्छ।
　　दस सहस अमल आफू समच्छ॥
मृगमद कपूर केसरि सुगन्ध।
　　भरि रहे भौन सौंधे सुबन्ध॥
नहिं तौल तेल लोहा प्रमान।
　　बारूद सुद्ध नव लच्छ जान।
अन्न पतो जानि सीसो सुसुद्ध।
　　नवलक्ख धन्यो संचय समुद्ध॥
अरु हुतौ राव कै नित्त दान।
　　पँच तौलि पंच मुहरै समानि॥
दस दोय धेनु तरुणी सुवच्छ।
　　सोवन्न शृङ्ग शृङ्गार सुच्छ॥
यह अधिक जानि दीजै सुविप्र।
　　उग्गन्त सूर दिज्जै सु छिप्र॥
जीमन्त* विप्र सब राजद्वार।

* Take food.

लंगर सु अनगिनित बटत सार ।
बहु अन्ध पंगु अरु बधिर कोय ।
सो करै भोज नृप के स जोय ॥
दस दोय अब मन औरै चीर ।
खग सकल चुगैं तहं ठौर ठौर ॥
गणनाथ आदि सब लसैं देव ।
नृप आप करत करि नमत सेव ॥
शिव बसैं मन्दि भैरव समेत ।
भव भवा सबै परिकर समेत ॥
दृढ़ महा बड्ड गढेस गड्ड ।
बिन मग्ग सकै पच्छी न चड्ड ॥
बड़ तोप सतरि गढ़ पै अचल्ल ।
तब छुटत घोर पर्वत सुहल्ल ॥
छुट्टन्त गर्भ सुक्कन्त नीर ।
मन अजगात सुक्कत समीर ॥
आसा सु नाम रानी सु एक ।
पतिव्रत्त धर्म्म देवी सु टेक ॥
रणथम्भनाथ सुत इक्क पूर ।
चँड तेज मनू अक्कस सूर ॥
रतनेस नाम जग है विख्यात ।
चित्तौड़ दुग्ग पालै सु तात ॥
संग रहैं सुभट घट विकट संग ।
को करै तिनहिं तैं रणहिं रंग ॥
तप तेज राव वृषभान जेम ।
पर दुःख कटन विक्रम सु नेम ॥
देखंत रूप मनु कामदेव ।
सुर काछ वाछ निकलंक भेव ॥
अरु खेत जुरै नहिं देत पिट्ठि ।

अरि लखत देखि नहिं परत दिट्ठि ॥
बहु बाग चहुँ दिसि सघन हेरि ।
गम्भीर गह्वर उपवन सुभेरि ॥
बहु अम्ब वृक्ष फल झुकत भार ।
दाड़िम समूह निम्बू अपार ॥
बहु सेवराज जामुन समूह ।
नारङ्ग रंग महुवा समूह ॥
खिरनी सकेलि नारिल वृन्द ।
खीरा कि चिरंजी मधुर कन्द ॥
कटहल कदम्ब बड़हल अनेक ।
महुवा अनेक कहलि विवेक ॥
तँह मोलसिरी सोहैं गंभीर ।
माधी सपेत सोहंत धीर ॥
फुलवारि गुंज अलि भ्रमर डोल ।
प्रफुलित गुलाब चंपा उदोत ॥
कहुँ रही केतकी वृन्द फूलि ।
अलि भ्रमर गन्ध सहि रहे फूलि ॥
कहुँ रहे केवरा जुही जाय ।
संदुप्प और संभो सुभाय ॥
आचीन नगरसा औ असोक ।
पाटल सच मोलिय कोलि कोक ॥
एला लवङ्ग कर्पूर बेलि ।
माधुव्वलता माधुरी झेलि ॥
तब ताल तमाल र ताल और ।
ता मध्य कमल अरु कुमुद भौर ॥
चहुँ ओर सघन पर्वत सुगन्ध ।
जलजंत छुटे उन्मेस बन्ध ॥
पिक मोर हंस चकवा विहंग ।

सुक चाक कोकिला रमत संग ॥
चहुं ओर बाग बारी अनूप।
तिहिं मध्यदुर्ग रणथम्भ भूप ॥

यह दूत के बचन सुन दरबार कियो

## छप्पय छन्द।

क्या हमीर मगरूर
पलक में पाय लगाऊँ।
खूनो महिमा शाह
उसे गहि दिल्लिय लाऊं॥
जीति राव हम्मीर
तोरि गढ़ धूरि मिलाऊं।
इतो जो न अब करूं
तौ न पतिसाह कहाऊं॥
केतेक राज रणथम्भ को
इतो कियो अभिमान तिहिं।
करि कोपि शाह भेजे जबै
दसौं देस फर्मान जिहिं॥
सुनै दूत के बचन
शाह जिय शंका आइय॥
चढ़ो कोपि बिन समुझि
बहौ कैसो बन जाइय॥
हारि जीति रब हाथ
आप सम्मत जग होई॥
तातैं मंत्री मित्र
मंत्र दृढ़ किज्जिय सोई॥
यह जानि शाह दीवान किय
खान बहस्तिर एक हुव॥

यह हठ हमीर को सुन्यो तब
    रक्खे शेख सरन भुव ॥
आम खास उमराव
    सबै पतिसाह बुलाये ॥
राजा राना राव
    खान सुलतान सु आये ॥
हठ हमीर मुझि करिव
    सेख सरनै निज रख्यो ।
दियो दूत को ज्वाब
    बचन बहु अनबन भख्यो ॥
सब तंत मंत जानो सु तुम
    देश काल बुधि इष्ट ध्रुव ।
जिहिं जाहु जाहु जस बुधि है
    कहा नीति उत्तम सु भुव ॥
कहैं सकल उमराव
    ईश तुम सम नहिं कोई ।
तेज प्रताप रु बुद्धि
    और दूजो नहिं कोई ॥
फिरि फिरि जो फर्मान,
    राव को कहा जु लिक्खिय ।
जो उपजै यहि बार
    सोइ प्रभु आपन अक्खिय ॥
चढ़िये शिकार गीदड़ तणी
    तज सिंह कैं बांधि सर ॥
फिर लड़ो मरो सन्देह नहिं
    तंत मंत याहो सु वर ॥
बरहम खाँ उजीर
    शाह सों ऐसैं भाखे ॥

चहुवानन को बात ।
सबै अगलो मुख भाषै ॥
पहिलै हसन हुसैन ।
सयद चहुवान सु पेले ॥
सात बेर पृथिराज
गहै गवरी गहि मिले ॥
बोसल दे अब पित्थ ए ।
जड़ पीर करे अजमेर हनि ॥
महरम्म खाँन इमि उच्चरै ।
असो वंश चहुवान पन ॥
गीदड़ सिंह शिकार ।
शाह एको मति जानो ।
रणतभंवर दिशि भला ।
आप मति करौ पयानो ॥
बड़ौ राय हम्मीर ।
और रणधीर अमानो ॥
अरु सामन्त अनेक ।
अधिक तें अधिक बखानो ॥
बहु दुग्ग बहु रणथम्भ गढ़ ।
यह विचारि जिय लिज्जिये ॥
तुम अल्लावद्दी पीर अति ।
आप सुहिम्म न किज्जिये ॥

## दोहरा छंद ।

दुग्ग बड़ रणथम्भ बड़, तुम अल्लावद्दी पीर ।
करामाति भय मन गनो, आप मीर हम्मीर ।

छप्पय छन्द ।

कालबूत का खेल ।
　　एक हजरति बनवावो ॥
ताहिं मारि तज रोष ।
　　कहा जिय क्रोध बढ़ावो ॥
लगै प्राण धन दोउ ।
　　तबै बाजो कोउ पावै ॥
तजै खेत यश जाय ।
　　बहुरि कछु हाथ न आवै ॥
सूनी शरण हमीर के ।
　　रह्यो दीन जानै दोऊ ॥
किज्जे सुहिम्म नहिं राव पै ।
　　यामै तो सुख है सोऊ ॥
मिश्र देश खंधार ।
　　खरे गज्जिनि दल आये ॥
अरु काबिल खुरसान
　　कोप पतिशाह बुलाये ॥
रूम श्याम काश्मीर ।
　　और मुलतान सु सज्जे ॥
ईरां तूरां कटक ।
　　बलख आरब धर गज्जे ॥
सब देश रूहंग फिरंग के ।
　　भख्खर के सज्जे सुबल ॥
अल्लावदीन पतिशाह के ।
　　चढ़े संग टिड्डी सुदल ॥
चढ़े हिन्द के देश ।
　　प्रथम सोरठ गिरनारी ॥

---

**Campaign.**

दक्षिण पूरब देश।
लये दल बहल भारी ॥
मरु पहार के भूप।
और पच्छिम के जानो ॥
दसों दिशा के वीर।
कहा कोउ नाम बखानो ॥
ग्यारा से अठतीस थे।
चैत्रमास द्वितिया प्रगट ॥
चढ़े सुशाह अल्लावदी।
करि हमीर पर कटक भट ॥

## भुजंगप्रयात छन्द।

चढ़े साहि कोपे सुबज्जे निशानं।
चढ़े मीर गम्भीर मल्लं सुजानं ॥
उड़ी रेणु आकाश सुज्झै न भानं।
धरा मेरु डुल्लै सुभुल्लै दिशानं ॥
सहै शेष भारं न पारं न पावै।
डगै कोल दिग्गज्ज अग्गे सु ध्यावै।
मनो छांडि बेला समुद्दं उमंडे
किये हैदलं पैदलं रत्थ तंडे ॥
चढ़े सत्त लक्खं सु हिंदू सयन्नं।
सबै बीस लक्खं मलेच्छं अयन्नं ॥
तहाँ डाक एकं सहस्सं दुपंचं।
चले बेलदारै लखं च्यारि संचं ॥
चले एक लक्खं सु थग्गं सु लोलं।
चलीखान छिन्नासि दोउ हरोलं ॥
चले बानियाँ संग व्यापार भारी।
सुतो दोय लक्खं गिनै संग सारी ॥

चलो लक्ख च्यारं सुसंगं भिठारी ।
    पकावै सुनानं * सबै कामवारी ॥
खरं गोखरं यो चलै दोय लक्खं ।
    फिरै च्यारि लक्खं गसक्तौ † सुरक्खं ॥
दुमागीर इक्कं सुलक्खं सु चल्ले ।
    सुतो लंगरं सो सदा खान मिल्ले ॥
परव्वी लख्खं दोइ चल्ले सुसंगं ।
    रहै तोपखाने सदा जंग जंगं ॥
भरे ऊँट बारूद डेरा सु भारी ।
    सुतो तीन लक्खं सजो संग सारी ॥
चले सहस पंचं मतंगं सु गज्जं ।
    मनो पावसं मेघमाला सु रज्जं ॥
लखै वैरखं सो मनो विज्ज भारी ।
    करै दान वर्षा मनो भुम्मि कारी ॥
लसै उज्जलं दन्त बग पंक्ति मानो ।
    रतो सावकी सेन सज्जो सुजानो ।
गरज्जत् निशानं सुसज्जंत भानो ।
    मनु पावसं मेघ गज्जै सुमानो ॥
सबै सेन सज्जी चढ्यो साहि कोपं ।
    सबै पंच चालीस लक्खं सो चोपं ॥
तहाँ तीस हज्जार निस्सान बज्जै ।
    सुनौ घोर शोर सुनै मेघ लज्जै ॥
सताईस लक्खं मजाबीर बढ्ढे ।
    टेर नाहिं जङ्गं भए ताम कढ्ढे ॥
परै औजमं भट्ट चौ दोय फौजं ।
    कटे बढ्ढ बक्कं हटे नाहि रोजं ॥

---

* Bread

† Runners

चढ़े उल्लटं बाट थट्टे सु चल्ले ।
मनो सागरं छंडि बेला उगल्ले ॥
जले सुक्कियं नीर नाना सु थानं ।
बहै औघटं घाट ट्हल्ल मानं ॥
कियो कूच कूचं चले मीर धीरं ।
पर्यो जोर हम्मीर के देश तीरं ॥
भजे भुम्मियाँ भुम्मि चल्लं अपारं ।
गये पर्वतं बङ्क मेवास भारं ॥
सबै राव हम्मीर के देश माहीं ।
भये बीर संधीर युद्धं समाहीं ॥
तिही बिच नल्ल हारणो इक्क गढ्ढं
लड़े रावकं रावतं जोर दढ्ढं ॥
दिना तीन लौं सो कियो युद्ध भारी ।
फते पातसा की भई बेनकारी ॥
चले अग्ग साहं सुसेना हकारी ।
सुनो राव हम्मीर कुप्पे सुभारी ॥
किये रत्त नैनं सु भृकुटी करूरं ।
लख्यो रावतं जोर उट्ठे जरूरं ॥
परी पक्खरं बाजि राजं सुसज्जे ।
बजे मद्द निस्सान आकाश लज्जे ॥
तबै राव हम्मीर को शीश नाये ।
बिना आयुसं साह पै बीर धाये ॥
जुरे आय युद्धं न दीजो बनामं ।
चढ़े लक्ख चालीस औ पाच तासं ॥
हते राव हम्मीर के पच्चसूरं ।
अभय सिंह पम्मार रट्ठौर भूरं ॥
हरीसिंह बग्घेल सूरम्म भीमं ।
बल्लवान सद्दूल अजमल्ल सीमं ॥

भिभागे कटो सेन वागे उठाई।
मिले बीर धीरं अमीरं हटाई॥

## दोहरा छन्द।

पंच सूर हम्मीर के, बीस सहस असवार।
उत सब दल पतिशाह को, बज्यो परस्पर सार॥
नदी बनास ज उप्परे, रत्ति बसिय पतिशाह।
प्रात कुछ नहिं कर सकें, आय जुटे नरनाह॥

## पद्धरी छन्द।

चढ़ि चले शाह हरवल्ल समीर।
तिंहि जुटे राव कूरम सबीर॥
वग्घेल हरीसिंह अनिय बन्धि।
चन्देल पयादे भिरिव सन्धि॥
बिच गोल शाह को जितो शुद्ध।
तिन शूर राव के करि न युद्ध॥
यह भाँति पंच रावत अभंग।
पतिशाह सेन सों जुटे जंग॥
कम्मान श्रवनि लगि करिक सीस।
मनु प्रगट पत्थ भारत्थ सीस॥
सर बरसत पावस मनों नीर।
बहु बेधि कवच धर परत धीर॥
लगि सेल अंग नहिं पार होत।
ससि कोरि घटा मैं करि उदोत॥
किरवान बहै करि करिव क्रोध।
धर परत सीस धर पुठत जोध॥
लगि होत कटारिय अंग पार।
प्रासाद उच्च के खुले द्वार॥

बहु खंजर पंजर करत पार।
  उंनी जु उठी मुनो रुधिर धार॥
मनु पर्बत ते गेरू पनार।
  बहि चलो अंग ते स्रोनधार॥
बहु घायल घुम्मत ज्झुत घाव।
  मनु केसिव किंसुक तरु सुहाव॥
चल परी शाह दल में अपार।
  हाहंत सद्द भो दल मझार॥

## दोहरा छन्द।

अमिय सेन पतिशाह की, लुटी जु रिद्धि अपार।
तब महरमखाँ शाह सों, अर्ज करी तिहिं वार॥
हजरति देस हमीर को, निपट अटपटो जानि।
भिल्ल कोल तस्कर सबे, और किरात सुमानि॥
सजग रहो निसि द्योस सब, गाफिल रहो न सूर।
हमिय सेन सब अप्पनिय, तीस हजार सपूर॥
घायल को लेखो नहीं, हथ्थिय परे सु बीस।
परे बाजि सत्र छोड़ सत, सुनि जिय अचरजि दीस॥
परे राव के बीर दस, घायल पंच पचीस।
अभयसिंह पम्मार के, भयो घाव दस सीस॥
जाय जुहारे राव कों, कही चमू की बात।
तब हमीर सब तें कहीं, बाहर लरो न तात॥

## छप्पय छन्द

तब सु शाह करि कुच
  चली रणथंभहि आये।
सकल सु संकित हियें
  और उमराव सुभाये।

जल थल पाधरि सैन
ऐन चहुँ ओर सु दिक्खिय ।
चढ़ि अगार एक उच्च,
राव बहु भांतिन लक्खिय ॥
अहुवान राव हड़ हड़ हस्यो
हेरि सैन इमि उच्चस्यो ।
पतशाह किधौं सौदागुगर
मानो एक टांडो पस्यो ॥

### दोहरा छन्द ।

फिर पतिशाह हमीर को, लिखि पठये फरमान ।
अजहुँ हिंदू समुझि तुव, मिलि तजि सब अभिमान ॥

### छप्पय छन्द ।

मैं मक्के को पीर
दिल्ली पतिशाह कहाऊँ ।
हिंदू तुरक दुराह
सबै इक सार चलाऊँ ॥
बीर चारि अरु पीर
रहै मुझ पर चौरासी ।
महिमा साहि न रक्खि
राव मति करै जु हाँसी ।
तुम समुझि सोच जिय अप्पनै
कहा तोहि फल उपजै ॥
परचंड लाभ उट्ठै जु सिर
इक सेख को नहिं तजै ॥
फिर हमीर फरमान
साहि को उलटि पठायो ।

हजरति छत्रिय धर्म्म
सुन्यो नहिं श्रवनन गायो ॥
तुम मक्के के पीर
सूर सुरलोक कहाऊँ ।
तुम सरभर नहिं हसम
साहि पल मैं जु नसाऊँ ॥
नहिं तजौं टेक कंहु न पन
यह विचार निश्चै धर्यो ।
छिन भंग अंग लालच कहा
सुयश खोय जीवन कर्यो ॥

## दोहरा छन्द ।

जैत छाँड़ि जोगी कहा, मत छोडै रजपूत ।
सेख न सोंपौं साह को, जब लगि सिर साबूत ॥

## छप्पय छंद ।

हजरति नई न करूँ
करूं जैसो चलि आई ।
मुसल्मान चहुवान
सदा तैसी बनि आई ॥
ख्वाजै मीरां पीर
खेत अजमेरि खिसाये ॥
असी सहस इक लक्ख
बहुरि मक्का न दिखाये ॥
बीसल दे अजमेरगढ़
सोनगरा ताको नियम ॥
नग बरिय सुन्दरी कंवरि सो
ब्याह बहुत लालच दियव ॥

पृथीराज वर सात
  साह गवरी गहि छंड्यो ॥
कर चूरौ पच्छिराय
  दण्ड करि कछुव न मंड्यो ॥
ता पिच्छे गढ़ दिल्ली
  साह गौरी चढ़ि आयव ॥
रेणु कुमार अपार
  युद्ध करि सुर पुर धायव ॥
चहुवान वंश अवतंस जो
  खग्ग त्यागि नाहिं न मुख्यो ।
छंडूं न टेक यह बिरद मम
  सेख रक्खि जंगहि कस्यो ॥
तजै सेस जो भुम्मि
  मेरु चलै धर उप्पर ।
उलटि गंग बहु नीर
  सूर उग्गै पच्छिम भर ॥
ध्रुव चलै आकाश
  समद मर्जाद सु छंडै ।
सती संग पति काढ़ै
  बहुरि घर आय सुमंडै ॥
थिर रह्यौ न यह संसार कोइ
  सुनो साहि साखी सुधुव ।
दसकन्ध धरणि अज्जुन जिसा
  सपनहि सम दिक्खंत भुव ॥

## दोहराछन्द ।

कालिमें अमर जु कोइ नहीं, इसम देखि नहिं भूल ।
तुमसे किते अलावदी, यह धरती पर भूल ॥

अपनेको सूर न गिनै, कायर गिनै न और ।
अपनी कीरति आप मुख, यह कहवो नहिं ओर ॥
लिखे लेख करतार के, हजरति मेट न कोइ ।
को जाने रणथम्भगढ़, अब यह कैसो होइ ॥

## चौपाई छन्द ।

लिखे हमीर शाह सब बंचे ।
करि मन कोप जंग को नंचे ॥
तीन सहस नीसान जु बज्जे ।
धर अम्बर मग सोर सुगज्जे ॥
रणतभँवर चहुँ ओर सुघेरिव ।
दलन समात पुहमि सब हेरिव ॥
किन्न निरोध क्रोधकरि बुल्लिव ।
देखो कुबुधि हमीर सु भुल्लिव ॥
जब हमीर हरमंदिर आये ।
बहुबिधि पूजि सुबचन सुनाये ॥
धूप दीप आरती उतारी ।
शंकर को अस्तुति उच्चारी ॥

## नाराच छन्द ।

नमामि ईश शङ्करम् ।
जटी पिनाकयं हरं ॥
शिवं त्रिशूलपाणियं ।
विभुं प्रभुं सुजानियं ॥
त्रिनैन अग्निभालयं ।
गले सु मुण्डमालयं ॥
भवानि बामभागयं ।
ललाट चन्द्र लागयं ॥

धरे सु सीस गंगयं ।
कपूरगौरअङ्गयं ॥
भुअंग संग फुंकरै ।
सुबोल कंठ हुंकरैं ॥
गणं गणेश साथयं ।
कि वीरभद्र जाथयं ॥
प्रसीद नाथ वेगयं ।
करो क्रपा सु मे जयं ॥
सहाय नाथ किज्जिये ।
अभय सुदान दिज्जिये ॥
अलावदीन आइयं ।
मलेच्छ संग ल्याइयं ॥
सुलक्ख बीस सातयं ।
चढ़े सु कुप्पि गातयं ॥
प्रताप तेज आपके ।
मिटे कुकर्म पापके ॥
सरन्न शेख आइयं ।
करो सहाय पा पयं ॥
उमासुनाथ नाथयं ।
गहो सु मोर हाथयं ॥
कुटंत लाज मङ्गयं ।
सरन्न पन्न ङ्गयं ॥

## दोहराछंद ।

शिव स्वरूप उरधारि कैं, मूंदि नयन धरि ध्यान ।
यह अस्तुति नृप की सुनी, भय प्रसन्न वरदान ॥
कहै शंभु हम्मीर सुन, कीरति जुग जुग तोर ।
चौदह वर्ष जु साहि सों, लरत विघ्न नहिं चौर ॥

बारे बरष है बरस परि, सुदि असाढ़ सुनि सोइ।
एकादसी जु पुष्यकी, साकौ पूरण होइ॥

यह साको अरु जस अमर कहै तोहि कलि माँहि।
छत्री को जुग जुग धरम यह समान कछु नांहि॥
हरष सहित हम्मीर तब ईस चरण दिय सीस।
तब मंदिर तें निकसि कै करी जुह को रीस॥
संकर कह्यो हमीर सों सुनहु राव ध्रुव साखि।
सहस सूर तेरे जहां, परैं मलेछ सुलाख॥

## चौपाईछन्द।

राव हमीर दिवान करायो।
मन्त्री मित्र बन्धु सब आये॥
सूरबीर रावत भट बंके।
स्वामि धर्म्म तन मन तिन हंके।
काछ बाछ दृढ़ बज्र सरीरं।
माया मोह न लोभ अधीरं॥
अमृत बचन सबन तें भक्खें।
जाचत आपुन प्रान न रक्खे॥
नाना बिरद बन्दि बिरदावें।
लक्ख लक्ख के पटा जु पावें॥
ता को बीर राव रणधीरह।
करो जुहारे राव हमीरह॥
आयसु होय करों मैं सोई।
देखो राव हाथ मम जोई॥
काकै काल्ह करो जस आगे।
कनवज कमधज सो रंग पागे॥
कहै हमीर धीर सुनि बानी।
तुम जु कही सो मोहिं न छानी॥

अब गढ़ कोट हसम पुर जेते।
तुम रच्छक हम जानत तेते॥

## दोहरा-छन्द।

मैं पहिले पतिसाह सौं, करी बात अब टेक।
सो अब चौरे साहि सो, करौ जंग अब एक॥

## तोटक छन्द।

चढ़िये करि कोप हमीर मनं।
करि दिढ्ढ सगढ्ढ सम्हारि पनं॥
बहु तोप सु सिद्धि सवाँरि धरी।
बुरजैं बुरजैं धर धूमि परी॥
बहु कंगुर कंगुर बीर अरे।
सब द्वारन द्वारन धीर परे॥
सब ठौरन ठौरन राखि भरं।
चढ़िये गज पै चहुवान नरं॥
बहु बीर हमीर सु संग चढ़े।
गजराजन उप्पर इन्द बढ़े॥
करि डम्बर अम्बर सीस लगी।
मनु सोवत धीर सबीर जगी॥
बहु चंचल बाजि करन्त खुरी।
तिन उप्पर पप्पर सौंज परी॥
नर ज्वान जवान लसै दल मैं।
रन मैं उनमत्त लसैं बल मैं॥
बहु दुन्दुभि बज्जत घोर घनं।
भिकसे तब राव करन्न रनं॥
बहु बारन बारन बीर काढ़े।
गज बाजि सु सिंदन जान चढ़े॥

लखि शाह सनम्मुख कोप कियं ।
रणथम्भ चहुँ दिसि घेरि लियं ॥
मिलि राव हमीर सु माहि दलं ।
बिफरे बर बीर करंत हलं ॥
सर छुट्टत फुट्टत पार गजं ।
सुमनो अहि पच्छय मध्य रजं ॥
तरवारि बहै कर पानि बलं ।
धर मध्य धरैं धर हक्क खलं ॥
मुख अग्ग बढ़ै रणधीर लरैं ।
तिन सों पतिशाह के बीर अरैं ॥
अजमल्ल महुम्मद हक्क अली ।
तिन संग असी सु सहस्स चली ॥
तिहिं द्वन्द अमन्द त्रिलन्द कियो ।
रणधीर महारण झेलि लियो ॥
करि कोप तबै रणधीर मनं ।
बन बैन कहै घन धारि धनं ॥
महिमंद अली मुख आय जुर्यो ।
दुहुँ बीर तहाँ तब युद्ध कर्यो ॥
अजमल्ल कमान लई कर मैं ।
रणधीर के तीर काढ्यो उर मैं ॥
रणधीर सु कोपि कै साँगि लई ।
अजमल्ल के फूटि कै पार गई ॥
परियो अजमल्ल सुखेत जबै ।
महमन्द अली फिरि आय तबै ॥
रणधीर सु कोपि कै बैन कहै ।
कर देखि अबै मति भुल्लि रहै ॥
किरवान सु धीर के अंग दई ।
कटि टोप कछ सिर मांझ भई ॥

तब कोप कियो रण धीर मनं।
खिरवान दई महमंद तनं॥
परियो महमन्द अमंद बली।
तब शाह कि सेन सबै जु हली॥
लुथि लुत्थि परै बहु बीर अरे।
बहु खंजर पंजर पार करै॥
धर सीस परै करि रोस मनं।
कर पाँव कटै बहु कौन पनं॥
यहि भाँति भिरे चहुवान बली।
मुरि साह की सेनि सुभग्गि चली॥
बल खोजु परै जु हजार असी।
लखि कालिय अट्ट सु हास हँसी॥
चहुँवान परे इक जो सहसं।
सुरलोक सबै बर बीर बसं॥

## दोहरा छन्द।

असी सहस बलखो परै, महमद अजमात खान।
महाँ राव रणधीर के, परे सहस इक ज्वान॥
भजी फौज सब शाह की, परै मीर दोउ बीर।
करै याद पतिशाह तब, गज्जनिगढ़ के पीर॥

## चौपाई छन्द।

भज्जिय फौज शाह की जबहीं।
फिरो फिरो बानी कह सबही॥
तहां शाह करि कोप जु बुल्लिय।
समर भुम्मि अब छाँड़ि सु चल्लिय॥
सरबस खाय भोग करि नाना।
अबै परम प्रिय लागत प्राना॥

समर विमुख तें जानब सोई।
    इनूँ आप कर तजौं न सोई॥
सुनि शाह के कोपि सु बैनं।
    फिरी सैन इक मत्त सुऐनं॥
बखतर पक्खर टोप सुसज्जिय।
    जुरे जंग बहु मीर सु गज्जिय॥

## दोहरा छन्द।

बादित खाँ पतिस्याह सो, करी सलाम सु आय।
हजरत देखो हाथ मम, कैसो करूं बनाय॥

## पद्धरी छन्द।

करि कोप बदित खाँ जुरे जंग।
    मनो परलै पावक उठै अंग।
गुंजत निशान फहरात धुज्ज।
    जुटि जिरह टोप तन नैन सज्ज॥
किये हुकम शाह तन में रिसाइ।
    किन्हौ सु जंग फिर वोर आइ॥
छूटंत तोप मनु बज्रपात।
    जल सुक्कि धरा छुटि गर्भ जात॥
•बहु बान चलत दोउ ओर घोर।
    अररात धमित मच्यो सु सोर॥
भयो अन्ध धुन्ध सुज्झै न हत्थ।
    बर चढ्ढंवान तहँ करि अकत्थ॥
रणधीर उतै बादित्तखान।
    बजरंग अंग, जुट्टे सु पान॥
हज्जार बीस बादित्त साथ।
    सब जुरे आय रणधीर हाथ॥

बज्जन्त सार गज्जन्त अब्भ ।
    रणधीर सत्य आयेस सब्भ ॥
करि क्रोध जोध बाहंत सार ।
    टूटंत अंग फूटंत पार ॥
करि खेल सेल दोउ ओर बीर ।
    बाहन्त बीर किरवान धीर ॥
हज्जार बीस बहित्त साह ।
    धर परे बीर करि अकथ गाह ॥
रणधीर मीर दोउ भिरे आइ ।
    बादित्त गाहि तब रोष बाइ ॥
लग्गो सुढाल भू टटि ताम ।
    फिर दई सीस किरवान जाम ॥
लग्गो सुसीस धर पर्यो जाय ।
    दुइ टुक होय भुमि अध काय ॥

## दोहरा छन्द ।

भयो सोच जिय साह के जित्तिय जंग हमीर ।
बादित खाँ से रन परे बीस हजार सुबीर ॥
महरम खाँ कर जोरि के करै अर्ज तिहिं बार।
लै कर शेख हमीर अब किमि मिल्यो यहि बार ॥
गह्यो तेग तुम सों अबै हठ नहिं तजै हमीर।
सेख देय मिलै नहीं पन सच्चो बर बीर ॥

## छप्पय छंद ।

करि कुरान गहि साह,
    सीस साहिब को नायो ।
गढ़ दिस दल चहुँओर,
    घेरि रज अंबर छायो ॥

देखि अलावदि शाह,
    कहैं दल बहल भारो ।
अब हमीर को अदलि *
    आय पहुंचो ह सु सागो ।
महरम्म खान इम उच्चरै,
    अदलि हाथ माहिब तनै ।
का होनहार ह्वै है अबैं,
    को जानि कैसो बनै ॥

## दोहरा छन्द ।

हजरति अपने रष्ट पर, पावक जरत पतंग ।
यह हमीर कबहुँ न तजै, सिख टेक रणथंभ ॥
साह दसों दिसि जित्ति कै, अब आये रणथंभ ।
कहै राव रणधीर सों, जुरो सूर रण रंग ॥
अप्पन धर्म्म न छंड़िये, कहै बात रणधीर ।
निसि बासर अब शाह सों, किज्जिय जंग हमीर ॥

## छप्पय छन्द ।

को कायर को सूर,
    धौंस बिन दृष्टि न आवै ।
बिन सूरज को साखि,
    सार छत्री न समावै ॥
बीर गिद्ध अरु संभु
    सकल फलहारी जेते ।
धर पर धरैं न पांव
    रैन मैं दिनचर जेते ॥

---

* Death.

इम कहै राव रणधीर सों
मैं अधर्म्म नाहिन करूँ ।
अब अलावदी साह सों,
रैन सार कबहुँ न गहूँ ॥

## दोहरा छन्द ।

घाटो घाटो साहके, माटो मिलत अमीर ।
राव जंग दिन मैं करैं, राति लड़ै रनधीर ॥
तारागढ़ के पीर को, करै याद पतसाह ।
रणतभंवर की फते दे, कदमूँ आज चाह ॥

## छप्पय

जब ही मीरा सयद,
शाह की मदद पठाये।
सिर उतार करि लिये,
राव परि सम्मुख धाये ॥
जब अमीर की भोर,
च्यारि सुर सुद सु आये ।
..................................
गणनाथ शंभु दिनकर अवर,
छेत्रपाल मन रज्जिये ।
रणथम्भ खेत दुहुँ ओर सों,
वीर पीर दुव सज्जिये ॥

## छन्द भुजंग प्रयात ।

लरे नौ सयद्दं रणत्थंभदेवा ।
करे क्रोध भारी पिले सर्व भेवा ॥
मरज्जंत घोरंत आतंक भारी ।
घने घोर वर्षंत वर्षा करारी ॥

कभू हल्लवे भुम्मि गज्जंत बीरं ।
कभू घोर अन्धार बर्षेत तीरं ॥
गणनाथ हथ्थं लिये तिच्छ पर्सी ।
पिनाकी पिनाकं किये आप दर्सी ॥
धरे सुद्धरं हत्थ भैरो अमानो ।
हसे देव जुट्टे सुकट्टे अमानो ॥
हतें पीर हजरत्त के सत्थ पिल्ले ।
अबहम्म एकं हुसैनं सुमिल्ले ॥
रहीमं सयद्दं सुलत्तान अक्की ।
अहम्मंद कानो रसूलं सुमक्की ॥
हतें बीर जुट्टे सुकट्टे पुरानं ।
भयो युद्ध भारी सु भूले कुरानं ॥
परे खेत नौ मैद दट्ठे धरन्नी ।
हसे शंकरं भैरवं की करन्नी ॥
परे पीर यूं नौरसूलं सु अक्की ।
पर्यौ पीर दूजो कुतव्वं सुचक्की ॥
पर्यो जो हुसैनं कर्यो युद्ध भारी ।
परे टेरि हिम्मत्त अल्ली सुधारी ॥
सयद्दं सुलत्तान आयो जु मक्का ।
अदल्ली परे मीर तुक्की सुबंका ॥
पर्यो दूसरो जो रसूलं सु खेतं ।
तबै बादस्याह्न भयो सो अचेतं ॥
परे मीर नौ मैद आनंत साहं ।
लरे अट्ठ बीरं हटे बैम काहं ॥
अजंमत्त भारी हमीरं सुजानो ।
तबै क्रुध किन्नो दरै छांडि कानो ॥
उलट्टे परे जोय किन्नो दिवानं ।
जुरे खान जेते सुतेते अमानं ॥

वजीरं अमीरं सबै खान बुझे ।
सबै बात मन्त्रं सुमन्त्रौ सुखुले ॥

## दोहरा छन्द ।

महरम खां उज्जीर तब, अरज करी सब खोलि ।
लख बलखी उमराव तो, सदकैं भयो हरोल ॥
अब बकसी के बचन सुनि, शाह कियो अति सोच ।
निबही राव हमीर की, गिनो हमें सब पोच ॥
महिमा शाह हमीर गढ़, ये तीनों साबूत ।
बाजी रही हमीर की, मैं कायर जु कपूत ॥

## छप्पय छन्द ।

महरम खां कर जोरि,
शाहकों ऐसे भाख्यो ।
इक हिकमत तुम करो,
नीक जानो तो राख्यो ॥
महल छांड़ि करि फते,
बहुरि गढ़ सों जुध किज्जिय ।
तोरि छांड़ि रणधीर,
मारि कै पकरि सु लिज्जिय ॥
आतंक संक गढ़ मैं परै,
मिलै राव हठ छंड़ि कै ।
गहि सेख देय मिलि सुत्तिवै,
करौं जुध जब उलटि कै ॥

## चौपाई छन्द ।

कहै शाह महरम खां सुनियो ।
यह मत खूब किया तुम गुनियो ॥

छाँड़ि दरा को प्रथम दिलीजे।
चन्द रोज मँह फतह जु कीजे॥

## दोहरा छन्द।

महरम खाँ पतसाह को, हुकुम पाय तिहिंबार।
सकल सेन तजवीज करि, घेरो छाँड़ि हकारि॥

## त्रियक्खरी छन्द

कोप पतिसाह गढ़ छाँड़ि लग्गे।
सहस सब तोम नौसान श्रग्गे॥
सहस दस सात आरब्ब छुट्टे।
गरज गिरि मेरु पाषाण फुट्टे॥
उठत गुब्बार महितोप लग्गे।
गये बन छंड़ि मृगसिंह भग्गे॥
लक्ख पच्चीस दल और फिर्‌यो।
यह भाँति पतिशाह गढ़ छाँड़ि घेर्‌यो॥
कहै पतिशाह नहिं बिलम किज्जै।
चंद दिन बीचि गढ़ छाँड़ि लिज्जै॥
कहै रणधीर मन धीर धरिये।
आय चहुवान सफ जंग करिये॥
निशान सों सह सुन्दर सुवज्जै।
राव रणधीर आयुद्ध सज्जै॥
बीर रस राग सिंधूर बज्जै।
सहस इकतीस दल संग लिज्जै॥
सहस दस सूर कुल तेग खेलैं।
अप्प जिय रक्खि परमाल पिल्लैं॥
यहि भाँति रणधीर चौगान आये।
उड़ि जमीं गर्द असमान छाये॥

अवदल कारिम्म पतिशाह पिल्ले।
  मीर रणधीर चौगान खिल्ले ॥
वहै बान किरवान औ चक्क चल्लैं।
  रणधीर कहइ सूर तुम होहु भल्ले ॥
साह सों सूर सम्मुक्ख जुरिये।
  हवस के मीर दस सहस परिये ॥
टुट्टि सिर मीर धर पहुंमि लक्खे।
  पच्चसत सूर छड़ि गिद्धि भक्खे ॥
राव रणधीर अप्पन सिधारे।
  अब्दुल करम खान पूहमि पारे ॥
साहि रणधीर सफजंग जुरिये।
  साह दल उलटि दो कोस परिये ॥
कहै रणधीर नहिं विलंब किज्जे।
  बीति चंदरोज गढ़ छाड़ि लिज्जे ॥
गढ़ कोट इह भांति नहिं हत्थ आवै।
  यूँ ही पतिसाह दल क्यों खिसावै ॥

## दोहरा छन्द।

वर्ष पंचगढ़ छाड़ि को, नहिं संवत पतिशाह।
द्वादस वरष रणथंभसो, निधरक लरि अव साह ॥

## 9—SUDAN.

Sudan seems to have been one of the greatest poets of *vir* (Heroic) *ram*, yet little is konwn about him beyond the fact that he was a native of Muttra and that his father's name was Basant. He was the court poet of the famous Suraj Hai of Bharatpur whose exploits he has described in his Sujan Charitra. Pandit Maya Shankar, Controller of Accounts Bharatpur State, writes about him as follows :—' Unfortunately nothing is now known about this poet except that his descendants are living in Muttra and they get Rs. 25 per month from this State. There are only two widows and two young boys in the family. They know nothing about the poet or his works. I found not even one chit there,' Pandit Maya Shanker has also very kindly sent to me a copy of Sujan Charitra from the State Library, and the accompanying extract is taken from this book. The Sujan Charitra describes seven *jangs* or battle- fought by Suraj Mai, ranging from Sambat 1802 to 1S10. The extract is called *sitptam* or the seventh jang, as both in the Bharatpur copy and the Nagari Braeharini Sabha edition it is so called, though it is really the sixth. It begins with a description of the history of Delhi from the earliest times till we come to Ahmed Shah, the contemporary of Suraj Mai. Ahmed Shah's Minister, Mansur, and his Bakhshi (Jhazi Uddin Khan quarrelled. The Bakhshi triumphed and Mansur was compelled to leave Delhi. The applied to Suraj Mai for help. Suraj Mai however replied that the Delhi Emperor was his suzerain and the only way to attack Delhi would be to set up a rival claimant to the throne. Mansur agreed, and a grandson of Kambakhsh was proclaimed Emperor under the name of Akbar. Suraj Mai then

advanced towards Delhi, sacked the twelve suburban villages defeated Ghazi Utldin Khan who was sent to oppose him, entered the metropolis by breaking through the Lai Darwaza, and pillaged the city. A description of the pillage is a masterpiece of the poet's art, and shows his vast knowledge of every kind of bazaar commodity. After a while however the pillaging was stopped and a battle fought in Kotra in which the imperial army was defeated. Another battle was fought at a distance of sixteen miles from Delhi with the same result, Ghazi Uddin next invited Mahrattas to his help but he was again defeated, and a reconciliation was effected in the end on the intercession of Raja Madho Singh of Amber, and Mansur went over to Oudh as Governor.

Sudan was master of all the vernaculars of Upper India, and his graphic description of the battles is rivalled only by the immortal author of the Prithviraj Rasau.

# सुजान चरित्र

## छप्पय

धरि सत रज तम रूप सृजति पालति संहारति।
आरत लखि सुरराज विपति असुरन पैं पारति॥
धम्र चंड अरु मुंड महिष रक्ततारज भंजति।
संभु निसुंभु चबाइ चारु दस लोकन रंजति॥
जाकी विभूति परब्रह्म हू निरगुन तैं गुनमय बरनि।
मुनि देव मनुज सूदन रटत जयति जयति संकरघरनि॥१॥

## दोहा

गत पुरान सत बरष दस मधुरितु माधव मास।
सूरज सित मनसूर कैं गह्यो दिली पै गांस॥२॥

## छप्पय

सप्त दीप कौ दीप दीप जंबू अति आगर।
नव खंडनु पति खंड भरतनृप खंड उजागर॥
तासु मद्धि मधि देश बेस देसनु को मनिगन।
मथुरा मंडल निकट पाथ पथमद्धि अनूप भनि॥
हैं दीप खँड अरु देस बहु तिन मैं ज्यौं तन सीस लहि।
मा भोग नीति नर प्रीति जुत नागनगर सुर बेस कहि॥३॥
तासु मद्धि परसिद्ध नागपुर * संतन राजा।
तनय तीन भये तासु भीष्म भारत के काजा॥
तिहिँ बिमात तेँ अनुज चित्रवपु विय विचित्ररज।
जिहिँ बालन तैं भये अँध पांडव सु विदुर अज॥
सत एक एक सुत अँध कैं पंडव कैं पांचे भये।
व्रष पूत भीम अर्जुन नकुल सहदेव देवन दये॥४॥

---

* हस्तिनापूर ( नाग—हस्तिन् )।

## दोहा

पँडु मर्‌यो पुनि आप तैं रहे पांचहु पूत ।
अँध नृपति तिनकौं दए पँच पत्थ मजबूत ॥५॥
पानीपथ सुनिपथ दुअौ बागपत्थ तिलपत्थ ।
इन्द्रपत्थ पुर थप्पियो धर्म पूत समरत्थ ॥६॥
देवलोक ज्यौं गगन मैं बलिपुर ज्यौं पाताल ।
इन्द्रप्रस्थ त्यौं भूमि पै रच्यौ धर्म नरपाल ॥७॥
स्वारथ कौं भारथ रच्यो पारथ कृष्ण सहाइ ।
अंधबंस निरबंस करि गये हिमालय धाइ ॥८॥
अर्जुन सुत अभिमन्यु को पतिनी गर्भ मँझार ।
कृष्ण कृपा तैं सो बच्यो भयौ भूमिभरतार ॥९॥
सो नृप तच्छक ने डस्यो औ शुक कियो उधार ।
जन्मेजय ताकौ तनय बैरबहोरन हार ॥१०॥
इंद्रपत्थ यौं पंडु कुल भुगतौं बरष अनेक ।
फिरि आई चौहान कैं बिलसी धरैं बिवेक ॥११॥

## छन्द पद्धड़ी

चहुंवान कर्‌यौ बहु बरष राज ।
प्रथिराज जुद्ध कीने दराज ॥
लिय सात बार गोरी सुबंध ।
पुनि भयौ भूप तियनेह अंध ॥
बारह से संवत अंत आइ ।
लीनो सहाब दिल्ली दबाइ ॥
रन पकरि प्रथी राजै सहाब ।
गजनई दुग्ग लैगो सिताब ॥
तहां गयौ भट्ट बरदाइ चन्द ।
नृप सहित साहि कीनौ निकंद ॥

तब तैं सु बढ्यौ तुरकान घोर ।
रोजानिवाज भुव भई गोर ॥
पुनि भयौ साहि अल्लावदीन ।
दिल्ली भतार करतार कोन ॥
सत दोइ बरष भुगती पठान ।
पुनि भयौ चकत्ता साह आन ॥
तूरान भूमि तैं षम्म जोर ।
तैमूर साहि आयौ कठोर ॥
ताको किराम पद भयौ साहि ।
मीरां जु साहि ताको सराहि ॥
सुलतान महम्मद पुनि दिलीस ।
तिहिं अबूसैद बलवंड ईस ॥
हुव उमर सेख पुनि साहि चंड ।
बब्बर जु साहि ताकौ उदंड ॥
ताको जु हिमाऊं साहि रूप ।
तासौं पठान सौं भयौ अजूह ॥
लीनी पठान दिल्ली कुड़ाइ ।
वह साहि हिमाऊं गौ पलाइ ॥
पुनि भयो साह दिल्ली पठान ।
दो सेर सलेमहु साहि जांन ॥१२

## दोहा

प्रकट हिमांऊ के भयौ अकबर साह उदंड ।
तिन पठान मारे सबै राज कर्‌यौ अति चंड ॥१३

## छन्द पद्धड़ी

वह भयो चकत्ता अति अमान ।
जिन जीती बसुधा निज आपान ॥

ईरान और तूरान लीन ।
अरु फिरंगान सरहद्द कीन ॥
हबसान और खुरसान जीति ।
तिलंगान आपनी करी नीति ॥
खिलवाक साहि को आनमान ।
* इसफांह बजे जाके निसान ॥
बुगदाद जीतियौ बदकसान † ।
अरबान और ईरान जान ॥
किय रूम साम आसाम जेर ।
डार्‌यौ कुमावङ्ग कौं बखेरि ॥
कसमीर जीति बहु नीर देस ।
दिय कोह काफङ्ग में कलेस ॥
कहकाह दिवाल दह दह प्रताप ।
मरहट्ठ ठट्ठ लिय साहि आपु ॥
मारू मलार सोरठ दबाइ ।
दच्छिन दिसाहि जीत्यौ बजाइ ॥
अंग बंग तिलंग दाहि ।
अरु द्रविड़ि देश लीनौं उमाहि ॥
बहु आठ काठ अरु घोर घाट ।
बंगाल गौड़ मगधीस डाट ॥
करनाट और लीनो बराट ।
मद ब्रह्म पुत्र मार्‌यौ उचाट ॥
परबती भूप करि आप हत्थ ।
बरफान देस लीन्यौ समत्थ ॥
चौदह हजार भुवकौ समान ।
किय आन चकत्ता निज भुजान ॥

---

* **Isphahan.** † **Budakahan.**

यौं कह्यौ राज अकबर उदंड ।
पंचास और है बरष चंड ॥
पुनि जहांगीर हुअ तास पूत ।
दिल्ली जु साह उद्दत प्रभूत ॥
बाईस वर्ष वसुधाहि भोग ।
पच्छतु पाइ हुव भूमिजोग ॥
सुत साहिजहां ताकौं दिलीस ।
तिन कियौ राज बरसै बतीस ॥
पुनि भयो साहि औरंग साहि ।
जिन तुरकरीति कीनी उमाहि ॥
पचास बरस किय राजघोर ।
दिसि दच्छिन जाकी भई गोर ॥
पुनि भयो बहादुरसाह उद्ध ।
जिनि गहि जपाम किय बहुत जुद्ध ॥
किय पांच बरस वसुधा सुभोग ।
लाहौर तख्त हुव भूमि जोग ॥
सुत भयौं मौजदीं पात साहि ।
एक बरस भूमि करि भोग ताहि ॥
पुनि भयो साहि फर्रकसुसेर ।
छह बरस राज कीनो सुबेर ॥
पुनि भयो फौलदरजाति साहि ।
किय मास तीनि प्रभुता धराहि ॥
पुनि साहजहां पतिसाह आन ।
वह चार मांस भुव भोगमान ॥
पुनि भयो साहि महमंद साहि ।
तिहिं तीस बरष किय राज चाहि ॥
अब साहि महम्मद तजे प्रान ।
सुत साहि अहम्मद भौ जवान ॥१४॥

## दोहा

पातसाहि अहमंद के भौ वजीर मनसूर ।
पोता मुलक निजाम को बकसो भौ मगरूर ॥१५॥
तूरानी बकसी भयौ ईरानी सु वजीर ।
नाचाखी दोजन मैं दिल्लीपतिके तीर ॥१६॥

## छन्द नौसानी

एक रोज पतसाह दी बकसी लै मरजी ।
बिन वजीर दीवान मैं कोनी यह अरजी ॥
हजरत सफदर जंग मैं क्या अदब बजाया ।
नाजर फिदवी साहिका दै दगा खिपाया ॥
हो वजीर हिन्दवान दा यह इसम बढ़ाया ।
कांहका उरझि पठान सैं भगमां ठहराया ॥
टौं मलाह दखनीन कौं सब मुलक छुटाया ।
साहिजिहानाबाद मैं जद सैं यह आया ॥
तद सैं हुकुम हजूरदां नहीं एक बजाया ।
पोता मुलुक निजामदा जब यों बतराया ॥
सो सुनिकैं पतसाहि भी दिल मैं सब ल्याया ।
तिसी वखत मनसूर सैं यों कहि भिजवाया ।
जाना अपने मुलक कौं हजरत फ़ुरमाया ॥
जद यों सुना वजीरने दिलमैं खुनसाया ।
तौभी दिन दस बीस लौं दिलमैं नहिं लाया ॥
फेरि साहि मनसूर कौं अरदी लगवाया ।
साहि जिहानाबादतैं तदही कढ़वाया ॥
तूरानी मिलि साहि सैं यों बैर बढ़ाया ।
ईरानी मनसूर कौं पुर सैं कढ़वाया ॥
बड़ा करबु* अरु कायदा मनसूर गंवाया ।
खासा सेन भुजंग ज्यौं उस रूप लखाया ॥

---

* An Arabic word meaning proximity (govreign's favour).

करि आपुस के वैरनू कहि कौंन सिराया ।
जैसा खेला खेलनू तैसा फल पाया ॥
दिल्ली सैं बाहर हुवैं मनसूर रिसाया ।
गुजवी फौज निहारि कैं पुर मैं मँडराया ॥
अहङ्कार दिल मैं चढ़्या तद ज्यौंत उपाया ।
जे रफ़ीक थे आपने तिन कौं बुलवाया ॥
पूरब सैं निज फौज नौं जलदी फुरमाया ।
चाकर मेरा है वही जो आवै धाया ॥
घासहरे * कौं कुंवर भी फरचा करि आया ।
खबर पाइ मनसूर भी खुसियौं सै छाया ॥
तिसी वखत मनसूर ने फरमान लिखाया ।
रहमति दे कहि आफ़री इलकाब बधाया ॥
कुंवर बहादुर मावमा करि मेरा साया ।
तूरानी गलबा दिया मुझ कौं अकुलाया ॥
इसी वखतकै वास्तैं इखलास बधाया ।
चाहौ मैंड़ो जोन्दगी तौ आवौ धाया ॥
यौं लिखि सफदरजंग ने फरमान पठाया ।
घासहरैं था कुंवर जो रनरङ्ग अठाया ॥
तिस कागज के बांचतैं सूरज मुसिक्याया ।
अपना बिरद संभारिया दिल और न लाया ॥
अच्छौ साइत देखिकैं डङ्का लगवाया ।
सिंह जवाहर सङ्ग लै तदही चढ़ि धाया ॥
पन्द्रह सहस सवार लै पैदल बहु भाया ।
आनि फरीदाबाद मैं डेरा करवाया ॥
फेरि कूंच करि दूसरा रविजातट आया ।
तहं फरजंद वजीर कैं मिलना ठहराया ॥१७॥

---

* Tho last battle fought by Surajmul-

## सोरठा

पुनि मिलि सिंह सुजान सफ़दरजङ्ग वज़ीर सौं।
डेरा किये अमान खिदरबाग रविजातटहिं ॥१८॥

## कलहंस छन्द

दिन दूसरैं मनसूर सूरज पास कौं।
दरबार ह्वै असवार सो इखलास कौं॥
लखिकैं वजीर सुजान ह्व सनमान कौं।
बहु भाइ अदबु बजाइ दे बहुमान कौं॥
ढिंग देखि सफदरजंग सिंह सुजान कौं।
सब पूछियौ बिरतन्त आवन जान कौं॥
फिरि आपनो सु हवाल भाखि वज़ीर ह्व।
मुगलान जो कलकान की चहुँ वोर ह्व॥
भरि स्वास लेत उसास देखि अकास कौं।
बिसवास कै इक आस है तुव पास कौं॥
यह मैं मुबारक है किया तुम सैं कहो।
अब तौ दिल्ली दहबह करनो है सही॥
इसवास्तैं तुमकौं बुलाइय मैं भली।
करनो न देर सुजान मो दिल कौं भली॥
जब यौं कह्यौ मनसूर सूरज सौं सबै।
समझाइयौ सु वजीर कौं बहुधा तबै॥
तुम ही पनाह सनाह या हिंदवान के।
नहिं आपु लाइक बात ए गुन आनके॥
गहि एक कौं झुकिगारि आसत देस कौं।
रहि है यहै सुकलंक पेस हमेस कौं॥
अबतौ यही जु सलाहि है मिलि साहि सौं।
करि कैं दिल्लीपति हाथ जङ्ग जु ताहि सौं॥

सुनियें जु सफ़दरजंग बैन सुजान के ।
मुरझाइ आनन नैन बैन बयान के ॥१८॥

## महालच्छिमी छन्द

फेरि मनसूर बोल्यो यही ।
सिंह सुजा कहां तें कही ॥
टेक तूरानियों को रही ।
* आब मेरी जिन्हों ने लही ॥
साहि भी है उन्हों का सही ।
छोड़गा क्यों हमारा वही ॥
भाम में एक तेरी गही ।
आप उम्मेद मेरी दही ॥
एक फर्जंद जमालदीं ।
दीम बीबी उसे पालदीं ॥
आपने संग लीजे इन्हें ।
जिन्दगी चाहिये है जिन्हें ॥
गोद ए दोइ तेरी बलो ।
सीख दीजे मुझे जो भली ॥
जंग कैहीं दिल्ली में लरौं ।
नेस नाबूद † बैरी करौं ॥
नाहिं तौ सीस टोपी धरौं ।
हाल ही जाइ मक्के मरौं ॥२०॥

## छन्द मधुभार ।

मनसूर बैन, सुनि कै सचैन ।
कहियौ सुजान, करि सावधान ॥

---

* Honour. † Annihilate

कढ़िहै नवाब, करि हौं सिताब ।
पुर सहित ताहि, हनिहौं जु आहि ॥
अबकैं दिलीस, रहि है न ईस ।
मुगलान सब्ब, तजिहैं गरब्ब ॥
पुर इन्द्र जोर, करि हौं निजोर ।
तुव सत्रु मारि, बकसौ बिगारि ॥
यह पातसाहि, रहिहै न चाहि ।
मुदई जितेक, तितनै अनेक ॥
सबतैं मिटाइ, पुरकौं लुटाइ ।
लखि तौ प्रतापु, करिहौं सुथापु ॥
तजियै सुकोहु, गहियै सुलोहु ।
मत एक यहु, धरि चित्त लेहु ॥
चकतैसबंस नहिं और अंस ।
यकु पातसाहि, करियै सुचाहि ॥
तखतै चढ़ाइ, धरि छत्र ताहि ।
तब दै निसान, चढ़ियौ अमान ॥२१॥

## दोहरा छन्द ।

हम चाकर हैं तखत के हकतौ करो न जाइ ।
यह उपाइ करिहौ अपुन तौ बलु सबै बसाइ ॥२२॥
चारि लाख बदनेस कैं है दल पैदल त्यार ।
ते नवाब के जानियौ हुकम बजावनहार ॥२३॥
अब दिन है मैं रामदल आयौ जानौ पास ।
औहरिदेव भली करैं क्यों तुम होत उदास ॥२४॥

## सोरठा ।

यह सुनिकैं मनसूर दोउ कर ऊंचें करी ।
फिर मुख आयौ भर कह्यौ बहादुर आफरीं ॥२५॥

इस डाढ़ी की लाज कुंवर बहादुर है तुमें ।
है यह काज दराज होवैगा तुम हाथ में ॥२६॥
अब सवार तुम होहु जाय मांदगी कटक की ।
कालिह बजावें लोहु साहि-तख़्त बैठारि कें ॥२७॥
लख्यौ सुदीन वजीर सूरज सबै कबूल किय ।
ह्वै सवार रनधीर दिल्ली के सनमुख भयौ ॥२८॥

### प्लवङ्गा छन्द ।

सूरज मफदरजंग जवाहर सङ्ग लैं ।
दै दै दिग्घनिसान सैन बहु रङ्ग लै ॥
प्रथम दिना पुरइन्द्र दिखायौ साथकौ ।
ज्यौं किसान लखि सगुन करै कृषि हाथ कौं ॥२९॥

### हरगीत छन्द ।

भूपाल पालक भूमिपति बदनेसनन्द सुजान हैं ।
जानै दिलीदल दक्खिनी कीनै महा कलिकान है ॥
ताकौ चरित्र कछूक सूदन कह्यौ छन्द बनाइकें ।
मनसूर सूरज मिलन दिल्ली प्रथम अङ्क सुनाइ कें ॥३०

---

## दूसरा अङ्क ।

### दोहरा ।

फेरि आइ मनसूरने कीनौ भेद उपाय ।
पोता काम जु बकस, * कौं लीनो गुप्त मंगाय ॥१॥

---

* Kambuksh.

### छप्पय ।

ताहि तख्त बैठारि धारि सिर छत्र जटित जर ।
चंवर मोरछल ढारि कियउ इतमाम श्राम घर ॥
अरुन बरन नीसान तानियौ अरुन बितानहिं ।
सहदानि घनघोरि दियौ उमरावनु मानहिं ॥
उद्धत हयन्द सुगयन्द नर बहु सुभट हाजिर प्रबल ।
सूरज सहाइ मनसूर नैं थप्यो साहि अकबर अदल ॥२॥

### छन्द पावकुलक ।

अकबर अदल साहि धरि आगैं ।
सफदरजंग जंग अनुरागै ॥
अपनी चमू साजि गज चढ़्यौ ।
तूरानिन पै अस रिस बढ़्यौ ॥
इसमाइल राजेन्द्र गुसांईं ।
सफदर जंग भये अगुआईं ॥
द्वादस सहस हयंद हंकारि ।
द्वै वजीर के संग तयारि ॥
तबही सूरजह्न ने डंका ।
सब तैं अग्ग चढ़यो रनबंका ॥
तातैं अग्ग जवाहर धायौ ।
सजि कैं सेन दिल्ली समुहायौ ॥
पंद्रह सहस तुरंगन बारि ।
ब्रजवासी चढ्ढे रन रारि ॥
अन गिनती पाइक ललकारि ।
दिल्लीके लूटन पग धारि ॥
सफदरजंग जोरि दल एतौ ।
चढ्यो इन्द्रपुर कौं भय देतौ ॥

जिते हयंद गयन्दन वाले ।
ते सब रैतौ के पथ चाले ॥
पाइक गली राह मन भाई ।
जो जाके सनमुख ह्वै धाई ॥
एक ओर तैं लूट मचाई ।
करत किसान खेत ज्यौं लाई ॥
पुर बाहर जेते पुर छोटे ।
ते सब भये उही दिन खोटे ॥
किसनदास सरवर दैं पाछैं ।
बारह पुरा लूटियौ आछैं ॥
लियौ तोपखानौ करि हल्ला ।
अरबसराइ मचाई अल्ला ॥
इतनौ देखि वजीर सिहानौ ।
फिर डेरनु कौं कियौ पयानौ ॥२

## मालती छन्द ।

महमद साहि सुनै अकुलाहि रह्यौ दृग चाहि कछू न बसाहि ।
सबै उमराइ लए बुलाइ कह्यौ समुझाय करौ सुउपाय ॥
गजाहियखान तबै ढिंग आन ।
करी जु सलाम भयौ जहं आम ॥
कह्यौ जु निहोर दुहूं कर जोर ।
हुवा मनसूर वजीर गरूर ॥
जु था उस नाम किया वह काम ।
हुवा बदराह जु ख़ातरखाह ॥
जिसैं फुरमाय करौं सु बिदाय ।
वहै अब धाय गहै उस जाय ॥
कहौ अबरास जु है मुझ पास ।
सुहाअर हाल, सु जानहु माल ॥४

## दोहा ।

जान माल सैं साहिका फिदवी हाजर हाल ।
रजा होइ सुगुलामकौं ममसूरा क्या माल ॥५॥

## छन्द कुण्डलियां ।

अरजी बकसी की सुनत साहि अहम्मद साहि ।
पोता मुलक निजाम को कियौ वजीर सराहि ॥
कियौ वजीर सराहि और यह मतौ उपायौ ।
समसांमुद्दौलाहि मोर बकसी ठहरायौ ॥
ठहरायौ सब दैन तोप खानौ रन गरजी ।
सुनी अहम्मद साहि गाजदीखां की अरजी ॥६॥
तबहीं उन दोउन कौं सरोपाव समसेर ।
सादलखां सु नजीमखां जान पठान रुहेल ॥
जान पठान रुहेल साहि तब यौं फुरमायौ ।
रैतो के मैदान मोरचो तुम्हैं बतायौ ॥
तुम्हैं बतायौ सबै अरातो लैकैं अबहीं ।
हम हरीफ कौं लेहु अंग कौं आवै तबहीं ॥७॥

## छन्द संखजारी ।

सुनै साहि बानी सबै मीर मानी ।
करी सावधानी, चमूं साजि आनी ॥
लयैं तोपखाने, मनो देव दाने ।
रुपे जाइ रैतो, हुतीं तोप जेतो ॥
किती हाथ बाहैं, सु कोऊ उठाहैं ।
काहू बीस हत्थो, धरी एक सत्थो ॥
सहस दोइ ऐसी, भुजा मोघु कैसी ।
किती अष्टधाती, किती लोहजाती ॥

कछू बाघमुक्खी, किती सुक्खवक्खी ।
धरी एक मोटी, तहां दोर छोटी ॥
करै यौं अजोरा, चढ़े धीर धीरा ।
सुतर्नाल मंडी, सु हथ्नाल चंडी ॥
तहां बानदारि, हजारों संभारि ।
कढ़ैं गोल गोला, करैं तोल तोला ॥
भरैं एक दारू, ररैं मारु मारू ।
नकीबों सुनाई, चलौ धम्म भाई ॥
यहै सद्द छायौ, नहीं पार पायौ ।
सजैं वीर बानैं, चढ़े लैं निसानैं ॥८॥

## छन्द तिलक ।

तब सादलखां. सु नजीम जहां ।
सु हरौल भये. तन तेज छये ॥
अरु सैनपती, इनकी मदती ।
पुठवार रह्यौ, बहु जोर गह्यौ ॥
सु धमीर जिते. सब संग तिते ।
बहु तोपन कौं. धरि लोपन कौं ॥
धरि धम्म धुके, महि जात रुके ।
बहु स्याम धुजा, बहु रंग कुजा ॥
सित स्याम घनी. बहु नील बनी ।
इक जोजन लौं, भुव छाइ दलौं ॥
सजि सैन चले, सब वीर भले ।
रिस नैन कहे, रस वीर गहे
मनसूर जहां, गहि लेइ तहां ॥९॥

## दोहा ।

निकट महम्मदसाहिके रह्यौ माजदोखान ।
बकसी तैं सु अमीर भो सुबहेत बलवान ॥१०॥

## छन्द लीलावती ।

सुनि सफदरजंग उमंग अंग धरि
जंग हेत तदबीर करी ।
राजेन्द्र गुसांई इसमाइल खां,
दुहुनि संग भट भीर भरी ॥
हैवर हरौल सनमुख हंकारिय,
जितहिं अरावी घेरि धर्‌यौ ।
गहि जमुनातीर बीर धरि धारैं ।
हय हंकिय नहिं बिलम कर्‌यौ ॥११॥
पुनि श्रीसुजान अरु सिंह जवाहर,
करि सलाह धरि चाह बढ़े ।
लै मसलत अकबर अदल वजीरहिं,
सहर पुराने जाइ चढ़े ॥
द्वै दल सब संग अग्ग धरि पैदल,
तिनहिं बीर यह हुकुम कियौ ।
अब लेहु ईंट करि देउ ईंट सौं,
दिल्ली सहर हम तुमहि दियौ ॥१२॥

## छप्पय ।

जब सुजान नर नाहिय तनय जाहर सुजवाहर ।
तब सुनि सब ब्रजबीर हरखि हुंकिय ज्यौं नाहर ॥
करिय हल्ल बहु मल्ल रल्ल पुर मांहि मचाइय ।
कहत देव हरि देव देवपतिकौ सु दुहाइय ॥
बहुं ओर सोर अति घोर हुव लोरि फोरि भवनन भरिय ।
दिल्ली दबाय बहु आमखुत सूरजदल दलदल करिय ॥१३॥

## छन्द त्रिभंगी ।

करि करि ललकारै गलो गरुयारै ।
तोरि किवारै पुरवारै ॥
गहि करनि पनारै लंघि उपरारै ।
उथ झटारै पग धारै ॥
बज्जंत कुठारै लत्त लठारै ।
पौरि दुवारै भुव पारै ॥
तारनु झनकारै कहुं कुमारै ।
तिष्ष कुरारै पटतारै ॥१४॥
पटतारै तारै खुटे दुवारै ।
फुटे तिवारै चौबारै ॥
भज्जे घरबारै ज्यौं पनवारै ।
बहु छठवारै भौ भारै ॥
केते हथियारै सीस फिकारै ।
डारि भगारै उर डारै ॥
घंटकै लरि टारै भटकै न्यारै ।
होत भगारै हुकारै ॥१५॥
हुकारै पारै जाटौं मारै ।
मुगल मझारै मनकारै ॥
मारै के मारै बारह हारै ।
काहु न सम्हारै गहि डारै ॥
ऊंचे घरबारै खड़े पुकारै ।
हुवा कहा रे करतारै ॥
रव हाहाकारै घोर महा रे ।
बूड़े वारि चिक्कारै ॥१६॥
चिक्कारनु पारै धावत रारै ।
मारै आ रे ले आ रे ॥

लेके तरवारि देत धवारि ।
दिल्लीवारि बेजारि ॥
गए हकाबका रे लगत धकारि ।
हूँ बिकरारि गहि नारि ॥
ब्रजवासी प्यारि भरत सरारि ।
सांझ सकारि असरारि ॥१७॥

## छन्द ललितपद ।

रारि लेह लेह करि धाये
गेह गेह चढ़ि साजे ।
सूरजसुभट कटकिपुर
कटकनु थँभे लाल दरवाजे ॥१८॥

## कवित्त ।

लाल दरवाजे पर सूरजसुभट गाजे,
ताजे ताजे बीर हत्य आयुध दराजे हैं ।
भाजे पुर लोगन कपाट दरवाजे दीने,
जरध भुसंडिनु कैं उड़त भवाजे हैं ।
काहू' सर बाजे कर बाजे लमछर बाजे,
बाजे बाजे भाठिनु सौं भीरे सिर साजे हैं ।
अंगके सराजे उभराजे लहि छाजे ओट,
कीते लोट पोट मिले आजे पर आजे हैं ॥१८॥
पावत पराजे दरवाजेवारि भाजे देखि,
कीते लोट पोट कोट ओटन सुमार में ।
टूटत किवार हाहाकार सा बजार परो,
बार बार बिकल बिलंद भीर भार में ।
आए आए कहत अमाए मास भौंहरेनु,
जाएहू गंवाए मारि सहित पगार में ।

माए काहूं बाये बाल रटनि बुवाए ताए,
लेवरी दहाए तौ चवाए भाये खार में ॥२०॥
खारौं खतरानी कतरानी सतरानी फिरैं
बांभनी बिन्यानी तुरकानी थररानी हैं ।
कायथी भरोरी थोरी बैसनि तमोरी गोरी
काछिनी किरानी भी भव्हानी भहरानी हैं।
ढोरी बहु कोरी नव नोरी तोरी पोरी भई
सूरज के तेज चन्द्रकला ज्यौं परानी हैं ।
नूपुर वलय बलयानु रसनानु धुनि
मानहुं प्रभात पंछी बानी भंइरानी हैं ॥२१॥
डोलतो डरानी खतरानी बतरानी वेवे
कुडिएन वेखो भणी भी गुरून धावाहां ।
कित्थे जलायेव कित्थे उज्जले भिड़ाउ असी,
तुसी को लयोवां असी जिंदगी बचावाहां ।
भइ ररा साहि हुवा चंदला वजीर वेखो,
एहा हाल कोता वाहगुरून् मनावाहां ॥
जावां कित्थे जावां घर्मा बावे केही पावां ।
जलो एही गल्ल घर्घे लच्चो लखौं मा गली जावांहां ॥२२॥
भाभ्भा तमें भागल न ख्यात्या माटोकागल ने,
डालगा नहोटू कौकठा मरून लोध्यूछे ॥
डोकरी नर्छैया साथें, मोकल्या न मामी हाथें ।
धरणू न भावे मूड़ा मोतियों म टोध्यं छे ॥
हालरू हल्हारू वाट मार्हे जारे भावी ज्योयू ।
हडरू हमारू पूठो पेला माहं बोध्यूं छे ॥
बोधू हैं न पाहै सोध खावाने न हाहै हवे ।
सिवजो सहाहै जिनैं एवं हाल कोध्यूं छे ॥२३॥
वेवरां सभानी भोसू भाई भाज्यो टापरे सें
भापुरे बटाज ए लुटाज घर घाले हैं ।

पापरी नबापरी मुगौरो भाण्डे घालो पड़ो,
लोड़िये न कैसे लेके आए सासू लाले हैं ।
काके पैर पाके मूने आके लेन जाके भागे,
तागेझ न छूटे फूटे ऐसे आनि ताले हैं ।
केवे कुषा केवे लेवें लेवे देवे देवे देखि,
वेवे ख्वाले माई अब तेरे हम बाले हैं ॥२४॥
कौठे रह्या ठांकरां अठांकरां पधार्या वीरां
थाकरा न लारैं म्हें उभारैं पग धावांछां ।
जाया काव्या जाटरां जनायौ छै जुलम ऐठैं,
जेठैं टेठे म्हांबो तो रुवाईरा कहांवांछां ।
जिसो भालि वाजो तिसो गलो चलो वाजो,
म्हांतो टारडा न टारडी अंवार कोय्यां पांवांछां ।
काकाजी कागला का अगार ओजौ वाईजी थे,
य्यांवांछो जोय्यावां कोई आंवांछां को आवांछां ॥२५॥
महल सराइ सेरवाने बूआ बूबू करो,
मुझे अफसोस बड़ा बड़ो बीबी जानी का ।
आलम में मालुम चकत्ता का घराना यारौ,
जिसका हवाल है तनैया जैसा तानीका ।
खाने खाने बीचहैं अमाने लोग जानें लगे,
आफत हो जानो हुवा औज दहकानो का ।
रबको रज़ा है हमें सहना बजा है वक़्त,
हिन्दू का जगा है आया और तुरकानो का ॥२६॥
अबुआ न आवा और भैयन न पावा याके,
तुपकको न लाशा गाढ़ि डोबु आ न धावा है ।
चाकरो को लकरो को फकरो बिहानी कीन्ह,
मनई न कामई दिहांनि यां बताया है ।
घस बस कीन्ह म्वार दिल्ली का नवाब ख्वार,
बौकत न सार मनसूर अहु ख्याबा है ।

तुहिंका न मुहिंका कहीं लुहिकां रहो न जाग,
भाग कुल, और तोपखान बाघ व्याघा है ॥२७॥
ईंघें थालि ईंघें ऊघें ऊधें के धखौ छे थारो,
टाली भी न चाल्यौ छै चरैया घनी पाला कौ।
बेटौ थांमि बेटौ भौंड़ो लानि से चपेटौ कणौं,
कूपकौं लपेटौ फेटौ लाग्यौ घरवाला कौ।
गाड़ो एक पाड़ो दोइ नाड़ो तीन पोजमीन,
मागला तुलाशचारि मुनि सोच जाला कौ।
घाला कौ रह्यौ से घाला जाला कौन जाला घोध्यौ,
ताला कौन लाध्यौ से भरोसो कह्यौ मालाकौ ॥२८॥
कैहां जैहौं कैहां जैहौं तैहां तैं न ऐहां धामौ,
देखन त वैहों क्यौं ललाजू उभरानैं हौ।
ऐयां वैयां गैया ले लुगैयां लेयां पैयां चलौ,
वारौ न पथैयां कहू जाट खुभराने हौ।
कैसो करौ भैया मोड़ा मोड़ो न कन्हैयां घर,
खात है लुधैया कभूं पेट न भराने हौ।
चैयां चैयां गहौ मैयां मैयां ऐसे बोलो मढ़ि,
दैया करो दैया हमैं काहे कुभराने हौ ॥२९॥
बरनौं कहांलौं भुवलोक मैं जहां लौं भई,
दिसो मैं तहां लौं बाजो सूरज प्रताप तें।
मुगल मलूकजादे शेख वेमलूक प्यादे,
सैयद पठान अवसान भूले आपते।
आया रोज क्यामत मलामत से पाक हुए,
रहैगा सलामत खुदाई आप आपते।
जार जार रोती क्यौं हजार मीरजादी यारो,
जिनका छिपाव महताब आफताब ते ॥३०॥

## छन्द पद्धड़ी

यौं पर्‍यौ सोर दिल्ली अपार ।
पुरलोग पुकारत बार बार ॥
भजवीर हंकारत डार डार ।
फटकार खग्ग सेलनु उसार ॥
खलबल गलीनु खलभल बजार ।
कलबल संभार भज्जत अगार ॥
इक तज्जत आयुध छोर छोर ।
इक सज्जत आनन मोर मोर ॥
इक गज्जत दामन फोरि फोरि ।
पुरगली गल्यारे तोरि तोरि ॥
भड़रात फिरत नर खोरि खोरि ।
हाहा रटंत कर जोरि जोरि ॥
इक कहत धिक्क अहमंदसाहि ।
नहिं देखतु या पुर की दसाहि ॥
जिहिं जियत इन्द्रपुर यौं लुटंत ।
गजबाज ऊंट सुषमा लुटंत ॥
महिषी महिष्य गो लक्ख लक्ख ।
पँडरादि बच्छ लूटैं समच्छ ॥
अज अजा भेड़ मैंढ़ा कुरंग ।
खच्चर सुगोरखर खर तुरंग ॥
बहु मोल स्वान पाले लवंग ।
बिल्ली बिलाव नहिं तजत संग ॥
चीते सुरोझ सांभर दबक्क ।
गैंडा गलीनु डोलत अभक्क ॥
अरु खरगोश बिभक्क पंक्क ।
रिच्छादि लोरिया छुटे अक्क ॥

लुटियौ सुबाज जुर्रा विहङ्ग ।
जिनकी सिकार कीवो कुलङ्ग ॥
बहरी सुवेसरा कुही सङ्ग ।
जे गहत नीरचर बहुत खंग ॥
बहु लगर झगर पुनि चगर तङ्ग ।
जे हनत सु सावुक्षर उतङ्ग ॥
बांसा बटेर लव चौ सिचान ।
धूती रु चिप्पका चटक भान ॥
दहियर सुतुरमती बगुलभान ।
सुरखाब चाब के जीव खान ॥
जल मुरगनि सहस रव काहन ज्ञार ।
तूती सु तीतरा बहु प्रकार ॥
बहु रङ्ग देस के कीर वेस ।
जो सुनत बैन बालत हमेस ॥
मैना मलूका कोयल कपोत ।
बगहंस और कलहंस गोत ॥
सारस चकोर खंजन भकोर ।
तमचोर लाल बुलबुल सु मोर ॥
चकई हरील पिद्दो अपार ।
खुमरो सुपरीवा बहु प्रकार ॥२१॥

## छंद रोला

तुपक तीर तरवार तमंचा तेगा तीछन ।
तोमर तबल तुफङ्ग दाव छुड़ियो तिन्हो छन ॥
पट्टा पट्टो परस पासि बिछुवा बर बांके ।
बलम बरछा बरछि धनुष लिय छूटि निसांके ॥
बुगदा गुपती गुरज डांढ़ जमकोल कतारी ।
सूल संकुसा छुरीं सधारी तिच्छ कुठारी ॥

सिप्पर सिरी समाह सङ्गमेखी दस्तानैं ।
झिलम टोप जंजीर जिरह लुट्टिय मस्तानैं ॥
पक्खर गक्खर लक्खराग बागी ब निषङ्ग ।
आयुध और अनेक और चिलतह * बहु अङ्गा ॥
पुनि बासन भर लुटिय देग देगचा रकाबा ।
चमचा चमचो जाम तवा तन्दूर गुलाबा ॥
चपनी लोटा चिलमपोस सरपोस जमाबा ।
हुक्का हुक्की कली सुराही अरु अफताबा ॥
तंबिया कलसा कुप्पिक ततहरा बटलो बटला ।
टुकरा और परात डिबा पोतर के चकला ॥
बेला बेली लुटैं तमहड़ी लुटिया झारी ।
अमृतबान अमृती रु थार रकेबी बहु थारी ॥
प्याली गङ्गाजली टोकनी गङ्गासागर ।
कुप्पा जम्बू डवा और ताबे को गागर ॥
छलनी चलनी डोइ और करछी बहु करछा ।
पौना झाज्झर तई बिलाई परछी परछा ॥
करवा कोंपर पान दान चौघरा तबेला ।
अरघा संपुट धूप आरती लेत सकेला ॥
बक्का अरु आधार अर्त्तं के बहुत खिलौना ।
परिया टमटी अतरदान रूपे कै सौना ॥
पीलसोज फानूस कुपी तिखटी सु मसालैं ।
सड़सी सुवा दरांत डँडारि कुघा समृहालैं ॥
झाड़ दुसाखें झाम बसूला बरम हथौरा ।
टांकी नहनी घनी अरा आरो सु मथौरा ॥
कुदरा खुरपा, बेल गुलसफा छुरा कतरनी ।
नहनी सौहन परो डरी बहु भरना भरनी ॥

* एक प्रकार का कवच ।

पीढ़ा पलिङ्ग मचान दुसेजा तखत सरौटो।
खरसल खन्दन बहल बहुत गाड़ो सु नबौटो॥
डोला अरु चंडोल घने म्याने सु पालकी।
कञ्चन रञ्जित सुभग टुटीं अरु लुटीं नालकी॥२२॥

## छप्पय छंद।

दुंदुभि पटह मृदंग ढोलकी डफला टामक।
मंदरा तबल सु मिरु खंजरीं तबला धामक॥
जल तरंग कानून अमृतगुण्डली सुवीना।
सारंगी रु रबाब सितारा मधुवरि कीना॥
सहनाइ भेरि तुरही दरक बंसी गोमुख बाँकिया।
थलगोय ताल कटताल तर झालरि झाँझ निसाँकियाँ॥२३॥

## दोहरा-छन्द।

मदनभेरि अरु घूंघरा घंटा घनें मतोम।
मुहचंगी कौं आदि दै आवज लुटे छतोम॥२४॥

## सोरठा

तंबे पाल कनात, साएबान सिराइचे।
रावटीहु बहु भांति, पुनि कुन्दरा कलंदया॥२५॥
मसनद गदी उसीस, सतरंजी जाजम जबर।
परदा चन्दनो ईस, कालीचा दुलिचा घने॥२६॥
सीतलपाटी टाट, लोई कम्बल जगर्के।
बचो न एकौ हाट, खेस निवारहिं आदि दै॥२७॥

## छन्द त्रिभंगी

रूमाल दुसाला पट्टू आला कूनी जाला सोभ बनी।
मखमल बानातें अरु मकलातें भाँतिहु भातें छींट घनी॥

बहुरंग पटंबटर पसमो कंबर धवल सु पम्बर कौन गनै।
अरदोज मुकैसौ दामाकैसौ मसरू बेसी सेत बनै ॥३८॥
बादला दखाई गौरंगसाई जरकस काई झिलमिल है।
ताफता कासन्दर बाफ्त बंदर सुसजर सुन्दर गिलिमिल है॥
औसकरबिसन्दो दूरि घरन्दो मानिकचन्दो चौखाने।
किमखाब मुसालू खादो खालू चौलें चालू जग जाने ॥३८॥

## छप्पय छन्द।

गोमा जामा तिलक लबादा कुरतौ दगला।
दुतही गोमाखोम कादरो चोला झँगला॥
तब्बा सूथन सरी आँगिया तनियाँ धवला।
पगरी चीरा ताज गोसबन्दा सरमगला॥
दुपटा मुदुलाई चादरैं दुकलाई कटिबन्दवर।
कंचुकी कुलहैया ओढ़नो अंग वस्त्र धोती अवर॥४०॥

## अरिल्ल

चोटी सुटिला सीसफूल वर।
बेना बन्दी बन्दनी सुबर॥
बेसर नथ बुलाक सुलटकन।
जाटजूट लागी सब झटकन॥
पीयर पर्न भुलमुली तरविन।
बहु खसेल भूमिका सुभर मन॥
कर्नफूल खुटिला चवखुंभिय।
लौलक सीमसीक ज्ञ सुभिय॥
गुलोबन्द पचमनियाँ चौसर।
तीनलरी पचलरी सतौसर॥
चम्पकली सु हमेल हाँसवर।
चौकनि बीरो उर बसीलु भर॥

विद्रुम मुक्तमाल मनिमालहु ।
कञ्चन रजत रतन के आलहु ॥
रसना क्षुद्रघंटिका लिखिय ।
बटुवा कुचरी आनन दिखिय ॥
बाजूबन्द बराकर छिखिय ।
बङ्करी चूरा लेत न गिखिय ॥
टाड पछेली किय छिमाइय ।
चूरे चूरि चुरी चटकाइय ॥
कङ्कन गुजरी पहुंची चमगन ।
दुहरी तिहरी जटित रतनगन ॥
छल्ला घनो अंगूठो कञ्चन ।
भारसो रु अंजीर झमङ्कन ॥
पायल औ पगपान सु नूपुर ।
चुटकी फूल अनौट सु भूपर ॥
जेहरि झांझन गुजरी टुट्टिय ।
बहु भूषन मैं एक न छुट्टिय ॥४१॥

## छप्पय

कलगी, तुर्रा, झौर जगा, सिरपेच सु कुण्डल ।
मोती गुरदा और गोखरू बहुराख भल ॥
तोरा कण्ठीमाल रतनचौकी बहुसांकर ।
बेंदा पहुंची कटक सुमरनी छाप सुभाकर ॥
किङ्कनी कौंधनी पैजनी घयसङ्कर झंझर छुटे ।
आभरन भरन बहु भांति के फुटे बुटे टूटे लुटे ॥४२॥

## पादाकुलक छन्द ।

कस्तूरी केसर कसमीरी ।
हैं कपूर कचरी सु करीरी ॥

कुटकी किटी कपूर कलाये ।
काडूकूठ कासिनी कसाये ॥
कौंछ कचूर कटोर करञ्जा ।
किसमिस कैथ कुलीजन कञ्जा ॥
काथ करौंजी कारीजीरो ।
काइफरौ कुचिला कनकीरो ॥
कुकरौन्दा करहरो कतीरा ।
कनक कटाई कारी जीरा ॥
कुलथी कमलगटा सु कबेला ।
ककरासिंगी कन्द सुकेला ॥
कमलमूल किरवार कसेरू ।
काचनून कार मूल कनेरू ॥
खिरनीबीज खरी खसजूरा ।
खार खोपरा बीज सुखीरां ॥
खूबानी खसखस के दानैं ।
खरडखार खुम्भी खस जानैं ॥
गोरोचन गेरू गोगोली ।
गौन्द गिलोइ गोखरू ओली ॥
गन्धक गुञ्जाफल गङ्गोला ।
गोपीचन्दन, लुब्धी घलोला ॥
गुलगुलाल मरु गोरखमुण्डी ।
घास घोमसा घाइल घुण्डी ॥
नौजा नरियर अमरवाला ।
नीम निसौत निर्विसो नाला ॥
नीलाथोथा नील निर्मली ।
नागरमोथा नंगद चिलमिली ॥
चव चिराइता चित्रक चीता ।
चोक चोबचीनी चरलीता ॥

चन्दन चूक चिरौंजी चपरा ।
चोख चाँवरी चन्दुक, लपरा ॥
छार छबीली छिकनि छुहारो ।
जावित्री जङ्गाल जुरारो ॥
जाइफलों सु जवाइन जीरा ।
जंडी जरी जलांजर तीरा ॥
झाझोरी टकटोरी टोरी ।
ठौर ठौर डोरी गहि ढोरी ॥
तेजपत्र तज तालमखानें ।
तिवी तमाखू तुखमतरानें ॥
तुलसीबीज तुरञ्ज तुरञ्जन ।
देवदारु दन्ती दुखभञ्जन ॥
दुर्बादल दाड़िम के बकला ।
दूब दालचीनी दगदकला ॥
धना धमासा धूम सुधुन्धी ।
धौर धोइको छाल धुरन्धी ॥
पित्तपापरा पाढ पतङ्गो ।
पत्रजम्यनो पीपरै पङ्गो ॥
पथरसगा पचरङ्ग पमारो ।
पालर फूल पाथरा खारो ॥
पोस्त पखान भेद पनपारा ।
परवरपाती पतरपचारा ॥
फली फिटकरी फूलहु फैना ।
बादामी बड़ी बचदैना ॥
बाइबिरङ्ग बेल बालङ्गा ।
बोजबन्द बालेसुर बङ्गा ॥
बेर जरो सु बिलेयाबूटो ।
बरु बहेर बावची लूटो ॥

बासौं बंसलोचनो बन्दा ।
बेरगरी बुबईर बिलन्दा ॥
बिही ब्रह्मदण्डी बिसखैरा ।
भारंगी भिंडी सु भंगेरा ॥
भैंसागूगल भङ्ग भिलाये ।
भोडर भाङ सुभेंटू भाए ॥
मिरच मोचरस मैदालकरी ।
मुरदासन मनसिल मिसमकारी ॥
मलयागिर मेहन्दी मुहलैटी ।
मसंगी मुहमूंठी मैंठो ॥
मैनफरी मुण्डी मधुमोथा ।
मूड़ मूसली दोऊ चौथा ॥
मौख मुलका मूत मुलतानी ।
मैथी मालकांगनी सानी ॥
मेद मैंडुकी मोथ मिमाई ।
मदन मखाने मिसिरी भाई ॥
मोम महावर मूलीबीजा ।
अकरकरा अजमोद अलीजा ॥
आलूचा अमिली अँब हलदी ।
आल आंवरा साल अफलदी ॥
असगँद अगर आंविली अफ्फी ।
अकँ अतीस आंवला ठफ्फी ॥
ईसबगोल इन्द्रजौ जानी ।
इन्द्रानी इलाइची आनी ॥
ऊंटकटेर एलुआ एला ।
रेवँदचीनी राई रेला ॥
रूमी रतनजोति रसवन्ती ।
दारिहल्द माटी रुद्रवन्ती ॥

लौंग लौंगचूरी लगलाही ।
लोद लक्षमना लहसन काही ॥
लाफ, लेखनी लोचनवाला ।
इसबँद सीतलचीनी आला ॥
सोंठ सौंफ सालिम जु. सुपारी ।
सौंध समाद सिलखरी सारी ॥
सज्जी सौंचर सेंधर सोरा ।
सांखाहूली सीप सिकोरा ॥
समुदफेंन साबुनी सुपैदा ।
सिङ्गरफ सेंदुर सारसमैदा ॥
सोंनमक्खि संखिया सुहागा ।
सूल सुम्हालू सौरस सागा ॥
हरद हींग हरताल हरीती ।
हरड़ा हाथों हिरमिच हीती ॥
हुलहुल हिम्न हिमामदु दस्ता ।
फूलमूल कागद के दस्ता ॥

## दोहा ।

अमल अफीमहिं आदि दै चोवा अतर फुलेल ।
सोसो चीनी मोमके मुहर दरावो रेल ॥४४

## छन्द तोटक ।

सुटियो लड़वा बहु भांतिन के ।
गुकती अरु मोदकपांतिन के ॥
कलकन्द सुमैंथिय मूंगदला ।
सिमई सतसूत मगद भला ॥
सुठि सेव सु घीरिहु गोन्दगिरी ।
सुरमा मठरी भरिली गठरी ॥

गुपचुप्प गुना गुलपापरियां ।
खजला सु खजूरि खड़ापरियां ॥
अमृती रु जलेबिनुपुञ्ज लुटे ।
खिरसादरभिस्ति चुटे सुफुटे ॥
गुझिया गुलकन्द गुलाबकरी ।
तिरकौंगु सुहारिन मोट भरी ॥
बहु घेवर बावर मालपुवा ।
अरु सेव कचौरिन लेत हुवा ॥
हलुवा हिसमी बहु फेंनिगुकी ।
बतरी रसना सुख चैंनगुकी ॥
कहुं लेत निबातबतासन कों ।
सु गिन्दौरनये रनवासिन कों ॥
अरु खोवन ढेर बखेर दए ।
बहु खांड खिलौनन लेत भए ॥
अरु लाडूचदानतु गोद भरैं ।
दधि दूधन के परसाद करैं ॥
कुँजती तिल सक्कर रेयरियां ।
बहु पाक पुंडार जु सेवरियां ॥
पकवान जथा रुचि और घना ।
बहुरो परमन्न सु खोल चना ॥४५॥

### छप्पय ।

गेहूं चांवर चना उरद जव मूंग मौंठ तिल ।
चोरा मटर मसूर तुवर सरसों मड़वा मिल ॥
सवां पसाई मका कांगुनी कोदौं मकरा ।
चेना कूरीबठो सिंघारे कुलथी सकरा ॥
घृत तेल मौन गुड़ तूल रस मिले विरस मौटन खुटे ।
पुरइन्द्र अन्न की कूट ज्यौं सब रस कोटिन मन लुटे ॥४६॥

साम यजुर रिग निगम अथर्वन धर्म पतञ्जल ।
मीमांसा वेदान्त न्याय साहित्य तर्क भल ॥
विष्णु वायु सिव अग्नि गरुड़ नारद बलिरच्छुक ।
मच्छ कच्छ वाराह पद्म हरंनच्छक तच्छक ॥
पुनि स्कन्द मारकण्डे भविष ब्रह्मवर्त ब्रह्मण्डवर ।
भागवत मेघ मघ * रघु कुंवर पुनि किरात नैषध अवर ॥४७॥
छन्दकोस व्याकर्न कर्म जोतिस निरुक्तिरस ।
मन्त्र जोग धनु गान वैद्य स्वोदय गनती जस ॥
सामुद्रिक पुनि कोक सर्पवानी अरु भारथ ।
नाटक भाषा देस यमनवानी ग्रन्थारथ ॥
लखिकैं अधर्मसु अनीति अति सब विद्यनु चलनौ रढ़िय ।
पुरहून्द छोड़ि व्रजवासकौं व्रजवासिनु के कर चढ़िय ॥४८॥

## दोहा ।

देस देस तजि लच्छिमी दिल्ली कियो निवास ।
अति अधर्म लखि लूट मिस चली करन ब्रजवास ॥४९॥

## छन्द भुजङ्गी ।

लुटै धौम दिल्ली निसां ब्याल आरे ।
मनो सूर की तेज पापै पजारे ॥
जरै रङ्ग रंगे घने काठ खम्भा ।
चलै ब्याल की भाल ज्यौं पालरंभा ॥
टुटैं गोल मगौल टोड़ा सुहाटो ।
मनो स्वर्ण की खानसैं सोठ काटो ॥
जरैं बङ्गला बङ्गलो चित्रसाला ।
मनौ पिघने को कम्यो ब्याल माला ॥

---

* माघ—शिशुपाल वध कुमारसंभव ।

जरैं दारु की पुत्रिका यों दतीसो ।
मनौ धाम की बाम ठाढ़ी सतीसो ॥
कहूं आंचसौं कांचके भौन फूटैं ।
महाति जसौं ज्यौं सुधा तेज छूटैं ॥
जरो यों दरीचो लिवारो अटारो ।
सतौं मेरुको शृङ्ग जैसो निहारो ॥
बरङ्गा बरङ्गी करी यों जरी हैं ।
मनौं ज्वालनैं बाहु लच्छी करी है ॥
जरीसोटि प्रासाद तें भू परी है ।
सिला मेरुके सीस तें ज्यौं ढरी है ॥
जरैं बांस यों कांस छुट्टै फुलंगा ।
नचै भूमिकौ पूतके कोटि अंगा ॥
कहूं जाल के जाल में ज्वाल झोरैं ।
किधौं धाम धारा धरी बिज्जु दौरैं ॥
सिखा की सिखा तें धुवां व्योम धायौ ।
भजै तामसी राजसी ज्यौं समायौ ॥
किवारो किवारे उघारे पनारे ।
जरैं जालिपानैं करै भौन न्यारे ॥
उड़ैं साख सींगो घनै बान भारे ।
फिरैं आग लेती मनो दै झंकारे ॥
फिरैं बायु के वेग सौं आसमोता ।
सुरेसापुरै आपुनै रूप कीना ॥
चहूं ओर ज्यौं ज्वालमाला निहारी ।
टूटैया दिली बादला ज्यौं सिंगारी ॥५०॥

कवित्त ।

धर्मसुतधाम जाम जमुना निकट नाम,
सर्वमेदजग्यको बनायो ज्यौंत पूर है ।

पत्र फल फूल सब औषध समूल रस,
घट अनतूल धात धान धन भूर है।
अण्डज जरायुज औ स्वेद उद्भिज हवि,
कह्यो पूरनाहुति चकत्ताकुल मूर है।
भोजको अगिन इन्द्रपुर सो अगिनकुण्ड।
होता औ सुजान जजमान मनसूर है ॥५१॥

## दुपई छन्द।

कलि को आदि कूर मघवानि।
ब्रजपै कोपु जतायो है॥
वही अकस धरि श्रीब्रजेससुत।
इन्द्रपुरहिं लुटवायो है ॥५२॥

## हरगीत छन्द।

भूपाल पालक भूमिपति बदनेसनन्द सुजान हैं।
जाने दिलीदल दक्खिनो कोनै महा कलिकान है॥
ताको चरित्र कछूक सूदन कह्यो छन्द बनाइकै।
दिल्ली लुटाइय पुनि दग्धाइय द्वितिय अंक सुनाइकै॥५३॥

---

## छन्द त्रिभङ्गी।

सत सहसौं धावत अयुतौं आवत,
लच्छौं पावत भाल धरयो।
सूरजगुन गावत बिरद बुलावत,
जग ललचावत चाल पर्यो।
सबही विधि ताजा सकल समाजा,
छिन में राजा रंक किए।
ज्यौं धनपति धावैं सुरग न पावैं,
हाथ लड़ावै हरष हिए ॥१॥

हिय संकत नाहीं आवत जाहीं,
खाली नाहीं मोद भरे।
जैसी गति लंका करी अतंका,
रघुकुल बंका आनि परे।
ज्यौं रच्छस खण्डे यमन विहंडे,
जदुकुल चण्डे सुखरासी।
जलधर जिमि गज्जत वारिद बज्जत,
यौं धुनि सज्जत ब्रजवासी ॥२॥
ब्रजवासी सगरे करि करि दगरे,
दिल्ली बगरे लूटि करैं।
मनसूर बिचारे अब को रारे,
याहि संभारै संक भरैं।
सूरजहिं बुलायौ कहि समुझायौ,
सो दलु छायौ समुझायौ ॥
अब लूटहि थंभौ जंगहि रम्भौ।
कह्यौ अचंभो मन भायौ ॥३॥

## दोहा।

मनभायौ ह्वै है सबै सूरज कह्यो नवाब।
अब मैं लूटहि बंद करि लैहौं जंग सिताब ॥४॥

## छन्द अनुगीत।

यौं कहि सिताब सुजान छड्डिय मनंहु तुड्डिय ईस।
ठिगबोलि सिंह जवाहरे किय हुकुम बिस्वाबीस ॥
अब फौज राखौ एकठी अरु करहु लूटहि बन्द।
सुत तो बिना यह को करै नहि आमको परबन्द ॥
यह सुनत जाहर सुत जवाहर तात हुकुम बजाइ।
तिहिं बार ह्वै असवार धाइय दई लूटि मिटाइ ॥

ज्यौं बारि के बस बारिवाहक, मन्त्र के उतपात।
ज्यौं सलभ बावर के प्रयोगहिं छिनक में उड़िजात॥
लखि ऊर्जनाभीवदन तें है तारकौ बिस्तार।
त्यौं श्री जवाहर ने कियौ सब लूटि कौ परिहार॥
पुनि सैन सज्जिय पटह बज्जिय गज गरज्जि हयंद।
यौं सुनत ही मनसूर चढ्ढिय दैन दिल्ली दंड॥
दुहुँदल उमंडिय रज घुमंडिय भानुजा के तीर।
सुत सहित सूरज सरपट्यौ सजि सुभट संग वजीर॥
उत सादला सु नजीमखां अरु खान दौरा पूत।
धरकैं अरावै अग्ग रुप्पिय कोटरा मजबूत॥
इत सहर दिल्ली उतै जमुना मधि बढ़्ढिय भीर।
कुरखेत ज्यौं सुत अन्ध पण्डव रचिय जुद्ध गंभीर॥
तहं तुमल नद्द गरद्द उड्डिय कद्द बुट्टिय काल।
हरष्यौ कपाली दैन ताली हेत माल कपाल॥
गन्धर्व किन्नर अपच्छरा भइ गगन में अति भीर।
रसमसी चण्डी कसमसी जग जग्गनी जुतधीर॥
ससकार छाये नभ पुराये धरनि धाए खार।
भुव भरभरानी भयद बानी खर खरानी ब्यार॥
लगि क्रूर धरषन सूर हरषन दुहूं परषनवार।
दल प्रबल घोर घटा जुरी रस सार बरसनहार॥
उतसाहि अहमद सुभट रुप्पिय इतहि सफदर जंग।
तिहिं संग सूरज अरु जवाहर ठठिय जङ्ग अभंग॥
तहँ छुटत बान भयान सहसन रहकला हयनाल।
जञ्जाल पुनि घुरनाल अघुतन जबर जङ्ग कराल॥
घग गग गगगगर्ग अगगगं संगग सग गगसंम।
धग गग धगगगग बगगगं धंमांक धुक्कर धंन॥
धधकार धधधधधधधधंधू धाइ धूमक धाइ।
भभकान्त भक भड़ाइ भंकात भडडडडम्भं भाइ॥

भंनात भह भड़ाक भड़भड़ भभक्क भूरि भयान।
भड़क्कन्त भभक्कत भभभ भंभट भेष भाषत भान॥
अति घोर घोष घुर्‍यौ जहां धर धरत जमुनातीर।
झर झरत गोली गोल ओला इन्द्रपुर के तीर॥५॥

## सारंग छन्द।

छायौ महा धूम धूली घटा घोर।
उट्ठैं जहां रंजकैं बिज्जुसी जोर॥
पज्जैं घनो तोप गज्जैं निरधार।
देखैं दुहूं सैन के जात आकार॥
धुन्धौ धरा धूमलो धूम गुब्बार।
मानौ प्रलैकाल कौ घोर अँधियार॥
ओलानु के भेस गोलानु के मेह।
फोरैं घने मुण्ड ठौरैं कहूं देह॥
बौछारि गोलीनु की चारिहू ओर।
बानौंन की घोर मानौ उडैं मोर॥
छुट्टैं कहूं बान फुट्टैं कहूं भाल।
गोलानु की गेंद खेलैं मानौं काल॥
सन्नात धन्नात फन्नात नासांस।
भासै नहीं भान औ्र आस आकास॥
तामैं घुर्‍यौं घोष ज्यौं गाजकौ पात।
कै सेलके सीस पै बज्रको घात॥
सहैं सुन्यौ कै गरहूं लख्यो नैन।
भैचक्क से सूर ठाढ़े दुहूं सैन॥
नीचैं तपै भूमि ऊपर तपै भान।
भारी भयदाग जारैं जगत प्रान॥
या हाल कौं देखि सूजा भयौ तेह।
बोल्यौ तज्यौ बीर हो संक सन्देह॥

हाँ है लिख्यो हाल गोपाल जो भाल।
एतो भयज्जाल है भूत को ख्याल॥
हौ भाग पूरे सु दिल्ली लख्यो खेत।
है स्वामि को काम कालिंदरी रेत॥
यातैं गही खेत अग्गौं पगों देत।
या तोपखाने घरी चार मैं लेत॥
यौं भाषि सुज्या लख्यौ पूत को ओर।
ठाढ़ो हुतो पास ज्यौं भान है भोर॥
भारत्थ मैं भीम पारत्थ के मान।
कंसारि ज्यौं कामबैरीन के जान॥
दोऊ महावीर दिल्ली रुपे धीर।
लंका खरो राम ज्यौं लछमना बीर॥
सूजा कहैं बैन सुन्ने सबै सैन।
मुचुछौं धरै हत्थ रत्ते किए नैन॥
हत्थैं गहै सेल लर्त्ता तुरो हंकि।
जैसे कपीजूह लंका परे टंकि॥
संका तजै दोउ डंकानु कौं देत।
बंका करैं बीर बंका दिल्लीहेत॥६॥

## दोहा।

सेल सांग समसेर सर गहैं भुसंडी हत्थ।
मसकि मसकि बानैतु कौं हल्ल करी इक सत्थ॥७॥

## छन्द हनुफाल।

सबसे अग्ग गोकुलराम।
कुंभानी प्रताप उदाम॥
सिंह भरत्थ सूरतिराम।
धरि हिय स्वामि काम उदाम॥

अजसिँह बंस कौं चंहुवान ।
खोंसिँह है गदाल प्रमान ॥
तिरखा जादवां सुलतान ।
भीखारामसिंह गुमान ॥
मोहनराम द्विज बलधाम ।
राजाराम दौलतिराम ॥
बख़ू बीर बाला वीर ।
हरि बलराम लछ्यो गँभीर ॥
तिहिं को पुट्ठि धाइय छिप्र ।
हरि नागर चनूपति विप्र ॥
किरपाराम दासीराम ।
दुरजनसिंह मुहकम नाम ॥
दबख्यो जोर सुभटसमूह ।
वह बलिराम लेत फतूह ॥
रनसिंह उदैसिंह खुस्याल ।
हरि बलिराम छत्तरसाल ॥
मेटा जैतसिंह सन्तोष ।
पखुपा रतनसिंह सरोष ॥
किरपा विप्र लछिमनदास ।
घक जैछ्या भनसा पास ॥
तोफा स्यामसिंह सुजोध ।
धीरज सिंह भीम अरोध ॥
सकता बीर दाता दौर ।
पाखर मन पारो रौर ॥
उदभट सुभट लै इक सत्थ ।
हरनाराइनौ समरत्थ ॥
तोमर रामचन्द तिलोक ।
ठाकरदास सैंगर थोक ॥

धनसिंह गौर गंगाराम ।
फत्ते जधमासुत स्याम ॥
हरसुख रतीराम अजीत ।
प्रोहित है घमण्डअभीत ॥
सेखावत उमेद प्रचण्ड ।
वल्लभसिंह कमधुज चण्ड ॥
स्यामहुसिंह थापा पूत ।
हरजीरामजी मजबूत ॥
पैमा प्रथीसिंह पमार ।
मंगू मदाराम अपार ॥
मक्खी सदाराम सुकुच ।
राजू रतनसिंह अरुच ॥
माथूराम खैमा विप्र ।
बाला और गिरधर छिप्र ॥
हरिसिंह कठौसिंह अजीत ।
बकसीराम अङ्ग अभीत ॥
जैसिंह तुला हट्टी जोर ।
बलखा अमरसिंह कठोर ॥
साहिबराम जालिम जीत ।
रंनू सदाराम सुनीति ॥
दक्षा मिश्र साकिरखान ।
गुलखां जिते और पठान ॥
है पुरुषोत्तमो श्रीराम ।
मैदा बिजैराम उदाम ॥
बहदुर सिंह भी धीधूत ।
कन्हईराम मैदा पूत ॥
साजैं सूर बहु सावन्त ।
श्रीगुरु रामकृष्णमहन्त ॥

सुत कुसलेस सूरतिराम ।
मुहकमसिंह उबत नाम ॥
है सुखराम मातुल उग्र ।
खौंसिंह उदैभान समुग्र ॥
देवीसिंह औ अखैसिंह ।
सूरज अनुज धाइय धिंग ॥
तिनके मद्धि सिंह सुजान ।
नवग्रहजूह जैसे भान ॥
सिंह दलेलसिंह खुस्याल ।
मेदहुसिंह अजपनलाल ॥
उदभट सुभट सिंह भवान ।
वीर नाराइनौ बलवान ॥
बंके मानसिंह गुमान ।
उग्रतराम बलवँतवान ॥
बुधिबल सभाराम बिलन्द ।
ए बदनेस भूपति नन्द ॥
ऐते स्यो जवाहिर सङ्ग ।
षटमुख सहित गन ज्यौं अङ्ग ॥८॥

## दोहा ।

बेरसिंह रनजीत अरु जैतसिंह हठिसिंग ।
सिंह अनूप चंदोल किय भूप अवारि अरिङ्ग ॥९॥
उतहि अहम्मद साहि दल इत मनसूर सुजान ।
इन्द्रप्रस्थ जमुना निकट कह्यौ घोर घमसान ॥१०॥

## छन्द संजुता ।

घमसान घोर जहाँ चुक्यौ ।
तिहिं जुद्ध तैं भट ना मुक्यौ ॥

गति मन्द मन्द कयंन्द को।
सुपदाति और गयंद को॥
सुधि धारि दिल्ली कोट को।
इत दिष्टि सूरजजोट को॥
अति घोर मार जहाँ घुरो।
दसहू दिसा भए धुन्धरो॥
धरधद्धरन्धरधद्धरं।
झर झज्झरं झरझज्झंर॥
तड़ तत्तरं तड़ तत्तंर।
कड़ कक्करं कड़ कक्करं॥
घड़ घग्घरं घड़ घग्घंर।
भड़भब्भरब्भड़भब्भरं॥
सररं ररं ररर ररँरं।
ढर ररँरं ढर ररँरं॥
धर ररँरं धर ररँरं।
सर ररँरं सर ररँरं॥
खर ररँरं खर ररँरं।
फर ररँरं फर ररँरं॥
कड़ ड़ड्डडंक डडड्डडं।
सड़ डड्डडं सड़डड्डडं॥
बहु सद्द को इक सद्द है।
तम घोर धूम गरद्द है॥
जगमल्लको अंधियार सो।
रितुसीत को नीहार सो।
छुटि बान भासत भासते।
ग्रहपात जिमि आकास ते॥
मघ सर्व धूम महा लसी।
मनु काल राति कराल सी॥

सर सैकरौं सरराहटे ।
लखि ब्याल ज्वाल उछाहटे ॥
नर बाज कुञ्जर खाहटे ।
बिलपाइ मांनहु चाहटे ॥
लगि गोल गोल घराहटे ।
लखि कादरौं थरराहटे ॥
मुखमर्दकैं मरराहटे ।
भुजदण्ड होत फराहटे ॥
चहुं ओर गोलिनु की झरी ।
छुटि सारकी मनु फुलझरी ॥
करिधार कुम्भ करी फिरैं ।
पिलवान अंकुस दै भिरैं ॥
लगियौ तुरङ्गनि थरथरा ।
मधुभाम लग्गिय फरफरा ॥
इहि भांति दुहुं दल सांकरो ।
फर भूलिघोर निसा करो ॥
भुजदण्ड खण्डित उड्डियं ।
कहुं जंघ जरु गुड्डियं ॥
कहुं रुण्ड मुण्डनु झुण्ड है ।
कहुं रुण्ड है कहुं तुण्ड है ॥
लगि गोल फूटत पेट हैं ।
मनु देत काल चपेट हैं ।
मधि होत स्रोनित लाल सो ।
फुटि जात रङ्ग पखाल सो ॥
गजबाज स्रोनित यौं झरैं ।
दुति ढाकफूलन को धरैं ॥
तिहिंबार राम सुचन्दनै ।
चय इहि छंद बिलन्द नै ॥

धनुबान हत्थ सँभार कै ।
हित स्वामि को उर धार कै ॥
निज खेत जानि हरष्षियौ ।
सरधार धार बरष्षियौ ।
तबहीं सुगोली लग्गियो ।
उर फोरि श्रोनित जग्गियौ ॥
वह धीर बीर हिरङ्क तैं ।
नहिं बाग मोरिय जङ्ग तैं ॥
सत दौरि सूरतिराम नै ।
किय हल्ल जुद्ध मचावनै ॥
गुलताम गोलो सौं फुटो ।
कर को न बाग तऊ घुटो ॥
तुलसी फुट्यौ पपहेरिया ।
तिहिं जाय सुरपुर हेरया ॥
बहुतै सुभट्ट जहां फटे ।
गोलो चुटे धरनी लुटे ॥
बहु होत लोटक पोटहो ।
तउ जट्टवट्ट हटे नहीं ॥ ११ ॥

## कवित्त

श्रोनित अरघ ढारि लुत्थि जुत्थि पांवड़े दै,
दारूधूम धूपदीप रञ्जक की ज्वालिका ॥
चरबी को चन्दन पुहुप पलटूकनुकै,
अच्छत अखण्ड गोला गोलिनु की चालिका ॥
नैवेद्यमीवो साजि सहित दिलो को दल,
कामना बिचारी मनसूर पनपालिका ॥

कोटराके निकट बिकट अङ्ग जोरि सूजा,
भली बिधि पूजाके प्रसन्न कीनी कालिका ॥ १२ ॥

## छन्द त्रोटक

तिहिं औसर सिंह सुजान तनं ।
अति सिंह जवाहर रोस सनं ॥
हय हक्कि धमक्कि उठाइ रनं ।
जिमि सिंह छुवा कटि सेनवनं ॥
बरषा अहं गोलिय गोलनु की ।
गरजै बहु बानुन बोलनुकी ॥
चमके बरछा जिमि बिज्जुछटा ।
उमड़े पुरइन्द्र सुभट्ट घटा ॥
बरसा सरसार अचूकनको ।
बहु तोप जलाल बंदूकन की ॥
तित जाहिर सिंहजवाहर भौ ।
तिहिं ठाहर जुद्ध अठाहर भौ ॥
इत उत्त धमाधम धूम भई ।
कछु साहि चमू कहराय गई ॥
फुट मुण्ड अनेकन तुण्ड गिरे ।
बहु गोलनु सों गज बाज खिरे ॥
कहुं अंग उड़े गति चंगनु की ।
लखि दावहिं देह पतंगन की ॥
कहुं अंतन दंतनपांति परी ।
मनु रेसम रंगनि सूकि धरी ॥
बहु लोथिन ओनितधार झरैं ।
मनु भारथ रूप अपार धरैं ॥
अति उद्धत जुद्धत बुद्ध रयो ।
दुहुं आकुल व्याकुल लोग भयो ॥१३॥

## कवित्त

तूरानै तरेर दैं दरेरनु सौं दिल्ली दाबि,
प्रबल पठानना उड़ायौ पौन पत्ता सौ ।
कूरम राठौर हाड़ा खीचो औ खँगार राना,
बाना डारे छूटे बांधि कीनो एकबत्ता सौं ।
सूदन सपूत समिवंसअवतंस बीर ।
ताही दिल्लीपतिकौं लपेटि राख्यो गत्तासौं ।
जाहर जगत्ता है जवाहर प्रतापतत्ता,
जाके करकत्तासौं चकत्ता अख्यौ लत्ता सौं ॥१४॥

## दोहा

प्रबल अरावौ साहिकौ बिकट सहर पुठवार ।
वृथा जुद्ध करिबौ इहां होत सुभट संहार ॥१५॥
यौं समुभाइ सुजान नैं आइ जवाहर पास ।
घरी चारि दिन के रहत डेरनु कियौ निवास ॥१६॥
जो सच्छत आये सुभट तिनकौ कियो उपाय ।
जिन पायौ पंचत्तुकौं ते जमुना पहुंचाय ॥१७॥

## हरगीत छन्द

भूपाल पालक भूमिपति बदनेसनंद सुजान हैं ।
आनै दिली दलदक्खिनी कोमै महा कलिकान हैं ॥
ताको चरित्र कछूक सूदन कह्यौ छन्द बनाइकै ।
रन कोटरातट कथिय सूरज अंक द्वतिय मचाइकै ॥१८॥

---

## छन्द मंथान

सुजान मंसूर भेले भये सूर, मोच्यौ भरें ताप मंसूर यौं आप।
मेरा तुही अल्ल, कै दूसरा रब्ब, कीना जुतै काम, पाया बड़ा नाम॥
लीनो घनो जंग दिल्ली दरी दंग लूटा इता लोग छूटा नहीं रोग।
दै तोप की चोट टूटा नहीं कोट हैगो मुझे चोट कीया जिहैं खोट॥
लीजै तुझै ओट मारी दिल्लीकोट करना कछू तोहि सो भाखिये मोहिं।
मंसूर के बैन सूजा सुने ऐन, कीनी यही तंत दीनो तबै मंत॥
ऐसी तजी आपु भाख्यौ घनी तापु, लीजे चढ़ै झील कीजे नहीं ढील।
ह्यां आइ है घोर कलिंदरी ओर, तासौं कहा जोर डारे दलै बोर।
यातें उतैं मारु, कीबी हमैं सारु॥१

## दोहा।

इतमैं लूटि चुके दिली उतमैं रही अदग्ग।
ह्यां वे बाहर आइहैं तबही बाजै खग्ग॥

## छन्द हंस

सूरजबानी सो सब मानी कूंच करायौ देर न लायौ।
दुंदुभि डंके देत असंके ढोल दमामैं बाजत आमैं॥
गोमुख गज्जे तूरग रज्जे हत्थिय घोरैं पैदल घोरैं।
उच्च पताका पार न ताका यौं सु उठ्यौ ज्यौं घन सुठ्यौ॥
देत हरी वैं झोल गिरैं देवनु देखैं चौकस केकैं।
फेरि कमायौ सुरहिं आयौ सूरज बंका देत अतंका॥ २॥

## घत्ता छन्द

इसमाइल राजेन्द्र गुसाईं,
है नवाब है हरबल चंड।
ऐसवार ह्वै छुटे दिली सौं,
सहस सहस हय लै बलबंड॥

सिंह सुजान सुभट सेनापति,
सूरत गौर दयौ तिहिं सत्थ ।
हरसुखनाम द्विजनमें दीरघ,
लियैं भुसण्डी सेनतु हत्थ ॥
उततैं आइ साहि अहमद भट,
कप्पिय कुप्पि अरावौ तत्थ ।
लागनि लगी परस्पर गोलनि,
गोलौ गोल गहथ लथ पत्थ ॥
हय हंकत संकत नहिं हंकत,
पाखौं करत दिलौ तट दौर ।
आयुध सजैं बजैं बहु डंका,
सुरपतिपुर पारौ अति रौर ॥ ४ ॥

## छन्द उद्धत

दुहुं ओर बन्दूक जहँ चलत बेचूक,
रव होत धुंधूक किलकार कहुं कूक ।
कहुं धनुष टंकार जिहिबान झंकार,
भट देत हक्कार सङ्कार मुंह सूक ॥
कहुं देखि दपटंत गज बाज झपटंत,
अरिव्यूह लपटंत रपटंत कहुं चूक ।
समसेर सटकंत सरसेल फटकंत,
कहुं जात हटकंत लटकंत लगि झूक ॥ ५ ॥
हुव जाम जब दोर दुहुं रुद्र रस मोर,
हमि सुब जहं होर उहिं कोइ अहुटंत ।
उत साहि दल जोर किय सख्ख झर घोर,
दिय रत्त रस बोर बहु ओर खुहटंत ॥
तब गौर समरत्थ सूरत्ति इक सत्थ,
राजेन्द्रगिरि तत्थ बढ़ हत्थ घुहठंत ।

लिय जंग गहि संग बहु अंग रन रंग,
जहां होत भट भंग उतमंग लुहटंत ॥ ६ ॥

छप्पय ।

तिहिं फर मंडल बीच परिय गोलिय झरझर झर ।
तहं फुट्टिय कर गौर श्रौन छुट्टिय छत छर छर ।
तउ न चलिय धीरि बीर अग्गहिं हय हंकिय ।
तत्थहिं हरसुख विप्र छिप्र धाइय अनसंकिय ।
तबही अचान राजेन्द्रगिरि लगि गोली ततनैं कुट्यौ ।
बहु सूर समर मधि स्वामिहित परमहंसगतिकौं जुट्यौ ॥७॥

दोहा

मरयौ सुन्यौ राजेन्द्रगिरि मन वजीर दुख पाइ ।
जुद्ध भूमि तैं सुभट सब डेरनु लिए बुलाइ ॥ ८ ॥

वसंततिलका

अत्यन्त शोक मनसूरहिं चित्त छायौ ।
राजेन्द्र आजु फर मंडल काम आयौ ॥
त्यौं ही नवाब उमराउगिरै बुलायौ ।
दैकैं गयंद सिर पाउ गदी लसायौ ॥९॥

दोहा

थपि गद्दी राजेन्द्र की गिरि उमराउ अनूप ।
विदा किए फिरि जुद्ध कौं इक तैं दोइ सरूप ॥ १०॥

छन्द तोमर ।

तब सूरसिंह सुजान ।
बकसी महा बलवान ॥
कुलगौर गोकुलराम ।
चित चाहिकैं संग्राम ॥

लखि भ्रात घायल हत्थ।
 हुव क्रोध के बस तत्थ॥
चढ़ियौं अनीक सजाइ।
 गहरी निसान बजाइ॥
लहि हुकुमसिंह सुजान।
 रन कौं चल्यो बलवान॥
पहुंच्यौं दिलीतट धाइ।
 दिय धूम धाम मचाइ॥
उत साहि सैंन सं घट्ट।
 गहि ओट तोप गरट्ट॥
इत जट्ट ठट्ट गरट्ट।
 किय घोर सैन झपट्ट॥
परछैत हैत धवान।
 करि लावदार इवाम॥
कछु सिंधि वान कमान।
 धरि मुट्ठि हत्थ क्रपान॥
इत उत्त चाहि अभीत।
 हित स्वाम प्रीत प्रतीत॥
तहां आइयो भट साहि।
 भुव बाढ़ि कै समुहाहि॥
धरि अग्र स्याम निसान।
 कवची कितेक जवान॥
कितने कि भालनबंद।
 करहौं हयंदनिछंद॥
बरछी अनेकन सांग।
 समसेर सिप्पर आंग॥
बढ़िपो सुखेत सओज।
 चढ़ियो क्रुमैत निवोज॥

लखियै सु बकसी बीर ।
जुव रोष के बस धीर ॥
कहियौ सुभट्टनु टेर ।
रन लेउ छोहि न फेर ॥ ११ ॥

### छन्द गंगोदक

यौं कह्यो गोकुला दौकुला सुत सो
मो बला सूर सामंत सौं ना धरो ।
देखि दिल्लीदलै दोह डंकानु दै
दौर कीनी बलो देत सक्कों झरी ।
आपनै आपनै बाज तत्ते किये
नैन राते मनौ भानको भाभरी ।
टाप ठन्नाहटे होत फन्ना फटे
गोलियौं आहटे रंजकों की झरी ॥ १२ ॥
चंड को दंड सौं बान संधैं किते ।
सेल सम्हारि कें सांग ओजें भटा ।
काढ़ि समसेर कौं बीर धाये घने,
धूमधाराधरैं बिज्जु की सो छटा ॥
धव्वरा धव्वरी बहरा से गजैं ।
लेउ रे लेउ दाऊह के बीरटा ।
मास आसाढ़ को आपगा सी बढ़ी,
सूर सैना धई तोरि दिल्लीसटा ॥१३॥
धाइ जुट्टे बली देह फुट्टे किये,
कोइ लुट्टे मही बाज चुट्टे जही ।
गौर को दौर को रौर भारी परी
मारि गोलीनु सौं साहि सेना दही
बान कम्मान दम्मान देती भए
सेल समसेर की चोट नाहीं बही ।

अट्ट ठट्ठौं सही जित्तिकित्ती लही
दिट्ठि दिल्लीदलौं राम्हदिल्ली गही ॥१४
फेरि पाछैं लग्यो देखि बैरी भग्यो
सेल सांगी खग्यौ गौर नै भ्रौर कौ
हांकि बाजो धणी कोह कै उम्मयौ
सिंह रूपै भयौ मृग यै टौर कौ।
चाहि बैंक मुरे टे दबानो जुरे
धम्म धम्मा घुरे चोर ज्यौं गौर कौ।
लागि गोली गिर्‌यौ गोकुला ज्यौं खिर्‌यौ।
प्रान नाहीं घिर्‌यौ स्वर्ग मैं ठौर कौ ॥१५॥

## दोहा

लगत भुसंडी मर्मछत गौर कही यह बात।
छाती भांजि फूटि गौ थंभो न बैरी जात ॥ १६ ॥
बकसी कौ ऐसो बचन मेघराज रनधीर
गौर उठाइ हयंद ते धर्‌यौ गयंद सरीर ॥ १७ ॥

## छंद गीतिका

इहि छे उपाइ दिलीसकै नहिं आत वार न लग्गहीं।
गज बाज पैदल छोड़ि कैं यल जुद्ध ते भल भग्गहीं ॥
पुनि धाइ सूरजके सुभट्टनु दिक्खि गोकुलराम कौं।
रन भूमि तें धरि लै चले गज पाइ दुःख उदाम कौं ॥
सुनि सिंहसूरज ता घरो रन जिप्ति बकसी जुज्झियो।
मन लै उसास उदास हूतहिं फेरि बात न बुज्झियो ॥
पुनि गौर कौं बर ठौर भेजिय सब्ब सूरन सत्थ दै।
गति धाइ कैं परलोक कौ रविलोक कौ विधि हत्थ दै ॥
ढिंग धाइ सूरजमल्ल के मनसूर नै तब यौं कही।
धब कूचही करना सही इस खेत मैं न वफा सही ॥

नहिं चून चीव सबील हो तसदीह सबही को सही ।
न हरीफ बाहर आवते जिस वासतैं तुम ने गही ॥
मत मानिकैं मनसूर को बदनेसनंद कबूलकैं ।
तिहिं बार कूंच कराइयौ सुचिराक दिल्लो कूलकैं ॥
करि एक दोय मुकाम दोउनि फेरि कैं तिलपत्ति लौ ।
तहं ईत बड्ढिय मेघ चड्ढिय फेरि जंग सुमित्तिलौ ॥१८॥

## उझाला छन्द

यह खबर गाजदीखान यै माहि जिहानाबाद हुव ।
मनसूर सहित सूरज बलो उलटि गए तिलपत्ति ध्रुव ॥१९॥

## छन्द नौसानी

पोता मुलक निजामदा सुनि एहो गल्लां ।
हुकुम मांगिया साहि सैं हुण अग्गैं चल्लां ॥
फुरमाया पतिसाहि जी अच्छी दिलजोई ।
अग्गा अराबा ले चढ़ो हरवल्ल करि कोई ॥
करि सलाम रुखसद हुआ गज्जु हीं आया ।
संग पठान रुहेल लै पुर हो तट छाया ॥
तद गाजहो खान जी दंती मति ल्याया ।
अग्गों गढ़ीमि दान दी रुहेल पठाया ॥
हुकम गाजदीखानदा रुहेलौं पाया ।
हैदल पैदल सत्थ लै तदहो चढ़ि धाया ॥
एहो फौज रुहेल दी फर रूप लखाया ।
कालअमम करि कोह नू काबिल सैं धाया ॥
यह संदेश सूरज बलो तिलपति मैं सुना ।
हरषि उठा सब अंग मैं रन काजैं दुना ॥
अधो निसा गई जबै बलिराम बुलाया ।
बलवासा दुरजनैं आगैं भिजवाया ॥

कूरमसिंह प्रताप भी अरु गोकुलसैंगा।
सैंगर ठाकुरदास और हर नागर पैंगा॥
मौंहन हरसुख स्यामसिंह हरिवल स्यौंसिंगा।
सूरतिराम कटारिया अरु धौंकलधिंगा॥
हरनाराइन पाखरा सुखराम प्रसंका।
राजा गूजर भरथसिंह चढ़िया दै डंका॥
सबै जवाहर सिंह दे भट सूरज भेजे।
सेल सांग बंदूक सर हत्यौं धरि नेजे॥
इत्यौ सुभट चढ़ाइया सूरज बिन डंका।
धरी चारि पीछू चल्यो आपुन अनसंका॥
देखि गढ़ी मैदान दौ बैरी दल दिट्ठा।
जंग बिचारन लग्गिए चढ़ि बाजिन पिट्ठा॥
तिस वेलां सूरज चलौ करिकैं धकपेला।
उत्थौंहो बहु सूरलै हूंवा भट भेला॥२०॥

## दोहा

निरषि रुहेले की चमू औसुजान किय क्रुद्ध।
दुष्ट दिष्ट आए भलैं कह्यौ चाहि चित जुद्ध॥२१॥
देव देव हरिदेव को जाइ दुहाई लच्छ।
जो विपच्छ नहिं तच्छ है गच्छत सच्छत अच्छ॥२२॥

## छन्द त्रिभंगी

सुनि सूरजवानी रिस लपटानी
धरनि सिहानी भूख भरी।
पलकै आहारी ललकै भारी
अम्बरचारी भीर करी।
गिरि धूरिजटी के जुद्ध जुटीके,
मद छुटी के तीर परी।

मारू सुर लीना आवज बीना
नृत्यहि कीना तेह घरी ॥२३॥

## दोहा

तेह घरी अस करकरो सूरज परगन चाहि।
